RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 329
नई दिल्ली, सोमवार, 10 अक्टूबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




अय्यर का शतक भारत सात विकेट से जीता
स्पोर्ट्स-12

# आप के मिशन गुजरात में बाधा बन रहे मंत्री गौतम का इस्तीफा

- देवी-देवताओं को न मानने की शपथ पर विवादों में घिरे केजरीवाल के मंत्री राजेंद्र पाल
- गुजरात में केजरीवाल को हिंदू विरोधी दर्शाते पोस्टर, बैनर व होर्डिंग लगने से हरकत में आई आप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आम** आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली में मंत्री राजेंद्र पाल गौतम के देवी-देवताओं को न मानने की शपथ को लेकर उठा बवाल चुनावी राज्य गुजरात पहुंच गया है, जहां मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को हिंदू विरोधी दर्शाते पोस्टर, बैनर और होर्डिंग की बाढ़ आ गई है।

विधानसभा चुनाव में नुकसान के डर से गौतम ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। धर्मांतरण कार्यक्रम में शामिल होकर गौतम ने बड़ा विवाद खड़ा कर दिया, जहां बौद्ध धर्म की



शपथ लेने वालों द्वारा हिंदू देवी-देवताओं की कथित तौर पर निंदा की गई थी। गौतम ने 9 अक्टूबर को दो पन्नों के पत्र में अपने इस्तीफे और इसके पीछे के कारणों का विवरण साझा किया। गौतम दिल्ली के सामाजिक कल्याण, सहयोग, एससी/एसटी कल्याण और गुरुद्वारा चुनाव मंत्री थे।

इस धर्मांतरण कार्यक्रम के बाद उठे विवाद ने आगामी गुजरात और हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों से पहले आप और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बैकफुट पर ला दिया। भाजपा ने गौतम के कथित हिंदू विरोधी रुख के लिए उनकी कड़ी आलोचना की और आप को हिंदुओं से नफरत करने वाली पार्टी करार दिया। यह केजरीवाल के लिए बड़ी शर्मिंदगी की स्थिति थी, जो गुजरात में जय श्री राम गा रहे हैं और परोक्ष रूप से खुद को भगवान कृष्ण का अवतार बताते हुए कहते हैं कि उनका जन्म जन्माष्टमी, भगवान कृष्ण के जन्मदिन पर ( शेष पेज 8 )

## सूर्य मंदिर के बाद अब सौर ऊर्जा के लिए जाना जाएगा मोढेरा: मोदी

- प्रधानमंत्री ने किया उद्घाटन, गुजरात के मेहसाणा का गांव पूरी तरह सोलर पावर पर है निर्भर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को पूरी तरह से सौर ऊर्जा से संचालित मेहसाणा के गांव मोढेरा का उद्घाटन किया। यह देश का पहला गांव है जो पूरी तरह से सौर ऊर्जा पर निर्भर है। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे रोजगार बढ़ेगा, पर्यावरण में बड़ा परिवर्तन आएगा तथा यह क्षेत्र टूरिस्ट हब बनेगा।

प्रधानमंत्री इस समय चुनावी राज्य गुजरात के दौरे पर है। इस परियोजना की कुल लागत 3,900 करोड़ रुपये है। मोदी ने कहा नरेंद्र (मोदी) तथा भूपेंद्र (पटेल) के साथ गुजरात के साथ डबल इंजन की सरकार तीव्र विकास का वादा है। इस मौके पर उन्होंने मोढेरा को सातों दिन 24 घंटे सौर ऊर्जा आपूर्ति वाला गांव घोषित किया।

यहां आयोजित रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि मोढेरा को सूर्य मंदिर के लिए जाना जाता था और अब इसे सौर ऊर्जा आपूर्ति के लिए भी जाना जाएगा। सरकारी विज्ञप्ति के मुताबिक मोढेरा देश का पहला गांव है जहां पर 24 घंटे सौर ऊर्जा की आपूर्ति हो रही है और यह बिजली यहां के 1300 आवासों और सरकारी कार्यालयों पर लगे सोलर पैनल से उत्पादित हो रही है।



मेहसाणा के मेधेश्वरी देवी मंदिर में पूजा करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

नाइट लाइफ को बढ़ावा

# दिल्ली में 300 से अधिक कंपनियां 24 घंटे चलेंगी

- उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दी मंजूरी, ऑनलाइन खरीदारी से लेकर रेस्तरां, परिवहन सुविधाएं तक शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राजधानी** दिल्ली में रात में भी डिनर और शॉपिंग से लेकर बेखटके आवाजाही की जा सकेगी। शहर की नाइट लाइफ को बढ़ावा देने के लिए उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने ऑनलाइन खरीदारी और डिलीवरी दुकानों, होटल, रेस्तरां तथा परिवहन सुविधाओं समेत 300 से अधिक प्रतिष्ठानों को चौबीसों घंटे संचालित करने की अनुमति दे दी है।

इनमें बीपीओ (बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग) और केपीओ (नॉलेज प्रोसेस आउटसोर्सिंग) जैसी सेवाओं को रात में काम करने की इजाजत नहीं दी गई है। दिवाली से पहले सक्सेना ने दिल्ली शॉप्स एंड एस्टैब्लिशमेंट एक्ट, 1954 के तहत 314 ऐसे प्रतिष्ठानों को छूट देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, उनमें से कुछ के आवेदन 2016 से लंबित थे। एलजी ने अधिकारियों को सात दिनों के भीतर इस आशय की अधिसूचना जारी करने का भी निर्देश दिया। सूत्रों ने कहा कि दिल्ली शॉप्स एंड



एस्टैब्लिशमेंट एक्ट, 1954 की धारा 14, 15 और 16 के तहत प्रतिष्ठानों को चौबीस घंटे खुलने की छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। इससे रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा और सकारात्मक एवं अनुकूल कारोबारी माहौल को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इससे नगर में आर्थिक विकास तेज होगा।

राज निवास के अनुसार, यह निर्णय शहर में बहुप्रतीक्षित नाइटलाइफ को भी बढ़ावा देगा। अधिनियम की धारा 14, 15 और 16 के तहत दी गई छूट वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को कुछ शर्तों के साथ 24 घंटे संचालित करने में सक्षम बनाती है। इन शर्तों में श्रमिकों की सुरक्षा एवं कल्याण जैसे मुद्दे शामिल हैं। सक्सेना ने रात में कारोबारी प्रतिष्ठान खुलने की छूट मांगने के लिए फर्मों द्वारा किए गए आवेदनों के निपटान में श्रम विभाग की ओर से अत्यधिक देरी समेत अन्य मुद्दों को बहुत गंभीरता से लिया। सक्सेना ने कहा कि कुल 346 लंबित आवेदनों में से, 2016 से 18, 2017 से 26, 2018 से 83, 2019 से 25, 2020 से 4 और 2021 से 74 आवेदन समय पर श्रम विभाग पास नहीं किए गए। इन आवेदनों को बिना किसी कारण लटकाए रखा गया। यहां तक कि केवल दो आवेदनों को एक 2017 और दूसरा 2021 में संसाधित और अनुमोदन के लिए भेजा गया था, श्रम विभाग की ओर से अस्पष्ट दृष्टिकोण अपनाने के कारण यह देरी हुई। उपराज्यपाल ने कहा कि यह श्रम विभाग की ओर से पूरी तरह से अव्यवसायिक रवैया है।

आवेदनों को संसाधित करने में विभाग ने जो हाथ लगा, पास कर दिया (पिक एंड चॉइस पॉलिसी) की नीति अपनाई। उन्होंने कहा कि इस तरह की व्यवस्था से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है। एलजी ने कहा कि श्रम विभाग से ऑनलाइन आवेदन मंगाने की व्यवस्था शुरू करने का अनुरोध किया गया, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि सक्सेना ने सख्त सलाह दी है कि इस तरह के आवेदनों को एक निर्धारित समय सीमा के भीतर ही निपटाया जाए, ताकि निवेशकों के अनुकूल कारोबारी माहौल और दिल्ली के उद्यमियों और व्यापारिक समुदाय में बड़े पैमाने पर सकारात्मक विश्वास पैदा किया जा सके। सक्सेना ने श्रम ( शेष पेज 8 )

# दिल्ली में गूंजे नफरत भरे बोल

- जगद्गुरु आचार्य योगेश्वर ने बचाव में लोगों से कानून हाथ में लेने को कहा
- भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा ने कही समुदाय विशेष के बहिष्कार की बात

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की विराट हिंदू सभा के नाम से आयोजित रैली नफरती भाषणों के अखाड़े में तब्दील हो गई, जहां जगद्गुरु आचार्य योगेश्वर ने खुले तौर पर लोगों से कानून अपने हाथ में लेने के लिए कहा और ऐसे लोगों के हाथ एवं गर्दन काटने का आह्वान किया जो उन पर हमला करें।

वहीं महंत नवल किशोर दास ने भी हिंदुओं को धर्म की रक्षा के लिए खुलेआम बंदूक उठाने की सलाह दी।




इस कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने विवादित बयानों पर कोई आपत्ति नहीं जताई। अपने भाषण में उन्होंने एक समुदाय का संपूर्ण बहिष्कार करने का आह्वान किया।

इस बीच, पुलिस ने कहा कि उन्हें अभी तक इस संबंध में कोई शिकायत नहीं मिली है। पूर्वोत्तर दिल्ली के सुंदर नगरी में तीन लोगों द्वारा 25 वर्षीय युवक की निर्मम हत्या के विरोध में यहां रविवार को विराट हिंदू सभा (जन आक्रोश रैली) का आयोजन किया गया था। रैली को संबोधित करते हुए आचार्य योगेश्वर ने कहा कि जरूरत पड़ने पर उनके हाथ काट और सिर काट दो।

ज्यादा से ज्यादा जेल जाओगे, लेकिन इन तत्वों को सबक सिखाने का समय आ गया है। इन लोगों को चुन-चुन कर मारो। उन्होंने कहा कि जिहादियों के कारण हिंदू इस खूबसूरत शहर से पलायन करने लगे हैं। इस अवसर पर महंत नवल किशोर दास ने कहा कि अब हथियार और शास्त्रों को एक साथ लेने का समय आ गया है। हथियार चाहे लाइसेंसी हो ( शेष पेज 8 )

# गुरुग्राम में छह बच्चे तालाब में डूबे

- सभी की उम्र आठ से 13 साल के बीच, मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवारों को दो-दो लाख रुपये देने की घोषणा की

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**यहां** के बजघेड़ा गांव के पास रविवार शाम बरसाती तालाब में छह बच्चों की डूबने से मौत हो गई। मृतक सभी बच्चों की उम्र आठ से 13 साल के बीच बताई जा रही है। शंकर विहार के निवासी बच्चे यहां नहाने आए थे। घटना पर दुख जताते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पीड़ित परिवार को दो-दो लाख रुपये देने का मुआवजे की घोषणा की है। करीब चार घंटे राहत बचाव अभियान सभी छह बच्चों के शव को निकाला गया।

मृतक बच्चों की पहचान पीयूष, देवा, अजीत, राहुल, दुर्गेश और वरुण के रूप में हुई है। पुलिस ने बच्चों का पोस्टमॉर्टम के लिए शव को भेज दिया है। रविवार शाम चार बजे के लगभग शंकर विहार कॉलोनी से सात बच्चे, जिनकी उम्र लगभग आठ साल से 13 साल थी, वो बजघेड़ा गांव के पास बरसाती तालाब में नहाने गए थे। इस दौरान छह बच्चे कपड़े उतार कर तालाब में नहाने गए, जबकि एक बच्चा नहाने नहीं गया। साथियों को डूबता हुआ देखकर वो बच्चा चिल्लाते हुए पास में खड़े गार्ड के पास गया और घटना की सूचना दी। उसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस और दमकल विभाग की टीमों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस को तालाब के पास छह बच्चों के कपड़े और चप्पलें मिलीं।

दमकल विभाग ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद 11 साल के देवा के शव को बाहर निकाला। रात सवा आठ बजे छह बच्चों के शवों को बाहर निकाला गया। मृतक 11 वर्षीय देवा के चाचा सरजीत ने बताया कि उनका भतीजा देवा छह साथियों के साथ दोपहर लगभग सवा तीन बजे घर से बाहर खेलने गया था। सभी बच्चे पास में ही बरसात के पानी से बने तालाब में खेलने गए। जहां पानी की गहराई का अंदाजा नहीं होने से संभवत: वो सभी मिट्टी में फंस गए। जिससे ये ( शेष पेज 8 )

## डीएनए नमूने का मिलान न होने से आरोपी निरपराध साबित नहीं होगा : कोर्ट

**बेंगलुरू ( भाषा )।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कहा है कि डीएनए नमूने का मिलान नहीं होने से आरोपी निरपराध साबित नहीं हो जाएगा क्योंकि यह केवल सहायक साक्ष्य है। अदालत ने 43 वर्षीय उस बस कंडक्टर की याचिका खारिज कर दी, जिस पर 12 वर्षीय एक रिश्तेदार के साथ बलात्कार करने और उसे गर्भवती कर देने का आरोप है। डीएनए जांच से इस बात का पता चलने के बाद कि उसके (कंडक्टर के) रक्त का नमूना और भ्रूण के रक्त मिलान नहीं होने पर, आरोपी ने अपने खिलाफ दर्ज मामले को रद्द करने का अनुरोध करते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। आरोपी मैसूर का रहने वाला है। उसे यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत आरोपित किया गया है। पीड़िता की मां ने 19 फरवरी 2021 को एक शिकायत दर्ज कराई थी। बस कंडक्टर पर आरोप है कि उसने बच्ची का यौन शोषण किया, जिससे वह ( शेष पेज 8 )

# चेक बाउंस मामलों से निपटने की हो रही तैयारी




- वित्त मंत्रालय चेक जारी करने वाले के अन्य खातों से पैसा काटने और नए खाते खोलने पर रोक लगाने जैसे कदमों पर कर रहा विचार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**चेक** बाउंस के मामलों से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए वित्त मंत्रालय चेक जारी करने वाले के अन्य खातों से पैसा काटने और ऐसे मामलों में नए खाते खोलने पर रोक लगाने जैसे कई कदमों पर विचार कर रहा है। चेक बाउंस के बढ़ते मामलों को देखते हुए मंत्रालय ने हाल में एक उच्चस्तरीय बैठक बुलाई थी, जिसमें इस तरह के कई सुझाव प्राप्त हुए हैं।

दरअसल, ऐसे मामलों से कानूनी प्रणाली पर भार बढ़ता है। इसलिए कुछ ऐसे सुझाव दिए गए हैं जिनमें कुछ कदम कानूनी प्रक्रिया से पहले उठाने होंगे मसलन चेक जारी करने वाले के खाते में पर्याप्त पैसा नहीं है तो उसके अन्य खातों से राशि काट लेना। सूत्रों ने बताया कि अन्य सुझावों में चेक बाउंस के मामले को कर्ज चूक की तरह लेना और इसकी जानकारी ऋण सूचना कंपनियों को देना शामिल है जिससे कि व्यक्ति के अंक कम किए जा सके।

उन्होंने कहा कि इन सुझावों को स्वीकार करने से पहले कानूनी राय ली जाएगी। ये सुझाव अमल में आते हैं। तो भुगतानकर्ता को चेक का भुगतान करने पर मजबूर होना पड़ेगा और मामले को अदालत तक ले जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे कारोबारी सुगमता बढ़ेगी ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,191 | |
| निफ्टी | 17,314 | |
| सोना | 52,300 | /10g |
| चांदी | 62,022 | /kg |

## क्विक न्यूज

### बीएसएफ की गोलीबारी से बांग्लादेशी तस्कर ढेर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में नादिया जिले की बिष्णुपुर सीमा चौकी पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा आत्मरक्षार्थ सशस्त्र मवेशी तस्करों के गिरोह पर की गई गोलीबारी में एक बांग्लादेशी तस्कर की मौत हो गई। बीएसएफ ने बताया कि शनिवार रात को गश्त कर रहे जवानों ने सीमा के समीप कुछ तस्करों को रोका, तब 15-20 बांग्लादेशी तस्करों ने उन्हे घेर लिया एवं धारदार हथियारों एवं लाठी-डंडो से उन पर हमला कर दिया। बांग्लादेशियों को मवेशियो की बांग्लादेश मे तस्करी करने के लिए भारत की ओर से एक गिरोह साथ दे रहा था। तस्करों को डराने के लिए जवानों ने पहले हवा मे गोलियां चलाई लेकिन जब गिरोह का हमला जारी रहा तब एक जवान ने दूसरी गोली चला दी जिससे एक तस्करी गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी बाद मे मौत हो गई।

# उद्धव ने चुनाव चिह्न के तीन विकल्प सुझाए

- इसमें त्रिशूल, उगता सूरज या मशाल है शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**शिवसेना** नेता उद्धव ठाकरे ने रविवार को निर्वाचन आयोग से अपील की कि वह उनके नेतृत्व वाले धड़े द्वारा सुझाए गए तीन चुनाव चिह्न और नाम में से एक पर जल्द अंतिम निर्णय ले। उन्होंने कहा कि उनके खेमे ने निर्वाचन आयोग को अपने चुनाव चिह्न के लिए त्रिशूल, उगता सूरज या मशाल के रूप में तीन विकल्प सुझाए हैं। तीन नवंबर को अंधेरी ईस्ट विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के मद्देनजर ठाकरे ने आयोग से यह अपील की है।

निर्वाचन आयोग ने अंधेरी ईस्ट विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में शिवसेना के उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे नीत दोनों गुटों के पार्टी के नाम और चुनाव चिह्न का उपयोग करने पर शनिवार को पाबंदी लगा दी थी। रविवार को ऑनलाइन



संबोधन में ठाकरे ने आयोग के इस कदम को अन्याय करार दिया। ठाकरे ने कहा, मैं निर्वाचन आयोग से मेरी पार्टी के लिए जल्द से जल्द एक चुनाव चिह्न और नाम को अंतिम रूप देने की अपील करता हूं क्योंकि हमें लोगों के पास जाना है और उपचुनाव का सामना करना है। मैं आयोग के फैसले से स्तब्ध हूं, लेकिन मेरा विश्वास नहीं डगमगाया है और शिवसेना समर्थकों पर भी मेरा भरोसा कायम है। पार्टी के दोनों गुटों द्वारा नाम और चुनाव चिन्ह पर दावा किए जाने की पृष्ठभूमि में एक अंतरिम आदेश जारी कर निर्वाचन आयोग ने दोनों से कहा था कि वे सोमवार तक अपनी-अपनी पार्टी के लिए तीन-तीन नए नाम और चुनाव चिन्ह सुझाएं। आयोग दोनों गुटों द्वारा सुझाए गए नामों और चुनाव चिह्नों में से उन्हें किसी एक का उपयोग करने की अनुमति देगा।

उद्धव ठाकरे ने कहा कि उनके खेमे ने आयोग की अनुमति प्राप्त करने के लिए तीन नाम सुझाए हैं, जिनमें शिवसेना बालासाहेब ठाकरे, शिव सेना बालासाहेब प्रबोधनकर ठाकरे और शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे शामिल है। प्रबोधंकर ठाकरे, उद्धव ठाकरे के दिवंगत दादा थे, जो एक समाज सुधारक और 1950 के दशक में संयुक्त महाराष्ट्र आंदोलन के अगुवा नेताओं में शामिल थे। उद्धव ठाकरे ने अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के आपातकाल लागू करने ( शेष पेज 8 )

# बढ़ सकता है जेपी नड्डा का कार्यकाल

- भारतीय जनता पार्टी की नजर लोकसभा चुनाव पर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भाजपा** अध्यक्ष जे.पी. नड्डा को कम से कम 2024 के लोकसभा चुनाव तक इस पद पर बरकरार रखा जा सकता है, क्योंकि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को लगता है कि संगठन में निरंतरता रखने से उसे आम चुनाव से पहले, आगामी महीनों में होने वाले प्रमुख विधानसभा चुनावों में मदद मिल सकती है।

नड्डा का तीन साल का कार्यकाल अगले साल जनवरी में समाप्त हो जाएगा। सूत्रों के अनुसार भाजपा की सर्वोच्च संस्था संसदीय बोर्ड उससे पहले उनका कार्यकाल बढ़ाने का समर्थन कर सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा की राज्य




इकाइयों में संगठनात्मक चुनाव अभी शुरू नहीं हुए हैं, इसलिए यह स्पष्ट है कि नड्डा इस पद पर बने रहेंगे। पार्टी के नियमों के अनुसार, राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले इसकी कम से कम आधी राज्य इकाइयों में संगठनात्मक चुनाव होने चाहिए।

नड्डा के पूर्ववर्ती अमित शाह को भी कार्यकाल विस्तार मिला था, क्योंकि पार्टी चाहती थी कि वह 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान पद पर बने रहें। साल 2019 में संसदीय चुनाव समाप्त होने के बाद एक बार फिर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनी। इस सरकार में अमित शाह केंद्रीय गृह मंत्री बने, जिसके बाद संगठनात्मक चुनाव हुए और नड्डा को निर्विरोध पार्टी अध्यक्ष चुन लिया गया। हिमाचल प्रदेश से संबंध रखने वाले नड्डा (61) मोदी के विश्वासपात्र माने जाते हैं और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नेताओं के साथ भी उनके मधुर संबंध हैं। ऐसा माना जाता है कि नड्डा ने भाजपा में उस संगठनात्मक गति और गतिशीलता को बनाए रखा है जो उन्हें उनके पूर्ववर्ती से विरासत में मिली थी। भाजपा के सूत्रों ने कहा कि नड्डा को पार्टी के विस्तार के लिए समन्वय और रणनीतियों को लागू करने का श्रेय दिया जाता है।

गौरतलब है कि इस वर्ष के अंत में अथवा अगले वर्ष गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इन चुनावों को 2024 के लोकसभा चुनाव से पूर्व काफी अहम माना जा रहा है। भाजपा ने नड्डा के नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण चुनावी सफलताएं हासिल की हैं, जिसमें उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे राज्यों में सत्ता बरकरार रखना और बिहार में प्रभावशाली प्रदर्शन करना शामिल है। हालांकि, उनके नेतृत्व में पार्टी को पिछले साल पश्चिम बंगाल में हार का सामना करना पड़ा था।

# पीईटी परीक्षा के लिए चलाई जाएंगी 280 बसें

## परिचालन देखने के लिए गाजियाबाद डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक नोडल अधिकारी नियुक्त

● 15 अक्टूबर को करीब 82 हजार छात्र परीक्षा देने शहर में आएंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

आगामी 15 और 16 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) कराई जाएगी। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम यूपीएसआरटीसी की ओर से गाजियाबाद में 280 बसें चलाई जाएंगी। इससे परीक्षार्थियों को सुविधा मिलेगी। परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे और दोपहर तीन से पांच बजे तक परीक्षा है।

यूपीएसआरटीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक एके सिंह ने बताया कि गाजियाबाद में 82 हजार, नौ सौ 82 परीक्षार्थी सहारनपुर, मुजफ्फ रनगर, शामली और अमरोहा से आएंगे। परीक्षा 15 और 16 अक्टूबर को सुबह 10 से दोपहर 12 और दोपहर तीन से पांच बजे तक है। 15 अक्टूबर को सुबह के परीक्षार्थी 14 अक्टूबर को ही गाजियाबाद पहुंचेंगे। उपरोक्त जिलों से ट्रेन के जरिए गाजियाबाद आने जाने का विकल्प है। ऐसे में उम्मीद है की 37 प्रतिशत परीक्षार्थी बस में सफर करेंगे। एके सिंह ने बताया कि शासन से प्राप्त जानकारी के मुताबिक गाजियाबाद से 32 हजार चार सौ 52 परीक्षार्थी मुजफ्फ रनगर, मुरादाबाद और अमरोहा आएंगे।




परीक्षा के लिए बसों के संचालन हेतु गाजियाबाद डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक एआरएम को नोडल अधिकार नियुक्त किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश पर यूपीएसआरटीसी की ओर से बसों के संचालन की व्यवस्था की गई है। दीपावली पर घर जाने वाले लोगों को ट्रेन में सीटें नहीं मिल पा रही है।

ऐसे में यूपीएसआरटीसी की ओर से अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा। क्षेत्रीय प्रबंधक एके सिंह का कहना है कि उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड के विभिन्न जिलों के लिए अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाना है। उम्मीद है कि 18 अक्टूबर से लोग घर के लिए निकलने लगेंगे। 24 अक्टूबर को दीपावली है। परिवहन विभाग के अलावा जिला प्रशासन भी परीक्षाके लिए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अलर्ट पर है।

# ठंडे बस्ते में पड़ी ग्रेटर नोएडा नाइट सफारी योजना पर फिर काम शुरू

● हैदरपुर वैटलैंड, हस्तिनापुर सेंचुरी व नोएडा-ग्रेनो पर फोकसः राज्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा में नाइट सफारी की कवायद एक बार फिर शुरू हुई है। इसे लखनऊ की तर्ज पर बनाया बनाने की तैयारी है। इसके साथ ही हस्तिनापुर में जलीय और जंगल सफारी का लुफ्त भी पर्यटक उठा सकेंगे। दोनों का प्रस्ताव तैयार कर वन मुख्यालय भेजा जाएगा। जल्द ही मुजफ्फ रनगर.बिजनौर की सीमा पर स्थित हैदरपुर वेटलैंड और हस्तिनापुर ईको टूरिज्म का नया केंद्र बनेगा।

वन निगम और पर्यटन विभाग के सहयोग से वन विभाग हस्तिनापुर सेंचुरी में नया कदम बढ़ाने जा रहे है। हैदरपुर वेटलैंड में पर्यटन विकास के लिए कई कार्य प्रस्तावित कर दिए हैं, साथ ही हस्तिनापुर में जलीय और जंगल सफारी शुरू कराने की तैयारी है। जैसे ही बोट उपलब्ध होंगी, इसके साथ हस्तिनापुर गंगा में वन विभाग जलीय सफारी शुरू करा देगा।

नोएडा और ग्रेटर नोएडा को लेकर भी वन विभाग मुख्यालय अधिकारी नए सिरे से योजना तैयार कर रहे हैं। ग्रेनो प्राधिकरण ने सपा शासनकाल में मुर्शीदपुर में नाइट सफारी का प्रस्ताव तैयार किया था। इसको मूर्त रूप देने के लिए सलाहकार कंपनी का चयन किया गया था। इसकी डीपीआर बनाई गई थी।

हालांकि यह प्रस्ताव सिरे नहीं चढ़ पाया। फिलहाल इस पर कोई कार्रवाई अभी नहीं हो रही है। जिस जमीन पर नाइट सफारी का प्रस्ताव तैयार किया गया था, वह वन विभाग की है। यह साइट यमुना एक्सप्रेसवे के नजदीक है। बेहतर लोकेशन होने के चलते यहां पर नाइट सफारी प्रस्तावित की गई थी।

अतंरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुके ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे नाइट सफारी की योजना बनाई गई थी। मुरशदपुर के पास 220 एकड़ जमीन में 678 करोड़ रुपये के खर्च से नाइट सफारी का निर्माण होना है। 20 अगस्त 2013 में यूपी कैबिनेट से भी प्रस्ताव पास हो गया था।

डिजाइन तैयार होने के बाद भी यह परियोजना अभी तक ठंडे बस्ते में है। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री केपी मलिक ने कहा, पश्चिमी यूपी के जिलों में ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए प्रयास कर रहे हैं। इसमें हैदरपुर वैटलैंड, हस्तिनापुर सेंचुरी क्षेत्र में विभिन्न स्थल, नोएडा.ग्रेटर नोएडा पर फोकस है।

# बिजली विभाग के पेंशनर्स को मिल रही रियायतों की होगी जांच, 3200 घरों के कनेक्शन रडार पर

● विभाग को मिली थी कई शिकायतें

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

यूपी विद्युत विभाग से सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों के घरों में लगे मीटर व बिजली बिलों की जांच कराई जाएगी।

विभाग को पिछले कुछ समय से शिकायतें मिल रही थीं कि पेंशनर्स विभाग की ओर से मिलने वाली सुविधाओं का दुरूपयोग कर रहे हैं। ज्ञात हो कि विद्युत विभाग पेंशनरों को कुछ शर्तों पर सस्ती बिजली मुहैया करता है। चतुर्थ श्रेणी के पद से सेवानिृत्त हुए कर्मचारियों को 409 रूपए मासिक फि क्स चार्ज, तृतीय श्रेणी के 499 रूपये मासिक, जेई श्रेणी के 832 रूपये, एई श्रेणी को 1507 रूपये मासिक, तथा सीई श्रेणी के पद से सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों को 1706 रूपये फिक्स बिजली बिल दिया जाता है।

एसी का इस्तेमाल करने वालों को अप्रैल से सितंबर तक 650 रुपये अतिरिक्त देना पड़ता है। ग्रामीण वितरण खंड.पेंशन एंड, एक्सईएन संदीप मौर्या ने बताया कि पेंशनर्स को विभाग द्वारा दी गयी सुविधा के दुरूपयोग की शिकायतें मिली हैं। तीन बिन्दुओं पर जांच का निर्णय लिया गया है। मौर्या ने बताया कि कुछ पेंशनर्स ने बिना घोषणा के एसी लगा रखे हैं और अतिरिक्त भुगतान नहीं कर रहे हैं। इसलिए जांच का निर्णय लिया गया है। इस जांच में लगभग 3200 पेंशनर्स के घरों की जांच की तैयारी की गयी है।

अधीक्षण अभियंता के पद से सेवानिवृत्त हुए तथा हाल ही में दिल्ली विद्युत नियमाक आयोग के उपभोक्ता फोरम में सदस्य बने एके सिंह ने बताया कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को यह सुविधा लेने के लिए विभाग को पूर्ण जानकारी तथा अपने घर का पता देना होता है।

## अवैध जमीन बेचने वालों पर लगा गैंगस्टर एक्ट

**नोएडा।** डूब क्षेत्र में प्लाटिंग करके बेचने वाले पांच भू माफिया के खिलाफ नालेज पार्क कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

आरोपियों ने झूठ बोलकर लोगों को प्लाट बेच दिए। इसके बदले लाखों रुपये ले लिए। पीड़ितों ने विरोध किया तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। नालेज पार्क कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने यह मुकदमा दर्ज कराया है। मुकदमे में कहा गया है कि ग्रेनो के रहने वाले बालेश और सनोज कुमार, सोनू , दिनेश और मनोज यादव ने मिलकर एक गैंग बनाया। साजिश के तहत नालेज पार्क कोतवाली क्षेत्र में जमीन पर कब्जा किया।

# बेसमेंट के पास धंसी सड़क की मरम्मत शुरू

● सीईओ ऋतु माहेश्वरी के निर्देश पर प्रभारी चेतराम सिंह व प्रबंधक राजेश की टीम मौके पर पहुंची

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर एक स्थित रिहायशी प्रोजेक्ट एक्सप्रेस एस्ट्रा की खुदे हुए बेसमेंट के पास सड़क भी क्षतिग्रस्त हो गई है।

इसकी सूचना मिलते ही ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी के निर्देश पर वर्क सर्किल तीन के प्रभारी चेतराम सिंह व प्रबंधक राजेश निम की टीम मौके पर पहुंच गई। प्राधिकरण ने इसे कवर्ड कर रिपेयर का काम शुरू करा दिया है। प्राधिकरण ने एक पोकलैन तीन जेसीबी मशीन व पांच डंफर लगाकर मिट्टी फि लिंग शुरू करा दी है। आसपास के ट्रैफिक को डायवर्ट कर दिया गया है। बेसमेंट खुदे होने के कारण बारिश के चलते मिट्टी धंसने की घटना प्रतीत हो रही है।

प्रभारी जीएम प्रोजेक्ट सलिल यादव ने बताया कि शाम होने से पहले फिलिंग का काम पूरा हो जाएगा। बिल्डर को नोटिस जारी करने के लिए वर्क सर्किल तीन के प्रभारी चेतराम सिंह को निर्देश दे दिए गए हैं। रोड रिपेयर कराने में खर्च बिल्डर पर पेनल्टी लगाकर वसूल की जाएगी।


ग्रेटर नोएडा वेस्ट के एक्सप्रेस एस्ट्रा की खुदा बेसमेंट और धसीं सड़क।

## संक्षिप्त समाचार



पेन मैनेजमेंट शिविर में अस्पताल के डॉक्टर जानकारी देते हुए।

### यशोदा हॉस्पिटल में निःशुल्क पेन मैनेजमेंट शिविर

**गाजियाबाद।** यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में आयोजित एक निःशुल्क पेन मैनेजमेंट शिविर में वरिष्ठ पेन मैनेजमेंट विशेषज्ञ डॉ. नीरज जैन और डॉक्टर सुनील शर्मा, डॉ शेखर गर्ग की टीम ने पुराने एवं असाध्य दर्द के मरीजों को हस्पिटल कैंपस में निःशुल्क परामर्श दिया। कैंप का 75 मरीजों ने लाभ लिया। डॉ नीरज जैन ने बताया कि वक्त के साथ पुराने एवं असाध्य दर्द के के ट्रीटमेंट में अब काफी उन्नति हो गयी हैं। अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वरिष्ठ पेन मैनेजमेंट विशेषज्ञ डॉ नीरज जैन ने बताया कि बताया कि कई बीमारियों जैसे कि स्लिप डिस्क, सायटिका, सर्वाइकल, कैंसर आदि की वजह से मरीज को हो रहे दर्द से निजात दिलाने के लिए यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल,कौशाम्बी दर्द के प्रबंधन हेतु पेन मैनेजमेंट विभाग बनाया गया है। आज कई मरीजों को इसका फायदा मिल रहा है। वरिष्ठ पेन मैनेजमेंट विशेषज्ञ डॉ सुनील शर्मा एवं डॉ शेखर गर्ग ने एक जारूकता व्याख्यान में बताया कि यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल,कौशाम्बी के दर्द निवारण विभाग द्वारा लेजर, ओजोन, रेडियो फ्रीक्केंसी एब्लेशन, नसों के इंजेक्शन, एडवांस्ड नर्व ब्लॉक तकनीकी से इलाज किया जाता है जिसमे जो नसें दर्द का सिग्नल दिमाग तक पहुँचाती हैं उन नसों के सिग्नल को बंद कर दिया जाता है, इस पद्धति को न्यूरोलाइसिस कहते हैं।

### पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर 75 हजार ठगे

नोएडा। सेक्टर-62 स्थित नीलकंठ सोसाइटी निवासी एक व्यक्ति को साइबर ठगों ने पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर 75 हजार रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पीडित ने कोतवाली सेक्टर.58 में शिकायत दी है। पुलिस केस दर्ज कर पड़ताल कर रही है। पीड़ित विजय सिंह चौहान ने बताया कि उनके मोबाइल फोन पर व्हाट्सएप लिंक भेज कर घर बैठे पार्ट टाइम काम करने का झांसा दिया गया था, वह साइबर ठगों के झांसे में आकर एक लिंक को क्लिक कर दिया। इसके बाद दूसरा लिंक टेलीग्राम का आया। उसे क्लिक कर जानकारी भरने के लिए कहा गया। उनसे ईवे और पेटीएम मॉल में निवेश करने के लिए कुछ सिक्योरिटी जमा कराने के लिए कहा। पैसे अकाउंट में भेजते ही उन्हें ब्लॉक कर दिया गया।

### घर में आग लगने से सामान जला

**गाजियाबाद।** ट्रॉनिका सिटी थाने की रामविस्तार कॉलोनी में रविवार सुबह बिजली के शॉट सर्किट से मनोज के बंद घर में आग लग गई, जिसमें सारा सामान जल गया। शनिवार रात मनोज पत्नी के साथ भजनपुरा दिल्ली में अपने दूसरे मकान पर चले गए थे। पड़ोसियों ने पुलिस और गृहस्वामी को सूचना दी। पुलिस ने फायर बिग्रेड की मदद से कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक घर का सभी सामान जल चुका था।

### महापुरुषों ने बदली समाज की दिशा : देवेंद्र अवाना

**नोएडा।** देश के महापुरुषों ने समाज की दशा और दिशा दोनों को बदलने का काम किया है। यह महापुरुषों का बताया रास्ता ही रहा है कि देश में विभिन्न जाति और धर्मों के लोग एक सूत्र में बंधकर देश और समाज के उत्थान में लगे हैं। यह बात सेक्टर 11 स्थिति भारतीय सोशलिस्ट मंच के प्रदेश कार्यालय पर आयोजित महर्षि वाल्मीकि जयंती और समाज परिवर्तक दलित चिंतक कांशीराम की पुण्यतिथि पर आयोजित संगठन के कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी देवेंद्र अवाना ने कही। अवाना ने कहा पीड़ितों के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# तेज हवाओं संग झमाझम बारिश, मौसम में ठंडक

● जलभराव ने रोकी रफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

शहर में रविवार को सुबह से वर्षा का क्रम जारी है। वर्षा और तेज हवा चलने के कारण से मौसम में ठंडक महसूस की जा रही है। वर्षा के साथ ही हवा की रफ्तार 13 किलोमीटर प्रतिघंटा हैं। आर्द्रता का अधिकतम स्तर 97 प्रतिशत बना हुआ है। अधिकतम तापमान 23 व न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

लगातार होने वाली वर्षा के कारण जहां मौसम में ठंडक आई हैं। वहीं लगातार हो रही वर्षा के कारण लोगों का घरों से निकलना भी दूभर हो गया। घरों से बाहर निकले लोग हाथों में छाता और रेनकोट पहने हुए नजर आए। लगातार हो रही वर्षा के कारण वायु प्रदूषण से निजात मिली है।



नोएडा-ग्रेटर नोएडा हवा की हवा अच्छी श्रेणी में दर्ज की जा रही है। रविवार को नोएडा वायु गुणवत्ता सूचकांक 50 व ग्रेटर नोएडा का एक्यूआइ 56 दर्ज किया गया। प्रदूषण का अनुमान लगाने वाली संस्था सफर के मुताबिक सोमवार को भी हवा तेज चलने से वायु प्रदूषण कम रहने की संभावना है। लगातार वर्षा के कारण प्रदूषक तत्वों के धुलने से वायु की गुणवत्ता अच्छी रहेगी। झमाझम वर्षा के बाद सड़कों, अंडरपास और कई इलाकों में हुए जलभराव से वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लगा है। वर्षा का पानी सेक्टर की कालोनियों और गांव की कच्ची सड़कों पर रुकने से वाहन चालकों के साथ पैदल चलने वाले लोगों को परेशानी हुई। चौराहों, गलियों के किनारे जलभराव लोगों का निकलना मुश्किल हो गया। वर्षा अधिक होने से लोग घरों और दफ्तरों में कैद हो गए। वर्षा के कारण सेक्टर.95 स्थित दलित प्रेरणा स्थल, सेक्टर-38ए जीआइपी माल, एलिवेटेड रोड, नोएडा.ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस.वे, सेक्टर-95 ओखल पक्षी विहार, सेक्टर.62 माडल टाउन गोलचक्कर, सेक्टर-61 यू.फ्लैक्स, सेक्टर-58 लेबर चौक, सेक्टर-66 मामूरा, पर्थला गोलचक्कर, के पास जाम रहा।

# पिस्टल लेकर मंदिर गए आस मोहम्मद का नेटवर्क खंगालेगी जिला पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद के नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में चाकू और इटली मेड पिस्टल लेकर घुसने वाले समीर शर्मा उर्फ आस मोहम्मद प्रकरण की जांच अब एसआईटी करेगी।

मेरठ जोन के एडीजी राजीव सभरवाल के निर्देश पर इस एसआईटी में सीओ क्राइम, दो इंस्पेक्टर और एक हेड कांस्टेबल रहेंगे। ये एसआईटी आस मोहम्मद के पूरे नेटवर्क पर काम करेगी। गाजियाबाद के मसूरी थाना क्षेत्र स्थित इकला गांव में नर्मदेश्वर महादेव मंदिर है। दो अक्तूबर की रात यहां एक अज्ञात शख्स पहुंचा। खुद का नाम समीर वर्मा बताया। सेवादारों से कहा कि वो महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानंद गिरि महाराज से मिलकर उनका शिष्य बनना चाहता है।

उन दिनों नवरात्रि के चलते महामंडलेश्वर हरिद्वार आश्रम से इस मंदिर में आकर ठहरे हुए थे। सेवादारों ने इस व्यक्ति को मंदिर परिसर में ठहराया। सेवादारों को शक हुआ। समीर शर्मा के थैले की छानबीन की तो उसमें से एक विदेशी पिस्टल, चाकू, ग्लाइंडर आदि आपत्तिनजक वस्तुएं मिली।

# सोसाइटी में एंट्री को लेकर डिलीवरी ब्वॉय ने गार्ड के साथ की मारपीट, गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सोसाइटी में एंट्री को लेकर शनिवार सुबह बजे के करीब सिक्योरिटी गार्ड और जोमैटो डिलीवरी ब्वॉय के बीच जमकर मारपीट हुई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया के विविध प्लेटफार्म पर वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो में जोमैटो डिलीवरी ब्वॉय पहले सुरक्षाकर्मी को लात और घूंसे से पीट रहा है, बाद में सिक्योरिटी गार्ड ने डिलीवरी ब्वॉय को डंडे से वार कर घायल कर दिया। मिली जानकारी के मुताबिक, घटना नोएडा के सेक्टर 39 कोतवाली क्षेत्र के गार्डेनिया सोसायटी की है। मामला संज्ञान में आने के बाद डिलीवरी ब्वॉय सबी सिंह और सिक्योरिटी गार्ड राम विनय शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। संबंधित धाराओं में कार्रवाई कर दोनों को कार्यपालक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। 58 सेकंड के वायरल वीडियो में सुरक्षाकर्मी और डिलीवरी ब्वॉय के बीच मारपीट होती दिख रही है।



दोनों नोएडा के सदरपुर कॉलोनी के रहने वाले हैं। इससे पहले शुक्रवार रात को फेज तीन कोतवाली क्षेत्र के अजनारा होम सोसाइटी में तीन महिलाओं ने सिक्योरिटी गार्ड की पिटाई कर दी थी।

## आम आदमी पार्टी ने मनाई कांशीराम की पुण्यतिथि

**गाजियाबाद।** आम आदमी पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ ने गाजियाबाद के वार्ड-9 शिब्बनपुरा में कांशीराम की पुण्यतिथि मनाई।

उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए बच्चों को कॉपी-किताब, पेन, पेंसिल और जॉमेट्री बॉक्स बांटा गया। कार्यक्रम में पुरुषोत्तम सिंह ने कांशीराम के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। कांशीराम को अंबेडकर के बाद दलितों का सच्चा हितैषी बताया। आम आदमी पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पंकज शर्मा ने कहा पंजाब के होशियारपुर में जन्मे कांशीराम ने हमेशा दलितों और पिछड़ों के हक की लड़ाई लड़ी।


आम आदमी पाटी की जिलास्तरीय बैठक के दौरान कार्यकर्ता।

## वकील के फ्लैट से 8 लाख रुपये की चोरी, कैमरे में कैद हुआ चोर

**गाजियाबाद।** चोरों ने लिंक रोड थाना क्षेत्र की रामप्रस्थ कालोनी में आइटी कंपनी के निदेशक और अधिवक्ता के फ्लैट में करीब आठ लाख की चोरी हुई है। दोनों फ्लैटों में चोर खिड़की से घुसे थे। एक चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है।

रामप्रस्थ कालोनी के प्लाट संख्या.डी 121 पर तीन मंजिला आवासीय भवन बना है। भूतल पर आइटी कंपनी के निदेशक अजोय राय परिवार के साथ रहते हैं। दशहरा की रात यानी बुधवार को वह परिवार के साथ फ्लैट में सो रहे थे। रात करीब तीन बजे खटपट की आवाज होने पर उनकी नींद खुली। उन्होंने देखा कि कमरे में चोर घुसा है। उन्होंने शोर मचाया। चोर बाहर निकला। अपने साथी के साथ फरार हो गया।

# दिवाली से पहले शुरू हो जाएगा यूपी का पहला डॉग पार्क

● काम लगभग पूरा, खाने-सोने और मनोरंजन के लिए होंगी सुविधाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में बढ़ रहे डॉग विवादों के बीच बन रहा डॉग पार्क का काम अंतिम चरण में है। इसका करीब 75 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

सिविल का काम भी हो चुका है होर्टिकल्चर और इलेक्ट्रिकल का काम किया जा रहा है। प्राधिकरण ओएसडी वंदना त्रिपाठी ने बताया कि दीपावली तक काम पूरा हो जाएगा। इसके बाद इसे खोला जा सकता है। प्रदेश का पहला डॉग पार्क नोएडा के सेक्टर 137 में बन रहा है। पार्क विश्व स्तरीय सुविधाओं से लैस होगा। पार्क में डॉग के उठने बैठने खाने सोने घूमने नहाने और मनोरंजन के लिए तमाम साधनों को उपलब्ध कराया गया है।



इसे 3.85 एकड़ में विकसित किया जा रहा है। 3.86 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है। देश का पहला प्रमाणित डॉग पार्क तेलंगाना में है। ग्रेटर हैदराबाद में नगर निगम ने इसे बनवाया था। यह पार्क 1.1 करोड़ रुपए की लागत से 1.3 एकड़ क्षेत्र में बनाया गया है। अब नोएडा में जो पार्क बनने जा रहा है वह 3.85 एकड़ जमीन में तैयार होगा।

हैदराबाद के पार्क में डाग्स की चिकित्सा संबंधी सेवाओं से लेकर जिम की भी सुविधा है लेकिन अब नोएडा में जो डॉग पार्क बन रहा है वह अपने आप में एक अनोखा पार्क होगा। शहर में डॉग को लेकर चल रहा विवाद स्थाई रूप से समाप्त करने पर काम किया जा रहा है। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण ने 18 डॉग शेल्डर बनाने निर्णय लिया है।

पहले पायलट प्रोजेक्ट की तर्ज पर चार डाग शेल्टर बनाए जाएंगे। इन डाग शेल्टर का संचालन व रखरखाव सेक्टर और एओए को ही करना होगा। बता दे नोएडा में अब तक 1700 पालतू कुत्तों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। 2017 से अब तक 39500 कुत्तों की नसबंदी की जा चुकी है। इसके लिए प्राधिकरण की ओर से दो संस्थाएं काम कर रही है। पहली ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी और दूसरी एनिमल इंडिया ट्रस्ट। पैट मालिक अपने जानवर को खुले स्थान, पार्क या सार्वजनिक स्थान पर शौच कराता है। शिकायत होने पर प्राधिकरण जानवर के मालिक पर एक्शन लेगा। पहली शिकायत सही पाए जाने पर 100 रुपए, दूसरी बार में 200 और तीसरी बार में 500 रुपए का जुर्माना लगाकर नोटिस भेजा जाएगा। अधिक शिकायतें आने पर पंजीकरण निरस्त कर दिया जाएगा।

### ये होंगी सुविधा

- बड़े व छोटे डॉग के लिए अलग.अलग स्थान
- पीने के लिए वाटर फाउंटेन
- पार्क में आने वाले लोगों के लिए बैंच
- वाटर पौंड, डॉग के स्थल के लिए रबर टाइल
- डॉग वेस्ट डिस्पोजल स्टेशन, चिकित्सीय सुविधा

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# हर 4 में से 1 गाड़ी होगी इलेक्ट्रिक

## ईवी में बढ़ी लोगों की रुचि, वर्ष 2020 से अब तक 72,000 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन खरीदे गए




### ● दिल्ली में 2024 के अंत तक सड़कों पर खूब दौड़ेंगे ई. वाहन



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

वायु प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली में नित नए तरीके अपनाए जा रहे हैं। डीजल के 10 साल और पेट्रोल के 15 साल पुराने वाहनों पर पूरी तरह से बैन लग चुका है, सीएनजी को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे आगे भविष्य को ध्यान में रखते हुए अब इलेक्ट्रीक वाहनों को अपनाने पर भी जोर दिया जा रहा है। दिल्ली सरकार भी चाहती है कि दिल्ली में इलेक्ट्रिक वाहनों के हब के रूप में जाना जाए। इसे देखते हुए राष्ट्रीय राजधानी में ईवी को लेकर लोगों की रुचि बढ़ी है। इसकी पुष्टि सरकार के इन आंकड़ों से होती है जिसमें दिल्ली ईवी नीति 2020 के तहत अब तक 72,000 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन खरीदे गए हैं । इनमें से वर्ष 2022 में 41,000 से अधिक ईवी खरीदे गए हैं। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने रविवार को बताया कि दिल्ली ईवी नीति अगस्त 2020 में दिल्ली को देश की ईवी राजधानी के रूप में स्थापित करने और वाहन क्षेत्रों में ईवी अपनाने की गति में तेजी लाने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। इसके चलते हर महीने बेचे जाने वाले कुल वाहनों में ईवी का योगदान लगभग 10 फीसदी है। दिल्ली ने भी इस साल मार्च में बीके कुल वाहनों का 12.5 फीसदी ईवी था, जो भारत में सभी राज्यों में सबसे ज्यादा है। सरकार की कोशिश है कि हर 3 किलोमीटर के दायरे में निजी और सार्वजनिक चार्जिंग सुविधाओं का नेटवर्क प्रदान करके पूरे शहर में ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह सिर्फ शुरुआत है क्योंकि दिल्ली सरकार अगले 3 वर्षों में 18,000 चार्जिंग पॉइंट स्थापित करने की योजना बना रही है, जिससे दिल्ली के नागरिकों के लिए आईसीई वाहन के बजाय इलेक्ट्रिक वाहन चुनना आसान हो जाएगा। वर्ष 2024 के अंत तक, दिल्ली में खरीदे गए हर 4 नए वाहनों में से 1 इलेक्ट्रिक वाहन होगा। डीडीसी के उपाध्यक्ष और दिल्ली सरकार के चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर वर्किंग ग्रुप के अध्यक्ष जैस्मीन शाह ने कहा दिल्ली इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में नए इनोवेशन लाने के लिए जानी जाती है, सिंगल विंडो सेवा उन्हीं में से एक है। यह अपने आप में पूरे देश में एक अनूठी पहल है। सिंगल विंडो सुविधा का मकसद दिल्ली में ईवी चार्जर्स की खरीद को आसान और परेशानी मुक्त बनाना है। इस पहल की सफलता का श्रेय दिल्ली वालों, डिस्कॉम्स और पैनल में शामिल एजेंसियों को जाता है। सिंगल विंडो सुविधा के तहत नए ईवी चार्जर और पैनल में शामिल एजेंसियों की संख्या को बढ़ाकर इसे और बढ़ावा देगी।

### एक हजार ईवी चार्जिंग प्वाइंट लगाने का काम पूरा

सिंगल विंडो सुविधा के तहत एक साल से भी कम समय में 1000 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग पॉइंट लगाने का काम पूरा कर लिया है। इसमें बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड द्वारा 315 स्थानों पर 682 चार्जिंग पॉइंट, बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड द्वारा 70 स्थानों पर 150 चार्जिंग पॉइंट और टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड द्वारा 50 स्थानों पर 168 चार्जिंग पॉइंट शामिल हैं। इनमें से 59 फीसदी चार्जर आरडब्ल्यूए द्वारा, 15 फीसदी कार्यालय परिसर में और 13 फीसदी ई-रिक्शा पार्किंग में लगाए गए हैं। सरकार इन 1000 चार्जिंग पॉइंट्स पर सब्सिडी के तौर पर 60 लाख रुपये खर्च करेगी।

### नवंबर 2021 में शुरू हुई थी चार्जिंग स्टेशन की सिंगल विंडो सुविधा

*केजरीवाल सरकार ने नवंबर 2021 में निजी और अर्ध-सार्वजनिक स्थानों में ईवी चार्जर्स की स्थापना के लिए एक सिंगल विंडो सुविधा शुरू की थी। इसके अंतर्गत आवासीय स्थल जैसे अपार्टमेंट और ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी, अस्पताल जैसे संस्थागत भवन और वाणिज्यिक स्थान जैसे किराना स्टोर, दुकानें और मॉल इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। इस सुविधा के माध्यम से, दिल्ली का कोई भी निवासी, डिस्कॉम के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से या कॉल करके अपने परिसर में पैनल में शामिल विक्रेताओं से चार्जर लगाने का अनुरोध कर सकता है। उपभोक्ता एक विशेष ईवी टैरिफ के साथ एक अलग बिजली कनेक्शन के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। सिंगल विंडो सुविधा किसी भी निवासी को अपने बिजली प्रदाता पोर्टल के माध्यम से पैनल में शामिल विक्रेताओं से ईवी चार्जर चुनने, ऑर्डर करने, स्थापित करने और भुगतान करने में सक्षम बनाती है।*



राजधानी में अकीदत-मोहब्बत व उत्साह के साथ हजरत मोहम्मद सल्ललाहो अलैही वसल्लम की जयंती ( ईद मिलाद-उन-नबी ) मनाई गई। फोटो: रंजन डिमरी।

# भाजपा के दबाव में दिया गौतम ने इस्तीफा : नेता प्रतिपक्ष

### ● केजरीवाल के मंत्री हिन्दू देवी-देवताओं की निंदा करने से नहीं चूकते: बिधूड़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



पिछले दिनों हुए सामूहिक धर्मांतरण समारोह में शामिल होकर सुर्खियों में आए दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने रविवार को मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को उन्होंने दो पेज का अपना इस्तीफा भेजा है। इसके बाद से भाजपा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमलावर हो गई है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि भाजपा के दबाव में गौतम को इस्तीफा देना पड़ा है।

उन्होंने यह भी कहा कि सिर्फ इस्तीफा ही काफी नहीं है बल्कि हिंदू देवी-देवताओं की निंदा करने के कारण उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जानी चाहिए और उन्हें पार्टी से भी निकाला जाना चाहिए। इसके अलावा भ्रष्टाचार में संलिप्त उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन से भी इस्तीफे लिए जाएं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा है कि केजरीवाल और उनके मंत्री अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए हिंदू देवी-देवताओं की निंदा से भी नहीं चूकते।

गौतम के इस्तीफे का मतलब यह नहीं है कि केजरीवाल की विचारधारा में कोई सुधार हुआ है बल्कि इसकी वजह यह है कि गुजरात और हिमाचल के चुनावों में केजरीवाल को नुकसान की आशंका है।

वहीं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने गौतम के इस्तीफा को हिंदुओं और भाजपा की जीत बताते हुए कहा कि जिस प्रकार केजरीवाल के इशारों पर गौतम ने हिंदू देवी देवताओं का अपमान किया उसके बदले सिर्फ इस्तीफा काफी नहीं है बल्कि उन्हें देशवासियों से माफी भी मांगनी चाहिए।

### गौतम का इस्तीफा केजरीवाल का दलित विरोधी रवैया: कांग्रेस

*नई दिल्ली। मंत्री राजेंद्र पाल गौतम के एक धर्मांतरण कार्यक्रम में शामिल होने के प्रदेश कांग्रेस ने मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल पर हमला बोला है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि वाल्मीकि जयंती के दिन गौतम का इस्तीफा लेना केजरीवाल के दलित विरोधी रवैये को उजाकर करता है। साथ ही उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और मंत्री सत्येंद्र जैन जैसे भ्रष्ट मंत्रियों का अभी तक इस्तीफा न लेकर उनकों बचाने का प्रयास भी कर रहे हैं।*



# बारिश की फुहार से मौसम हुआ सुहाना

### ● वर्ष 2007 के बाद अक्टूबर में दूसरी बार सबसे ज्यादा बारिश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में पिछले दो दिनों से तेज हवाओं संग भारी बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। रविवार को लोगों ने घरों में बैठकर बारिश का लुत्फ उठा रहे हैं। बारिश के कारण तापमान गिरावट से गुलाबी ठंड ने दी दस्तक दे दी है।

दिल्ली में शुक्रवार से हो रही बारिश से सड़कों से लेकर गलियों में पानी जमा हो गया है। इस बीच मौसम विभाग ने बताया कि दो दिनों के दौरान साल 2007 के बाद दूसरी बार सबसे अधिक बारिश हुई है। आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक मौजूदा बारिश मॉनसून की बारिश नहीं है। मॉनसून सामान्य 653.6 मिमी के मुकाबले 516.9 मिमी कम बारिश दर्ज कराने के बाद राजधानी से 29 सितंबर को विदा हो गया था।

राजधानी दिल्ली के मौसम में आए बदलाव के बीच शनिवार सुबह से रुक-रुक कर हो रही बारिश ने लोगों को बेहाल कर दिया है। पिछले 24 घंटे में सुबह साढ़े आठ बजे तक 74 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, वर्ष 2007 के बाद से इस अवधि की दूसरी सर्वाधिक बारिश है। बारिश के बाद तापमान में भी तेजी से गिरावट दर्ज की गई है। शनिवार को राजधानी के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में भारी अंतर देखने को मिला। शाम ढलते ढलते पारा 10 डिग्री नीचे चला गया, जिससे लोगों को रात में गुलाबी ठंड महसूस होने लगी। आईएमडी के अनुसार, क्षेत्र में मॉनसून के बाद बारिश का कारण एक पश्चिमी विक्षोभ माना जाता है, जो निचले स्तर पर पुरवाई हवाओं के साथ मध्य और ऊपरी वायुमंडल में कम हवा के दबाव के कारण बनता है। पुरवाई हवाएं नमी के लिए काफी हद तक जिम्मेदार हैं, जो बारिश का कारण बनती हैं। यह गुजरात और पूर्वी राजस्थान में अरब सागर से, उत्तराखंड तक दिल्ली क्षेत्र को पार करते हुए अपने पैर पसारती हैं।

### वर्षा से दिल्ली की हवा को किया स्वच्छ

लगातार दूसरे दिन लगातार बारिश से रविवार को हवा की गुणवत्ता में सुधार हुआ और यह अच्छी श्रेणी में पहुंच गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, रविवार शाम आठ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 48 था, जो अच्छी श्रेणी में आता है।

# कारोबारी से आठ लाख रुपये की वसूली में दो गिरफ्तार

### ● जान से मारने की धमकी देकर की उगाही

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के एक कारोबारी को जान से मारने की धमकी देकर उससे कथित तौर पर आठ लाख रुपए की धन उगाही करने के मामले में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी प्रिंस (29) और परमजीत सिंह (40) विकास लगरपुरिया गिरोह के सदस्य हैं। विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) रवींद्र सिंह यादव के मुताबिक, पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे दोनों विकास लगरपुरिया के सहयोगी गुरप्रीत सिंह की जीवनशैली से प्रभावित थे और इसलिए उसके (सिंह के) साथ जुड़े थे। पुलिस के अनुसार, सिंह हरियाणा के गुरुग्राम में 30 करोड़ रुपए की चोरी की घटना में शामिल था। मौजूदा मामले में सिंह के साथ मिलकर दोनों आरोपियों ने जनकपुरी निवासी कारोबारी को जान से मारने की धमकी देकर उससे आठ लाख रुपए की रंगदारी वसूल की थी।

### राहगीरों से लूटपाट करने वाली दो महिलाएं पकड़ी

**नई दिल्ली।** राजधानी में सक्रिय एक ऐसे ही महिला गैंग की 2 सदस्यों को द्वारका सेक्टर -23 थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये सुनसान रास्तों पर राहगीरों को रोक कर उनसे लूटपाट कर फरार हो जाती थीं।

पुलिस उपायुक्त एम हर्षवर्धन ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में गिरफ्तार महिलाओं की पहचान प्रवीण और शिल्पा के रूप में हुई है। पीड़ित शिकायत करने वाले ने बताया कि एमसीडी टोल टैक्स के पास पहुंचा, तभी झाड़ियों में से दो महिलाएं निकलीं और एक ने उसका गला पकड़ लिया और दूसरी महिला ने उसके हाथ से सोने की अंगूठी लूट ली।

# हवाई अड्डे पर मचान से गिरने से दो की मौत

### ● हादसे में छह घायलआईजीआई के निर्माण स्थल पर छह अक्टूबर को हुई थी घटना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाईअड्डा के टर्मिनल-1 के समीप एक निर्माण स्थल पर एक मचान से गिर कर दो मजदूरों की मौत हो गई तथा छह अन्य घायल हो गए।

पुलिस ने रविवार को बताया कि मृतकों की शिनाख्त विकास (30) तथा मनोज (19) के रूप में की गई है। यह घटना छह अक्टूबर की है। पुलिस उपायुक्त (आईजीआई हवाईअड्डा) तनु शर्मा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि विकास तथा मनोज को मचान से गिरने के बाद सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि विकास को अस्पताल पहुंचाने पर मृत घोषित कर दिया गया, जबकि मनोज की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि छह घायल मजदूरों का अभी अस्पताल में इलाज चल रहा है। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि टर्मिनल-1 की नोड इमारत में मिंटू यादव नाम का ठेकेदार मचान बनाने का काम करा रहा है। डीसीपी ने कहा कि हमने ठेकेदार के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 337 (मानव जीवन को खतरे में डालने वाला कृत्य) और धारा 304 ए (लापरवाही से मौत) के तहत मामला दर्ज किया है और मामले की जांच चल रही है।

## संक्षिप्त समाचार



आईआईएम अहमदाबाद के पूर्व निदेशक बकुल ढोलकिया को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया।

### आईआईएम अहमदाबाद के पूर्व निदेशक सम्मानित

**नई दिल्ली।** आईआईएम अहमदाबाद के पूर्व निदेशक और पद्मश्री बकुल ढोलकिया को प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया। समारोह का आयोजन वाइस प्रेजिडेंट हाउस (उप राष्ट्रपति भवन) में किया गया । लाल बहादुर शास्त्री इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट द्वारा प्रदान किए जाने वाले इस पुरस्कार में पांच लाख रुपये की राशि, स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। आईआईएम अहमदाबाद के पूर्व निदेशक बकुल ढोलकिया ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री एक महान नेता थे। देश के लिए उनका योगदान अतुलनीय है। लाल बहादुर शास्त्री इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के अध्यक्ष अनिल शास्त्री ने कहा श्री ढोलकिया का प्रबंधन के क्षेत्र अतुलनीय योगदान है, प्रत्येक वर्ष उन व्यक्तियों को हम सम्मानित करते हैं, जिन्होंने अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल की है और बकुल ढोलकिया ने अपने क्षेत्र में उत्कृष्टतम कार्य किया है।

### प्रिंसिपल के पदों पर आरक्षण लागू करें



**नई दिल्ली।** दिल्ली यूनिवर्सिटी एससी, एसटी ओबीसी टीचर्स फोरम के चेयरमैन डॉ. कैलास प्रकाश सिंह यादव ने दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेजों में प्रिंसिपल पदों पर आरक्षण लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रिंसिपल पद के विज्ञापन निकाले जा रहे हैं लेकिन नियुक्तियां एससी/एसटी व ओबीसी अभ्यर्थियों के आरक्षण के बिना हो रही है। डॉ. यादव ने बताया है कि संसदीय समिति जब विश्वविद्यालय में आई तो उसने पाया था कि यहां प्रोफेसर के पदों में आरक्षण नहीं दिया जा रहा है और न ही प्रिंसिपल के पदों में किसी तरह का आरक्षण है । उन्होंने डीयू और यूजीसी के सक्षम अधिकारियों से आरक्षण लागू कराने की मांग की है।

### दिल्ली को मोबाइल दमकल वाहन, नया केंद्र मिलेगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली अग्निशमन सेवा ने मुख्य अग्निशमन अधिकारी की अध्यक्षता में एक आंतरिक समिति गठित की है जो राष्ट्रीय राजधानी में हादसा संभावित 50 स्थानों की पहचान करेगी, जहां मोबाइल दमकल वाहन तैनात किए जा सकते हैं। समिति उन स्थानों के बारे भी बताएगी, जहां दमकल केंद्र खोले जा सकते हैं दिवाली से पहले तैयारियों का जायज़ा लेने के लिए दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों के साथ एक बैठक में उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने कुछ दिन पहले ही आग लगने की घटनाओं से निपटने की क्षमता में सुधार करने के लिए कई उपाय सुझाए थे। दिल्ली अग्निशमन सेवा के निदेशक अतुल गर्ग ने कहा कि उपराज्यपाल ने दमकल वाहनों की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया है। फिलहाल इनकी संख्या 220 है और लक्ष्य कम से कम 350 गाड़ियां करने का है। उपराज्यपाल ने और अधिक दमकल केंद्र खोलने का भी निर्देश दिया है। अभी दमकल विभाग के पास 64 दमकल केंद्र हैं और इसे 80 तक करने का लक्ष्य है। गर्ग ने कहा, उपराज्यपाल के निर्देशों के आधार पर हमने अपना काम शुरू कर दिया है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी की अध्यक्षता में एक आंतरिक समिति का गठन किया गया है। अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी समिति का हिस्सा हैं।

# दिवाली पर व्यापार में 60 फीसदी बढ़ोतरी का अनुमान

### ● नवरात्रि में उमड़ी ग्राहकों की भीड़ से व्यापारी खुश : कैट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



कोरोना महामारी के दो वर्षों के बाद इस वर्ष के नवरात्रि और दिवाली त्योहार से देश भर के व्यापारियों को काफी उम्मीद है।

व्यापारियों को उम्मीद है कि इस दिवाली पर व्यापार में 60 फीसदी की बढ़ोतरी संभव है। देश के रिटेल बाज़ार में दिवाली सीजन में लगभग सवा लाख करोड़ के व्यापार होने का अनुमान है। ज्ञात रहे कि नवरात्रि से शुरू हुए दिवाली फेस्टिवल सीजन 5 नवम्बर तुलसी विवाह तक चलेगा।

उसमें ग्राहकों के लिए देश भर के व्यापारियों ने अपनी दुकानों में व्यापक तैयारियां की है ! 26 सितम्बर से शुरू हुए नवरात्रि पर्व में दशहरा तक देश भर में जिस तरह से बाज़ारों में ग्राहकों की भीड़ देखी गई उसको देखते हुए व्यापारी उत्साह से लबरेज़ हैं। पिछले वर्षों के मुकाबले पिछले 10 दिनों में करीब 10 से 15 प्रतिशत की व्यापार में बढ़ोतरी वृद्धि व्यापार में हुई ऐसा अनुमान है । कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने कहा की एक मौटे अनुमान के मुताबिक़ इस वर्ष दिवाली फेस्टिवल सीजन में 60 प्रतिशत व्यापार वृद्धि का अनुमान है। गत वर्ष यह आंकड़ा लगभग 72 हजार करोड़ रुपये का था। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा की 26 सितम्बर से लेकर 5 अक्टूबर के त्योहारी सीजन एफएमसीजी प्रोडक्ट में लगभग 12 फीसदी, कंज्यूमर ड्यूरेबल में 15 फीसदी, इलेक्ट्रॉनिक्स में लगभग 20 फीसदी, मोबाइल में लगभग 10 फीसदी, कंप्यूटर एवं कंप्यूटर संबंधित आइटम में 20 फीसदी, किराना, खाद्य तेल, खाद्यान, दाल आदि में लगभग 20 फीसदी, खिलौनों में लगभग 15 फीसदी, बिल्डर हार्डवेयर में 5 से 7 फीसदी, लकड़ी एवं प्लाईवुड में लगभग 8 फीसदी की व्यापार में बढ़ोतरी का अनुमान है। जो इस बात का साफ़ संकेत हैं की भारत में स्थानीय बाज़ारों की उपयोगिता को किसी भी कीमत पर कम नहीं आँका जा सकता है। जिस प्रकार से देश में ई कॉमर्स व्यापार में विदेशी कंपनियां ग्राहकों से धोखा कर रही है एवं किस प्रकार के सरकारी नियमों का उल्लंघन कर व्यापार किया जा रहा है, उसको देश के लोग समझ गए हैं। भरतिया एवं खंडेलवाल ने कहा कि पिछले दो वर्षों में ग्राहकों का खरीदी व्यवहार बिलकुल बदल गया है और वो अब दुकानदारों से यह कन्फर्म करते हैं की जो सामान वो खरीद रहे हैं, वो चीन निर्मित तो नहीं है।

### बकाया राशि वसूली के लिए एनडीएमसी लगा रही विशेष शिविर

**नई दिल्ली।** अधिकृत तहबाजारी धारकों के बकाया भुगतान और जमा राशियों के मिलान के लिए, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) एनडीसीसी कन्वेंशन सेंटर, जय सिंह रोड, नई दिल्ली में 4 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन करेगी। यह सूचना रविवार को पालिका परिषद के उपाध्यक्ष - सतीश उपाध्याय ने दी ।

सतीश उपाध्याय ने बताया है कि अधिकृत तहबाजारी धारकों द्वारा अब तक किए भुगतानों के मिलान करने के लिए, एनडीएमसी का सोमवार 10 से 13 अक्टूबर बृहस्पतिवार सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक तहबाजारी, टैक्सी बूथ/प्रेस थड़ों सब्ज द्वारा अब तक किए गए भुगतान के साथ-साथ बकाया राशि जमा करने के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

# पूर्वजों की याद में किसी न किसी रूप में दान जरूर दें : सुधीर सिंगला

## कन्हैई गांव के स्कूल में बुजुर्गों की याद में कमरे का किया लोकार्पण

## स्व. श्योबाई एवं स्व. सुमरत सिंह की स्मृति में बनवाया गया कमरा


गुरुग्राम के गांव कन्हैई में बुजुर्गों की याद में स्कूल में कमरे के लोकार्पण कार्यक्रम में मौजूद विधायक सुधीर सिंगला।

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने रविवार को कन्हैई गांव के सरकारी स्कूल में कमरे का लोकार्पण किया। यह कमरा स्व. श्रीमती श्योबाई एवं स्व. सुमरत सिंह की स्मृति में उनके पुत्र लक्ष्मी नारायण द्वारा बनवाया गया है। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि हमें अपने पूर्वजों की याद में कोई न कोई ऐसा काम करना चाहिए, जिससे हमारी आने वाली पीढ़ियां प्रेरणा ले। यह काम पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलना चाहिए। यह हमारी संस्कृति का हिस्सा है। पौराणिक काल से हमारे पूर्वज भी अपने पूर्वजों की याद में कुएं, बावड़ी, धर्मशालाएं, स्कूलों में कमरे, प्याऊ आदि का निर्माण करवाया करते थे। उनके द्वारा करवाए गए सामाजिक सेवा के कार्यों का आज तक भी इस्तेमाल होता है। दान के माध्यम से हम अपने पूर्वजों का नाम सदा के लिए स्वर्णिम अक्षरों में लिख देते हैं। उन्होंने स्व. श्योबाई एवं स्व. सुमरित सिंह के परिवार की ओर से स्कूल में बनवाए गए कमरे का लोकार्पण करके परिवार के इस नेक कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि हर साधन संपन्न परिवार अपने पूर्वजों की याद में कोई ना कोई सामाजिक कार्य जरूर करे। शहरों के साथ गांवों में भी दान की परम्परा सदियों से चली आ रही है। स्कूल में कमरे का निर्माण करवाकर परिवार ने बच्चों को बड़ा उपहार दिया है। विधायक ने कहा कि दान देने की परम्परा को हर कोई आगे बढ़ाए। इस अवसर पर भाजपा नेता संदीप जोशी, मेयर मधु आजाद, डीईईओ शील कुमारी, मनीष वजीराबाद पार्षद, सज्जन सिंह प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं प्रभारी फरीदाबाद भाजपा (ओबीसी), लक्ष्मी नारायण, अशोक पार्षद वजीराबाद, रोहतास, देवराज सरपंच, धर्म सिंह नंबरदार, सुनील नंबरदार, सुरेश फौजी, जगतार सिंह, कृष्ण नंबरदार, बंसी कन्हैयी, राजपाल कालू, राममेहर मास्टर, सतीश जमालपुर सरपंच, विशाल कन्हैई व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# दुनिया में हर आठ में से एक व्यक्ति मानसिक रूप से पीड़ित


गुरुग्राम में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में अपनी बात रखते एक्सपर्ट।

## मानसिक स्वास्थ्य को लेकर किया गया मनस्थली कार्यक्रम आयोजित

**गुरुग्राम।** डब्लूएचओ की हालिया पेश की गयी रिपोर्ट में पता चलता है कि दुनिया में हर 8 में से एक व्यक्ति मानसिक स्वास्थ्य समस्या से पीड़ित है। इनमें से कुछ ही लोग मानसिक बीमारी का समाधान ढूंढ़ने के लिए साइकैट्रिक क्लीनिक या अस्पताल जाते हैं।

ऐसा देखा गया है कि समाज में मानिसक बीमारी को लेकर नकारात्मक चीजें फैली हुई है, इसलिए पीड़ित इलाज ढूढ़ने में संकोच किया जाता है। ऐसी स्थिति में मेंटल हेल्थ वेलनेस प्लेटफार्म मनस्थली ने एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें लोगों को मानसिक बीमारियों के प्रति जागरुक किया गया। मनस्थली की फाउंडर डॉ. ज्योति कपूर ने कहा कि हमने मानसिक बीमारी के बारे में जागरुकता फैलाने के लिए इस तरह के मेंटल हेल्थ फेस्टिवल को आयोजित करने का फैसला किया, ताकि लोगों को समय से डायग्नोसिस कराने में मदद मिल सके। बीमारी की अच्छे से रोकथाम हो सके। इसके अलावा हम यह भी चाहते थे कि लोग मानसिक बीमारी जिन वजहों से होती है, उसे जानें और उसे लेकर अपने लाइफ स्टाइल में बदलाव करें। मनोत्सव मन का जश्न मनाने का एक त्योहार है, क्योंकि मन शरीर और आत्मा के बीच एक सर्वोत्कृष्ट कड़ी है, जिसकी वजह से हम अपार क्षमता वाले मानव बनते है। लगभग 300 लोग इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने, चर्चा करने और अपने अन्दर की शक्ति का आनंद लेने के लिए शामिल हुए। किसी भी बीमारी का प्रबंधन केवल डॉक्टर और मरीज के बीच सहयोग से ही होता है।

## संक्षिप्त समाचार

### भगवान वाल्मीकि जयंती पर उन्हें किया गया नमन



**गुरुग्राम।** महाकाव्य रामायण की रचना कर प्रभु श्रीराम के पावन एवं आदर्श चरित्र से समूचे विश्व को परिचित करवाने वाले आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जी समस्त समाज में सभी के लिए भगवान रूपी रहे है, उनके द्वारा समाज में अनेक ऐसी गाथा रची है, जिससे समाज में एकता बनी रहे। रविवार को उनकी जयंती पर भाजपा नेता सुमेर तंवर समेत अनेक लोगों ने उन्हें नमन किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता सुमेर सिंह तंवर के अलावा राजेश बोहरा, बार के प्रधान राहुल भारद्वाज, अंकित सिंह ने भगवान वाल्मीकि के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। सुमेर सिंह तंवर ने कहा कि भगवान वाल्मीकि ने जिस तरह से समाज को सही मार्ग दिखाया है, उस मार्ग पर हमें चलना चाहिए। समाज में वैर-भाव का त्याग करके आदर्श भाईचारा स्थापित करना चाहिए। जयंती में मंदिर के प्रधान किरपाराम, उपप्रधान रामजी, कोषाअध्यक्ष पवन, वरिष्ठ सलाकार नरेश, रोहित, बबलू, मन्नी, अनिकेत आदि की ओर से भजन आदि गाकर जयंती मनाई।

### मौसम साफ होते ही निर्माण कार्य होंगे शुरू: राहुल

**फरीदाबाद।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे लिंक रोड को केजीपी एक्सप्रेस वे से जोड़ने वाली बल्लभगढ़-मोहना रोड को फोरलेन करने का काम इस सप्ताह शुरू होने की उम्मीद है। इस बारे में हरियाणा रोड एंड ब्रिज डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के डीजीएम राहुल सिंह ने बताया कि कंपनी ने साइट का सर्वे शुरू किया हुआ है। पेड़ों की कटाई चल रही है। मौसम साफ होते ही क्लीयर जगहों पर निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि कंस्ट्रक्शन कंपनी की मशीन साइट पर पहुंचने लगी हैं और लेवर भी आ गई है। कंपनी ने केजीपी एक्सप्रेस वे की तरफ से काम शुरू करने की योजना बनाई है। इस रोड के फोरलेन होने से इस क्षेत्र में विकास को नई दिशा मिलेगी। साथ ही क्षेत्र के लोगों की दो एक्सप्रेस वे व शहर से कनेक्टिविटी बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल यह सड़क टू लेन बनी हुई है और इस पर काफी अधिक ट्रैफिक रहता है, जिससे अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। ऐसे में इस सड़क को फोर लेन करने की योजना बनाई गई है। रोड के रास्ते में आ रहे पेड़ों की कटाई चल रही है। अब रोड का निर्माण करने वाली कंपनी ने भी मोर्चा संभालना शुरू कर दिया है। उम्मीद है कि मौसम साफ होते ही सड़क का काम शुरू कर दिया जाएगा।

### रिमझिम बारिश के बीच सरस मेले के फूड कोर्ट में दिखी भीड़



**गुरुग्राम।** शुक्रवार से हो रही भारी बारिश रविवार को भी जारी रही। बारिश के बीच सेक्टर-29 के लेजर वैली पार्क ग्राउंड में चल रहे सरस आजीविका मेले में लोगों का आना शुरु हो गया। 7 से 23 अक्टूबर तक चलने वाले इस मेले में गुरुग्रामवासियों ने अपने वीकेंड का पूरा फायदा उठाते हुए शनिवार को शॉपिंग के साथ खानपान का भी आनंद लिया। गुरुग्राम में रह रहे केरला निवासी अरुण कुमार केएम ने राजस्थान की पारंपरिक रेसिपी दाल-बाटी और चूरमे का पहली बार मजा लिया। अरुण कुमार ने कहा खाने के शौकीन लोगों को इस राजस्थानी व्यंजन को जरूर ट्राई करना चाहिए। गुरुग्राम के सेक्टर-102 निवासी रोहित खत्री और खुशी राठौर ने फूड कोर्ट में हैदराबाद के खाने का जायका लिया। आम लोगों के साथ गुरुग्राम के वीआईपी लोगों के आने का भी सिलसिला लगा रहा। गुरुग्राम जिला परिषद के सीईओ व नगराधीश अनु श्योकंद ने फूड कोर्ट में राजस्थानी प्याज कचौरी और बिहार की स्पेशल डिश लिट्टी चोखा का मजा लिया।

# गुरुग्राम पुलिस ने ठगी के शिकार लोगों के 62.80 लाख रुपये बचाए

## ठगी की तुरंत सूचना दिए जाने पर पुलिस ने दिखाई सक्रियता

## पीड़ित को 1930 नंबर पर कॉल करके तुरंत देनी होती है शिकायत



**संजय कुमार मेहरा।** गुरुग्राम

**गुरुग्राम** की साइबर पुलिस के साथ उन लोगों की सक्रियता से पुलिस ने गत सितम्बर माह में 62.80 लाख रुपये बचाए, जिनके साथ किसी न किसी रूप में साइबर ठगी हुई थी। समय रहते खुद लोगों ने भी तत्परता से पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लेकर ठगी करके खातों से निकाली गई राशि को यानी ट्रांजेक्शन को ही फ्रिज कर दिया। पुलिस की यह कार्यप्रणाली काबिले तारीफ है।

सितम्बर 2022 में कई ठगी के मामले हुए। किसी न किसी रूप में ठगों द्वारा लोगों से यह ठगी की गई। किसी को कॉल करके, किसी से ओटीपी पूछकर, किसी का कार्ड नंबर लेकर तो किसी को ऑनलाइन लिंक भेजकर ठगी को अंजाम दिया गया। इस तरह से ठगों ने 62 लाख 80 हजार 215 रुपये की ठगी को अंजाम दिया। यह तो रही ठगों की करतूत। ठगों की इस करतूत का शिकार हुए लोगों ने भी तुरंत इस पर सक्रियता दिखाते हुए 1930 नंबर पर कॉल करके जानकारी दी। इस जानकारी का लाभ यह हुआ कि गुरुग्राम की साइबर पुलिस ने उस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए उन खातों को फ्रीज करवा दिया, जिनमें ठगों ने रकम ट्रांसफर की थी। साथ ही वह रकम वापस पीड़ितों के खातों में भिजवाई गई। इस तरह से साइबर पुलिस गुरुग्राम ने बीते माह सितम्बर-2022 में ठगों द्वारा नागरिकों के 62,80,215 रुपए ब्लॉक करवाए हैं।

**गृह मंत्रालय ने शुरू की है 1930 नंबर से हेल्पलाइन :** ऑनलाइन ठगी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ऐप/एप्लिकेशन और बैंकिंग सिस्टम में सेंधमारी कर साईबर अपराधी लोगों के साथ धोखाधड़ी कर रहे हैं। इस तरह नागरिकों को ठगी से बचाने के लिए भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने पोर्टल तैयार किया है। जिसका हेल्पलाइन नंबर-1930 भी जारी किया है। जिस पर पीड़ित साईबर अपराध से संबंधित अपनी शिकायत दे सकते हैं। ऑनलाइन/साइबर ठगी का शिकार हुआ पीड़ित जैसे ही हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत देता है। फ्रॉड की जानकारी के आधार पर जिस अकाउंट में पैसा पहुंचा होगा, साईबर अपराध डेस्क द्वारा उसी समय उस अकाऊंट को फ्रीज कर दिया जाता है। बैंक अकाउंट फ्रीज होने के बाद ठग/मालिक उससे पैसा निकाल नहीं पाएगा। साथ ही पीड़ित के अकाउंट से ट्रांसफर किए गए पूरे रुपये वापस पीड़ित के खाते में वापस कराए जाएंगे।

**साइबर अपराध के प्रति कर रहे जागरुक : उपासना सिंह :** पुलिस उपायुक्त दक्षिण गुरुग्राम उपासना सिंह ने बताया कि अक्टूबर माह के शुरू से ही प्रत्येक दिन गुरुग्राम पुलिस द्वारा लोगों को साईबर अपराधों के बारे में जानकारी देकर जागरुक किया जा रहा है। इसी कड़ी में रोज स्कूल, कॉलेजों, विश्वविद्यालय, शॉपिंग मॉल्स, बस स्टैण्ड, ग्राम पंचायत व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर साईबर अपराध के बारे में जागरुक किया जा रहा है।

# भगवान वाल्मीकि का जीवन देता है श्रेष्ठ व्यक्ति बनने की प्रेरणा : नवीन गोयल

## संस्कृत रामायण का रचना करके वे श्रेष्ठ कहलाए

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**रविवार** को यहां पुराना रेलवे रोड स्थित नई बस्ती में भगवान वाल्मीकि की जयंती भव्यता से मनाई गबई। इस समारोह में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल मुख्य अतिथि रहे। मेयर मधु आजाद कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व पार्षद दलीप साहनी, पार्षद रजनी साहनी, योगेंद्र सारवान, अनिल अटवाल जिला माइनिंग अधिकारी मौजूद रहे। नवीन गोयल ने यहां भव्य आयोजन के लिए भगवान वाल्मीकि समाज कल्याण सभा को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान भगवान वाल्मीकि द्वार का भी उद्घाटन किया गया। जयंती कार्यक्रम में जिला खनन अधिकारी अनिल आठवाल, पार्षद योगेंद्र सारवान, समाजसेवी पवन पाहुजा, अंबेडकर सभा के प्रधान रतन सिंह, कबीर मंदिर के प्रधान डा. के. लाल, रविदास सभा के महासचिव ज्वाला प्रसाद, समाजसेवी प्रताप सिंह कदम, सेक्टर-5 आरडब्ल्यूए प्रधान दिनेश वशिष्ठ, जितेंद्र भल्ला, पवन आनंद ने शिरकत की। अपने संबोधन में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कहा कि भगवान वाल्मीकि का जीवन श्रेष्ठ व्यक्ति बनने की प्रेरणा देता है। संस्कृत रामायण का रचना करके वे श्रेष्ठ कहलाए। उनके द्वारा रचित संस्कृत रामायण महाकाव्य हमें जीवन के सत्य, कर्तव्य से परिचित कराता है। वाल्मीकि जी ने रामायण की रचना समाप्त करने के बाद इसे लव व कुश को पढ़ाया। उन्होंने इस महाकाव्य को गाया।


नई बस्ती में वाल्मीकि जयंती समारोह में अतिथियों का स्वागत करते आयोजक।

# भारी बारिश ने फिर की बत्ती गुल, जनता परेशान

## निगम अधिकारी ग्रामीण क्षेत्र में 5 फीसदी सप्लाई चालू रहने का कर रहे दावा

## बारिश के साथ चली तेज हवा से बिजली की लाइनों पर पेड़ टूट कर गिरे

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**शनिवार** को भारी बारिश होने से ग्रामीण क्षेत्र में 16 तथा शहरी क्षेत्र में 9 घंटा बिजली सप्लाई ठप रही। निगम अधिकारी ग्रामीण क्षेत्र में 50 फीसदी सप्लाई चालू रहने का दावा कर रहे है। वहीं क्षेत्र में बार-बार लगे कट से सप्लाई आती रहने का दावा किया जा रहा है।

एक बार फिर बारिश ने बिजली निगम के 24 घंटा सप्लाई देने के दावों को फेल कर दिया। शनिवार को बारिश के साथ चली तेज हवा से बिजली की लाइनों पर पेड़ टूट कर गिर गए। जिससे कई स्थानों पर पोल के जमीन पर गिरने से सप्लाई ठप हो गई। बिजली सप्लाई सबसे अधिक ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे फीडरों पर हुई जिनकी लंबाई 8 से 12 किलोमीटर की है। छोटे फीडरों पर बिजली की सप्लाई ने इतना परेशान नहीं किया।

### शहर में बिजली ने की आंख मिचौली

**शहरी** क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की सभी चार फीडरों पर आंख-मिचौली करती रही, लेकिन सबसे ज्यादा बिजली का कट बालूदा मार्ग, शिव कॉलोनी, फ्रे ड्स कॉलोनी, दुर्गा कॉलोनी आदि में रहा। इन कॉलोनियों में शनिवार की देर रात से बिजली गुल होने के कारण सुबह तक घरों में लगे इंवेटर की पावंर भी समाप्त हो गई। जबकि तीन अन्य फीडरों पर बिजली सप्लाई कट के आना जाना लगा रहा।

> **ग्रामीण** क्षेत्र में रात के समय में भी 50 फीसदी बिजली सप्लाई रही। जबकि शहरी क्षेत्र में सबसे ज्यादा फीडर दो पर लंगा कट रहा। जल्द ही फीडर दो की लाइन को दो अलग-अलग लाइनों में विभाजित किया जाएगा। बारिश समाप्त के बाद फीडर दो पर भी बिजली कटों से निजात मिल जाएगी। लियाकत अली
> **(एसडीओ बिजली निगम)**

### पेयजल आपूर्ति रही बाधित

**ग्रामीण** क्षेत्र में शनिवार की शाम व रविवार की सुबह बिजली गुल होने के कारण पेयजल की आपूर्ति नहीं हो सकी। ग्रामीण संजय का कहना है कि रविवार साप्ताहिक अवकाश होने के कारण पेयजल आपूर्ति न आने से अधिक परेशानी नहीं हुई, लेकिन बारिश से मच्छरों का आतंक बढ़ गया है। जिसके कारण पूरी रात मच्छरों ने नींद को उड़ाकर रखा।

# वृक्ष लगाएं जीवन बचाएं अभियान में किया पौधारोपण

**गुरुग्राम।** वृक्ष ही जीवन है, इस उद्देश्य के साथ पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने रविवार को यहां संजय ग्राम ब्लॉक-ए आरडब्ल्यूए के साथ में वृक्षारोपण किया। साथ ही उन्होंने गुरुग्राम समेत पूरे प्रदेश की जनता से अपील की है कि एक बार फिर से बरसात शुरू हो चुकी है। भले ही यह बेमौसमी बरसात हो, लेकिन हमें इसका भी लाभ उठाते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाने हैं। इस दौरान लोगों को कपड़े के थैले वितरित करके सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने का आह्वान किया गया।

वृक्ष लगाएं जीवन बचाएं अभियान के तहत उन्होंने संजय ग्राम में यहां पौधारोपण किया। इस कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी सुधीर कलसन की ओर से किया गया। नवीन गोयल ने कहा कि मानव प्राकृतिक वातावरण को खराब करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस आधुनिक दुनिया में मनुष्य के सभी कार्य सीधे प्राकृतिक वातावरण को प्रभावित करते हैं। पर्यावरण संबंधी समस्याओं में दुनिया की आबादी में तेजी से विकास, प्राकृतिक संसाधनों का अधिक दोहन होना, जंगलों और झीलों का अस्तित्व समाप्त होना, भूमिगत पानी का घटना, पीने योग्य पानी में निरंतर कमी, पेड़-पौधों में कमी आदि शामिल हैं। सुधीर कलसन ने नवीन गोयल को संजय ग्राम की समस्याओं से अवगत कराया। जिनके समाधान का उन्होंने आश्वासन दिया। श्री गोयल ने पर्यावरण पर अपनी बात रखते हुए कहा कि पर्यावरण दो प्रकार के होते हैं, प्राकृतिक पर्यावरण और निर्मित पर्यावरण। प्राकृतिक पर्यावरण वो होता है जो हमारे चारों और प्राकृतिक रुप से अस्तित्व में रहता है। जिसके लिए मनुष्य जिम्मेदार होता है। ऐसे बहुत से प्राकृतिक और अप्राकृतिक कारण हैं जो पूरे प्राकृतिक वातावरण को प्रदूषित करते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार बाहरी वायु प्रदूषण पर्यावरण की प्रमुख समस्या है। इस अवसर पर एससी मोर्चा भाजपा गुरुग्राम के जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कलशन, आरडब्ल्यूए के प्रधान धर्म सिंह, राधे श्याम, विजय राघव, कबूल सिंह, पंकज, अभिषेक, जाटन सिंह, पूर्व आईआरएस राम नारायण, वीना, कृष्ण रोहिल्ला, जतन बिसोया, पंकज सैनी आदि उपस्थित रहे।


संजय ग्राम में पौधारोपण करते नवीन गोयल व अन्य लोग।

# स्वाधीनता आंदोलन के कथानक को समेटे है उपन्यास निशांत का कोहरा घना

## उपन्यास निशांत का कोहरा घना पर हुई परिचर्चा में प्रो. कर्ण सिंह चौहान ने रखे विचार



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**साहित्य** अकादमी में कमलाकांत त्रिपाठी के ऐतिहासिक सांस्कृतिक उपन्यास निशांत का कोहरा घना पर परिचर्चा संपन्न हुई। वक्ताओं ने उपन्यास के विभिन्न एतिहासिक व सांस्कृतिक पहलुओं पर प्रकाश डाला। वक्ताओं द्वारा इसे वर्तमान दौर का बेहतरीन उपन्यास बताया गया।

विषय प्रवर्तक के रूप में बोलते हुए प्रोफेसर कर्ण सिंह चौहान ने कहा, डॉक्टर कमलाकांत त्रिपाठी का उपन्यास निशांत का कोहरा घना श्रेणी विशेष के बजाय एक समग्रता को समेटे हुए दिखाई पड़ता है। जिसमें किसान भी है, सर्वहारा समाज भी है, राजनीति की भी बात है, मजदूर की भी बात है। यह उपन्यास तमाम रूढ़ियों को तोड़ता है। किताबघर प्रकाशन से प्रकाशित कमलाकांत त्रिपाठी के ऐतिहासिक सांस्कृतिक उपन्यास निशांत का कोहरा घना पर परिचर्चा में प्रोफेसर नित्यानंद तिवारी, विषय प्रवर्तक के रूप में डॉक्टर कर्ण सिंह चौहान, अनिल जोशी, उपाध्यक्ष केंद्रीय हिंदी शिक्षण मंडल,अनंत विजय, मलखान सिंह उपस्थित थे। वक्ताओं ने बताया कि उपन्यास हिंसा और अहिंसा के बीच झूलता 1942 का आंदोलन 1857 की क्रांति के बाद भारतीय स्वातंत्र्य चेतना की सबसे जीवंत अभिव्यक्ति है। जनमानस को इसने इस कदर आलोडित किया कि देश की कालातीत जातीय स्मृति का जैविक अंग बन गया। 'निशांत का कोहरा घना' इस आंदोलन में सक्रिय भूमिगत, छापामार क्रांतिकारियों के एक संगठित समूह की अंतर्कथा है। आंदोलन की मुख्यधारा के अंतर्विरोधों, सत्ताकामी अभिप्रेतों और विचलनों के प्रतिरोध में खड़े प्रगतिशील, नि:स्वार्थ और अग्रदर्शी चरित्रें के धूमिल दस्तावेज की पुनर्रचना का एक निष्ठावान प्रयास भी। उपन्यास मानव-मन के उन अंधेरे कोनों की पड़ताल भी करता है जो कल, आज और कल के बीच स्थायी सूत्र बनाते, हमारी समेकित प्रगति के मार्ग में कांटे बने हुए हैं। उपन्यास के कथानक का जिक्र करते हुए वक्ताओं ने बताया कांग्रेस नेताओं के जेल में बंद हो जाने और कांग्रेस दल के निषिद्ध हो जाने से बने राजनीतिक शून्य में सांप्रदायिक ताकतों को राष्ट्रीय अस्मिता के मूल्य पर खुला खेल खेलने का मौका मिल गया। उसी के चलते अंतत: देश का अतार्किक, त्रसद और रक्तरंजित विभाजन हुआ। लेखक के पूर्व-प्रकाशित उपन्यास 'तरंग' के कथा-विधान की निरंतरता में, उसकी आगे की कड़ी के रूप में, यह स्वातंत्र्य-पूर्व के उस कुहासे को भेदने का उपक्रम है।

# दमदमा झील में 30 साल के बाद भरा रिकार्ड तोड़ पानी

## झील में जलभराव से पर्यटक और खिलाड़ियों के चेहरे खिल उठे

## निजी रिसोर्ट मालिकों से लेकर हरियाणा टूरिज्म निगम का सारस पर्यटन स्थल


दमदमा झील में आया रिकार्ड तोड़ पानी।

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**शनिवार** की सुबह से लेकर देर रात तक हुई बेमौसम भारी बारिश से दमदमा झील में रिकार्ड तोड़ पानी जमा हुआ है। ग्रामीणों का दावा इससे पहले झील में 30 साल पहले इतने पानी का भराव हुआ था। झील में जलभराव से पर्यटक और खिलाड़ियों के चेहरे खिल उठे है।

शुक्रवार को शुरू हुई हल्की-हल्की बारिश ने शनिवार की सुबह से देर रात तक रुकने का नाम नहीं लिया। गुरुग्राम जिले में सबसे ज्यादा शनिवार की शाम 45 एमएम तथा शनिवार की रात में रविवार की सुबह 7 बजे तक 70एमएम बारिश सोहना ब्लॉक में हुई। इस रिकार्ड तोड़ बारिश से दमदमा झील में आया बारिश के पानी ने भी 30 वर्ष पुराना रिकार्ड तोड़ दिया है।

झील में भारी जलभराव से इसके आस पास बने निजी रिसोर्ट मालिकों से लेकर हरियाणा टूरिज्म निगम का सारस पर्यटन स्थल पर सर्दी के मौसम में पर्यटक की संख्या बढ़ने का अनुमान लगा रहे हैं। जिससे कोरोना कॉल में ठप हुआ कारोबार एक बार फिर से बढ़ने के आसार बनने लगे है। सारस पर्यटन स्थल के प्रभारी राजेश शर्मा ने बताया कि 2020 में आया कोरोना के बाद से पर्यटकों की संख्या गर्मी के मौसम में 15 से 20 फीसदी तथा सर्दी के मौसम में 50 से 55 फीसदी रही है।

जिसका कारण गर्मी के मौसम में झील में पानी नहीं होना तथा सर्दी के मौसम में ही पर्यटकों को नौकायान का आनंद मिलता था, लेकिन इस बार हुई बारिश से झील लबालब हो गई है। जिसमें पर्यटकों को नौकायान करने का पूरा आनंद मिलेगा। निजी रिसोर्ट प्रबंधक बबली ने बताया कि यहा आने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र झील का पानी है। उन्हे पूरी उम्मीद है कि पर्यटक नौकायान के इरादे से भ्रमण के लिए दो साल की अपेक्षा इस बार अधिक पर्यटक आएगा।

**30 साल का टूटा रिकार्ड :** दमदमा झील में इससे पहले 1993-94 में हुई बारिश से पानी इतना पानी आया था। उसके बाद शनिवार को दिन और रात में हुई बारिश से रिकार्ड बना है। यहां के निवासी सतबीर का कहना है कि झील के पार जाने के लिए ग्रामीणों को नाव की मदद लेकर जाना होता था। इस बार भी भारी जलभराव से झील के पार बने फार्म हाउस, मंदिर पर जाने के लिए ग्रामीणों को नाव का सहारा लेना होगा। सतीश का कहना है कि झील में अधिक समय तक पानी रहने से तलहटी में चिकनाहट बनती है। जिससे जमीन देर से पानी सोखती है।

**खिलाड़ियों के चेहरे खिले :** दमदमा झील में भारी मात्रा में हुआ जलभराव नौकायान खिलाड़ियों के चेहरे खिल उठे हैं। क्याकिंग क्नोइंग एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष श्योराज खटाना ने बताया कि उनके द्वारा 30 से 35 खिलाड़ियों को नौकायान का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एसोसिएशन ही खिलाड़ियों को पूरा खर्च उठाती है। झील में पानी आने से खिलाड़ियों को अपने ही घर के निकट नौकायान का अभ्यास करने का अवसर मिलेगा। इससे पहले करनाल व झज्जर खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए जाना पड़ रहा था। जिससे एसोसिएशन और अभिभावकों की जेब पर भारी आर्थिक खर्चा हो रहा था।

# पेड़ गिरने से रास्ता हुआ बंद, मरीजों को हुई परेशानी

कविता। फरीदाबाद

जिले के बादशाह खान सिविल अस्पताल में बीती रात बरसात और तेज हवा के कारण एक पेड़ अचानक गिर गया। सड़क के बीचों बीच पेड़ गिरने अस्पताल का मुख्यद्वार पूरी तरह से बंद हो गया। जिसके कारण एम्बुलेंसों को आने जाने में काफी परेशानी हुई। इसके अलावा रात को घायल होकर अस्पताल आने वाले मरीजों को काफी परेशानियां झेलनी पड़ी, क्योंकि अस्पताल का मुख्य द्वार बंद होने के कारण गाड़ियों को एमसीएफ मुख्यालय के सामने मौजूद गेट से गुजरना पड़ा। लेकिन इस गेट पर उन्हें बरसात के भरे पानी के कारण काफी परेशानियां हुई। इस गेट के पास रात को लाइट की व्यवस्था भी नहीं होती।

**परेशानियों का कारण बना टूटा पेड़ :** बीके के मुख्यद्वार पर बीती रात पेड़ टूट कर गिर गया। जिस कारण गेट से आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया। हालांकि सुबह पेड़ को साइड में करके निकलने का रास्ता क्लीयर कर दिया गया। लेकिन रात को आए मरीजों को यहां परेशानियां झेलनी पड़ी, क्योंकि दूसरे गेट पर पानी भरने के कारण लोगों को परेशानियां हो रही थी। वहीं बीके में


बीके में मुख्यद्वार के आगे गिरा हुआ टूटा पेड़।

मौजूद तीसरा गेट जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने मनमानी करते हुए पूरी तरह से बंद करवा रखा है। जिससे मरीजों को बीती रात परेशानियों का सामना करना पड़ा।

**अधूरी सड़क से परेशानी:** अस्पताल प्रबंधन की तरफ से परिसर में नई सड़कें बनवाई थी। जिसके तहत एमसीएफ के सामने और रेडक्रॉस के फिजियोथैरेपी सेंटर के साथ लगते गेट के सामने के हिस्से को खुदाई करके छोड़ दिया है, लेकिन काफी समय बाद भी यहां सड़क नहीं बनाई। लेकिन अस्पताल परिसर में सड़कें पूरी बन गई, लेकिन इस गेट के हिस्से को छोड़ दिया गया। जिस कारण यहां खुदाई के बाद निकाली गई मिट्टी बरसाती पानी में बहकर गेट के सामने जमा हो जाती है और बरसाती पानी यहां तलाब का रूप ले लेता है। पानी भरने और मिट्टी के कारण यहां फिसलन इतनी अधिक हो जाती है कि बाइक और स्कूटर सवारों का निकलना यहां दुर्भर हो जाता है। ऐसे में बीती रात बरसात के कारण टूटे पेड के कारण मुख्यद्वार बंद होने से यहां से निकलने में निजी वाहनों से इलाज को आए मरीजों को परेशानियां झेलनी पड़ी।

## कार सवारों ने युवक पर किया हमला

फरीदाबाद। दोस्त के भतीजे का सीटी स्कैन कराने सेक्टर-3 स्थित नर्सिंग होम में गए एक युवक को कार सवारों ने मारपीट कर लूट लिया। हमलावरों पर युवक ने सोने की चेन और कैश छीनने का भी आरोप लगाया है।

पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक सेक्टर-8 थाने में दर्ज मामले के अनुसार राजा नाहर सिंह कॉलोनी निवासी गौरव बेनीवाल ने दी अपनी शिकायत में बताया कि 2 अक्टूबर की रात 11 बजे दोस्त प्रदीप हुड्डा के साथ भतीजे दीपक का सीटी स्कैन कराने के दौरान घटना हुई।

# बरसात में बिजली व्यवस्था चरमराई एक दिन में तीन हजार शिकायतें दर्ज

### कहीं पेड़ टूटने से तो कहीं बिजली के खंभे गिरने से घंटों गुल रही बिजली

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


सेक्टर-31 में पेड़ टूटने से बिजली के टूटे तार और पेड़ के नीचे दबी कार।


सेक्टर-21 सी में पेड़ के बिजली के पोल पर गिरने से टूटे तार।

पिछले दो दिनों से शहर में हो रही बरसात के कारण लोगों को जहां एक तरफ जलभराव के कारण परेशानियां हुई। वहीं दूसरी तरफ जिले में बिजली व्यवस्था भी बुरी तरह चरमरा गई है। बिजली कट की परेशानियों से लोगों को लगातार जूझना पड़ रहा है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बिजली निगम के पास एक दिन में बिजली के फाल्ट की करीब तीन हजार शिकायतें आई हैं।

इस दौरान बिजली कर्मचारी पब्लिक को बताते रहे कि बिजली कट कहीं तार टूटने से, कहीं खंभा गिरने से तो कहीं पेड़ के गिरने के कारण हुआ है। इसके अलावा अनेक स्थानों पर लगातार पानी गिरने से तारों में हुई स्पार्किंग और करंट आने तथा आग लगने के कारण फाल्ट हुआ है। बिजली के अभाव में कई स्थानों पर लोगों के सामने पेयजल की किल्लत भी आ रही है।

जानकारी के मुताबिक तेज हवा और बारिश के कारण शहर के विभिन्न इलाकों में बिजली सप्लाई लगातार बाधित हो रही है। कुछ इलाकों में पूरी रात फाल्ट के कारण बिजली का कट लगा रहा। वहीं कुछ स्थानों में कई घंटों की बिजली कटौती से लोग परेशान रहे। इस दौरान कुछ इलाकों में तो रात 11 बजे गई बिजली अगले दिन सुबह नौ बजे बहाल हो पाई। लोगों का कहना है कि बरसात के कारण पिछले दो दिन से बिजली व्यवस्था का बुरा हाल है। बिजली नहीं होने से पेयजल सप्लाई भी कई इलाकों में प्रभावित हो रही है।

**इन इलाकों में रहा बिजली कट:** भारत कॉलोनी, एनआईटी एक, दो, तीन, चार, पांच, सेक्टर 15, 21 तथा ग्रेटर फरीदाबाद के कई इलाकों में शनिवार की रात 11 बजे से गई बिजली सुबह करीब नौ बजे चालू हो पाई। बिजली के अभाव में अनेक घरों में लगे इनवर्टर भी ठप हो गए।

**यह कारण गया :** बरसात के दौरान पिछले 24 घंटों में बिजली निगम के पास 2900 से ज्यादा शिकायतें आई हैं। रात भर बिजली न रहने की वजह फाल्ट और ब्रेक डाउन बताया गया है। वहीं लोगों ने बताया कि बिजली व्यवस्था में सुधार की काफी जरुरत है। हर साल बिजली निगम सुधार के बड़े बड़े दावें करता है। मगर बारिश में निगम के सभी दावे खोखले साबित हो जाते हैं। वहीं दूसरी तरफ बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता श्यामबीर सैनी ने बताया कि बारिश के दौरान कुछ देर के लिए बिजली बंद की गई थी, लेकिन इसके बाद चालू कर दी गई थी।

## चार सफाई कर्मियों की मृत्यु के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद





क्यूआरजी अस्पताल में 5 अक्टूबर के दिन सीवर सफाई के दौरान हुई दुर्घटना के मामले में पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के द्वारा दिए गए निर्देश पर कार्रवाई करते हुए एसीपी महेंद्र वर्मा ने चौकी सेक्टर 16 की टीम के साथ मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में मुनेश कुमार और सतीश कुमार का नाम शामिल है। दोनों आरोपी मुनेश व सतीश कुमार दिल्ली के अंबेडकर नगर के रहने वाले हैं। मृतक सफाई कर्मी ठेकेदार मुनेश के पास करीब पिछले 5 वर्ष से काम कर रहे थे। घटना 4 दिन पहले की है जिसमें मृतक रोहित पुत्र धर्मेंद्र, रवि पुत्र धर्मेंद्र, विशाल पुत्र रमेश तथा रवि पुत्र राजू की क्यूआरजी अस्पताल में सफाई के दौरान मृत्यु हो गई थी। सभी युवक दक्षिणपुरी दिल्ली के संजय कैंप के रहने वाले हैं। इनकी उम्र लगभग 25 वर्ष है। पुलिस जांच में सामने आया कि सफाई के लिए हर महीने क्यूआरजी आते थे। क्यूआरजी हॉस्पिटल के सेफ्टी टैंक के पास सफाई कर रहे थे दो युवक अंदर सफाई के लिए उतरे थे गैस की वजह से बेहोश होने पर दूसरे दो युवक उन्हें बाहर निकालने के लिए जैसे ही अंदर उतरे वह भी बेहोश हो गए, जिनकी भी मृत्यु हो गई। परिजनों की शिकायत पर चौकी सेक्टर 16, थाना सेक्टर 17 में लापरवाही के जिम्मेदार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसकी लगातार तफ्तीश एसीपी महेंद्र वर्मा द्वारा की जा रही थी। जिसमें दो आरोपियों को कल शाम को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को आज कोर्ट में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

सरकार की पॉलिसी के तहत चारों मृतकों को श्रम विभाग तथा एससी एसटी एक्ट के मुताबिक मुआवजा दिया जाएगा। मामले में क्यूआरजी हॉस्पिटल प्रबंधन के द्वारा लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी है जिन्हें गिरफ्तार किया जाएगा, पुलिस की तफ्तीश जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### भगवान का चरित्र बताने वाले महान ऋषि थे वाल्मीकि : नागर


तिगांव में आयोजित वाल्मीकि जयंती पर पुष्प अर्पित करते विधायक राजेश नागर व अन्य।

फरीदाबाद। हजारों साल पहले भगवान का चरित्र लिखने वाले महान ऋषि वाल्मीकि के प्रति हमें कृतज्ञ रहना चाहिए। उन्होंने रामायण लिखी। जिसे आज भी हम भगवान के चरित्र के बारे में जानकारी प्राप्त होती है। यह बात विधायक राजेश नागर ने तिगांव में आयोजित वाल्मीकि जयंती कार्यक्रम में कही। विधायक राजेश नागर ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और लोगों को उनके चरित्र से शिक्षा लेने की प्रेरणा दी। नागर ने कहा कि ऋषि परंपरा हम सभी भारतीयों की पूर्वज है। हमें अपने ऋषियों को याद करना चाहिए और उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में भी स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि का चरित्र समाज के लिए, एक सीख है जो हमें बताती है कि हम कभी भी अपने कर्मों के आधार पर श्रेष्ठता को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने अपने जीवन में बड़े बदलाव किए और समाज को भगवान का महाकाव्य रामायण प्रदान किया। जिसे पढ़-सुनकर हम आज भी भगवान के गुणगान करते हैं। यह उन आदिकवि वाल्मीकि की ही कृपा है कि हमारी संस्कृति हजारों वर्षों के बाद भी अटूट है। इस अवसर पर अमन नागर, दयानंद नागर, विक्रम प्रताप सिंह, जितेंद्र चंदेलिया आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### ग्रेफ में एचएसवीपी करेगा जिमखाना क्लब का निर्माण

फरीदाबाद। ग्रेटर फरीदाबाद में अलग से हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) जिमखाना क्लब का निर्माण करेगा। इस बारे में जानकारी देते हुए एचएसवीपी एसई राजीव शर्मा ने बताया कि सेक्टर-78 में जिमखाना क्लब बनाने के लिए एस्टीमेट को मंजूरी मिल चुकी है। अब इसके निर्माण को लेकर आगे की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि जिमखाना क्लब के लिए लगभग 13 करोड़ रुपये के एस्टीमेट को मंजूरी मिल चुकी है। अब जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू कर क्लब का निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि सेक्टर 78 में उत्तर भारत का सबसे बड़ा कंवेंशन सेंटर बनाया जाना है। इसी सेक्टर में एक कम्युनिटी सेंटर, सेक्टर 76 में फायर स्टेशन का निर्माण होना है। इसके साथ ही सेक्टर 78 में जिमखाना क्लब भी बनाया जाना है। सीएम मनोहर लाल ने यहां जिमखाना क्लब बनाने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि एचएसवीपी बिल्डिंग का स्ट्रक्चर डिजाइन तैयार करने, इसके लिए जरूरी सर्वे आदि करने के लिए एक निजी कंपनी को हायर करेगा। उसके बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उम्मीद है कि नए साल की शुरुआत में ग्रेटर फरीदाबाद के पहले जिमखाना क्लब की बिल्डिंग का निर्माण शुरू हो जाए। जिमखाना क्लब में टेनिस व बैडमिंटन कोर्ट विभिन्न बनाए जाएंगे। इसके अलावा जिम, टेबल टेनिस व स्विमिंग पूल की व्यवस्था भी होगी। मल्टीपरपज हॉल के साथ यहां पर रेस्टोरेंट भी बनाया जाएगा।

### नींद की समस्या से बढ़ रहा मानसिक तनावः डॉ. रोहित



फरीदाबाद। जिले में बढ़ते मानसिक समस्याओं से जूझ रहे मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। रोजाना 5 से 7 नए मरीज अस्पताल में इलाज के लिए पहुंच रहे है। वर्ल्ड मेंटल हेल्थ-डे पर यह कहना है ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड अस्पताल के न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. रोहित गुप्ता का। उन्होंने बताया कि कोरोना काल में लोगों में एंजाइटी लेवल काफी बढ़ गया था, क्योंकि अनेक लोगों ने अपनों को खो दिया, नौकरी चली गई, लोग खुद बीमार हुए, अस्पताल में भर्ती हुए, अपनों से दूर हो गए। इस कारण एंजाइटी और नींद की समस्या काफी बढ़ गई थी। वर्क फ्रॉम होम होने से लोगों का घर से बाहर धूप में निकलना कम हो गया। फिजिकल एक्टिविटी बंद हो गई। लोगों का न सुबह उठने का कोई टाइम था ना रात में सोने का। इससे उनकी पूरी दिनचर्या बदल गई। इससे नींद और एंजाइटी के साथ किसी भी चीज को देखकर अचानक घबरा जाना और कुछ लोगों में डिप्रेशन जैसे लक्षण भी देखे गए। डॉ. गुप्ता ने कहा की बीमारी से बचने के लिए हर रोज योगा करें। ग्रीन टी या कॉफी पीएं, चाहे विकेंड हो या कोई अन्य दिन 6 से 8 घंटे की नींद जरुर लें और दोस्तों के साथ में समय बिताएं तथा लॉफ्टर थैरेपी करें, जिसमें कॉमेडी फिल्म या शो देखें और मौका मिले तो ऐसे कार्यक्रमों में शामिल भी हो, जिससे मनोरोग दूर होने में काफी हद तक मदद मिलेगी है। मरीज में लक्षण दिखाई देने पर तुरंत डॉक्टर को दिखाएं और पूरा इलाज करवाएं।

### बच्चों में भी बढ़ रही हैं मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं

फरीदाबाद। तेजी से बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम को कम करने एवं इस बारे में लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से हर साल 10 अक्टूबर को 'विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है। इस अवसर पर जानकारी देते हुए मैरिंगो क्यू.आर.जी हॉस्पिटल से क्लिनिकल साइकोलोजिस्ट डॉ. जया सुकुल ने कहा कि ओपीडी में रोजाना 15-17 लोग एंजायटी और ऑब्सेसिव कंपल्सिव डिसॉर्डर (ओसीडी) के साथ आते हैं जिसमें सबसे ज्यादा केस एंजायटी के होते हैं। 30-40 वर्ष की आयु वर्ग के सबसे ज्यादा मरीज हैं। ओसीडी-यह एक चिंता करने वाली बीमारी है, जिसमें पीड़ित शख्स किसी बात की जरूरत-से-ज्यादा चिंता करने लगता है। एक ही जैसे अनचाहे ख्याल उसे बार-बार आते हैं और एक ही काम को बार-बार दोहराना चाहता है। वहीं बच्चों में डेवलपमेंटल डिले (समझ-विकास की कमी) और लर्निंग डिसेबिलिटी (सीखने या समझने में दिक्कत आना), एंजायटी संबंधित मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं सामने आ रही हैं। ओपीडी में 50 फीसदी तादाद बच्चों की देखने को मिलती है। रोजाना 5-6 बच्चे आते हैं। बच्चों में अचानक से व्यवहार में परिवर्तन, खाने-पीने की आदतों में अंतर आना, बहुत ज्यादा गुस्सा या चिड़चिड़ापन आना, घर के सदस्यों से बात न करना और दोस्तों के साथ न घूमना और पढ़ाई से ध्यान हटना जैसे लक्षण मानसिक बीमारी की ओर संकेत करते हैं। इस स्थिति में माता-पिता अपने बच्चों की बात को ध्यान से सुने, बच्चों के साथ एक रिलेशनशिप बनाकर और उन्हें जानने की कोशिश करें। कोरोनाकाल में घर में रहने, सामान्य शेड्यूल हिल जाने और मोबाइल स्क्रीन के अत्यधिक इस्तेमाल के कारण बच्चों में ज्यादा परेशानी आई हैं। बच्चों में अवसाद और ध्यान केन्द्रित न कर पाने की समस्या भी देखने को मिल रही है।

### कथा में राम विवाह चरित्र का किया उल्लेख



बल्लभगढ़। श्रीगोपाल मंदिर ट्रस्ट जगदीश कॉलोनी के 44 वे वार्षिकोत्सव राम कथा में वृंदावन से आए स्वामी सुमेधानन्द महाराज ने गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित श्रीरामचरितमानस के राम विवाह चरित्र का उल्लेख किया। गोस्वामी तुलसीदास महाराज कहते है, राम जनकपुरी गए माता सीता के साथ उनका विवाह हुआ देवता भी उनके विवाह में शामिल हुए। अमित प्रकार के मंगल कलश घर घर सजाकर बनाए गए भूप भवन्ह तेहि अवसर सोहा। रचना देखी मदन मन मोहा। मंगल शगुन मनोहर ताई रिद्धि सिद्धि सुख संपदा सुहाई। राजमहल कि शोभा देखकर काम देव भी मोहित हो जाते है। मंगल गान हो रहा है। सोने के थाल भर कर आभूषण लुटाए जा रहे हैं। आकाश में देवता और नगर में लोग सब प्रेम में मगन है। हवन के समय तो अग्नि देव ने शरीर धारण कर आहुति ली। चारों वेदों ने ब्राह्मण का रूप धारण कर विवाह की विधि को बताया। सारे श्रद्धालु गाने और नाचने लगे कुछ श्रद्धालु माता पिताजी की तरफ से और कुछ अपने आप को प्रभु श्री राम जी की तरफ से समझने लगे मंदिर का प्रांगण विवाह स्थल की भांति लग रहा था।

## रामायण के रचयिता थे महर्षि वाल्मीकि : बलजीत


ओल्ड फरीदाबाद भीम बस्ती में वाल्मीकि जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक।

फरीदाबाद। महर्षि वाल्मीकि की जयंती के अवसर पर ओल्ड फरीदाबाद की भीम बस्ती और गांधी कॉलोनी में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में हरियाणा कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक ने शिरकत की। भगवान वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

इस मौके पर बलजीत कौशिक ने भगवान वाल्मीकि की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रामायण लिखने का श्रेय एक ऐसे ऋषि को जाता है, जो नारद मुनि के साथ हुई मुलाकात के बाद उनका हृदय परिवर्तित हो गया था और उन्होंने सत्कर्म का मार्ग अपना लिया था। उन्होंने ब्रह्माजी का कठोर तप कर अपने कार्यों का पश्चाताप भी किया था, जिस पर ब्रह्माजी ने उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर उन्हें वाल्मीकि का नाम दिया था। उन्होंने ही महाकाव्य रामायण की रचना की थी, जो आज भी प्रासंगिक है। कौशिक ने कहा कि जब प्रभु श्रीराम ने माता सीता को त्याग दिया था, तब वह ऋषि वाल्मीकि के आश्रम में रहने लगी थीं, जहां उन्होंने अपने दोनों पुत्र लव और कुश को जन्म दिया था। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि को रत्नाकर के नाम से भी जाना जाता है। रत्नाकर को जब अपने कार्यों का आभास हुआ तो उन्होंने नया पथ अपनाने का फैसला लिया।

## पांच साल से फरार तीन आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने 5 साल से भगोड़े तीन अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अजय टोंगर उर्फ अज्जी, नवीन तथा कपिल का नाम शामिल है। आरोपी अजय बल्लभगढ़ का रहने वाला है वहीं आरोपी नवीन तथा कपिल फरीदाबाद के नवादा गांव के रहने वाले हैं। आरोपी अजय इनमें मुख्य अपराधी है जिसके खिलाफ लड़ाई झगड़ा तथा पुलिस पीओ के 14 मुकदमे दर्ज हैं तथा आरोपी नवीन तथा कपिल के खिलाफ तीन मुकदमे दर्ज हैं। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इन वारदातों में शामिल एक अन्य भगोड़े अपराधी विशाल की मृत्यु हो चुकी है जिस का मृत्यु प्रमाण पत्र माननीय अदालत में जमा करवाया जा चुका है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अपराधी किस्म के व्यक्ति हैं जो लड़ाई झगड़ा मारपीट इत्यादि वारदातों में शामिल रहते हैं।

## बैंडमिंटन चैम्पियनशिप में रोहतक और गुड़गांव का रहा दबदबा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


बैंडमिंटन चैम्पियनशिप के समापन पर विजेता खिलाड़ियों के साथ मुख्य अतिथि।

सेक्टर-14 स्थित मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल में पिछले चार दिनों से चल रही 55वीं डा. ओपी भल्ला हरियाणा स्टेट सब जूनियर बैंडमिंटन चैम्पियनशिप का आज समापन हो गया। चैम्पियनशिप में रोहतक व गुड़गांव के खिलाड़ियों का दबदबा बना रहा, जबकि अंडर-11 बॉयज वर्ग में फरीदाबाद ने बाजी मारी।

इस अवसर पर भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी देवेन्द्र सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। आए हुए अतिथि हरियाणा बैंडमिंटन एसोसिएशन के महासचिव अजय सिंघानिया, एसके मिश्रा, जिला फरीदाबाद बैंडमिंटन एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डा.अमित भल्ला, मानव रचना स्पोर्ट्स एकाडमी के निदेशक सरकार तलवाड़ का जिला फरीदाबाद बैंडमिंटन एसोसिएशन के महासचिव संजय सपरा ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

इस अवसर पर जिला फरीदाबाद बैंडमिंटन एसोसिएशन के टैक्नीनिकल कमेटी के चेयरमैन रवि कालरा, संयुक्त सचिव हेमंत शर्मा व अलका चुग विशेष रूप से मौजूद थे। समापन अवसर पर खेले गए अंडर-11 आयु वर्ग में फरीदाबाद के प्रनीथ बराथी ने पंचकूला के जयेश दुग्गल को 21-10, 21-11 से सीधे सैटों में आसानी से हरा दिया। जबकि बॉयज 13 आयु वर्ग में रोहतक के वेदांत पाहवा ने गुड़गांव के आर्यन डांगी को 21-12, 21-11 से सीधे सैटों में हराया। अंडर-13 गर्ल्स सिंगल आयु वर्ग में गुरुग्राम की देवांशी दलाल ने झज्जर की गौरी कालिया को हराया। जबकि बॉयज डबल अंडर-11 आयु वर्ग में रोहतक के जतिन कुमार व निलेय की जोड़ी ने गुड़गांव की लक्ष्य फौगाट व यहब यादव की जोड़ी को हराया। अंडर-11 गर्ल्स सिंगल आयु वर्ग में गुड़गांव की नंदनी आचार्य ने हिसार को ज्योति को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया। गर्ल्स डबल अंडर-11 आयु वर्ग में पानीपत की आराध्य जागलान व सानवी सैनी की जोड़ी ने पानीपत की ही अभिश्री व सारा की जोड़ी को हराया।

गर्ल्स डबल अंडर-13 फाइनल मुकाबले में झज्जर की जोड़ी गौरी कालिया व जोईल राणा ने गुरुग्राम की देवांशी दलाल व दिव्यांशी की जोड़ी को हराया। वहीं बॉयज डबल-13 आयु वर्ग में रोहतक की जयवर्धन हुड्डा व वेदांत पाहवा की जोड़ी ने रोहतक की ही जगदीप नांदल व जतिन की जोड़ी को आसानी से हराकर फाईनल का खिताब जीता।

# एथलेटिक प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने बटोरे पदक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


राज्य जूनियर एथलेटिक प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी कोच के साथ।

एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि राज्य जूनियर एथलेटिक प्रतियोगिता का तीन दिवसीय आयोजन सात अक्टूबर से नौ अक्टूबर तक राजीव गांधी स्टेडियम रोहतक ने किया गया। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राज्य एथलेटिक प्रतियोगिता में 20 साल लडकी 400 मीटर दौड में सिम्मी भिवानी ने पहला, शिवानी रोहतक ने दूसरा, ईशा सोनीपत ने तीसरा स्थान, 18 साल लडका हैमर थ्रो राहुल भिवानी ने पहला, हंसा भिवानी ने दूसरा और ललित भिवानी ने तीसरा स्थान, 20 साल लडकी हैमर थ्रो ललिता झज्जर ने पहला, पारूल जींद ने दूसरा और रिंकू फतेहाबाद ने तीसरा,14 साल लडका बाल थ्रो इवेंट में एलिस जींद ने पहला, सुमित, श्रुति भिवानी ने स्थान प्राप्त किए। 18 साल लड़की 400 मीटर दौड में आकांक्षा जींद ने पहला, सलोनी कैथल ने दूसरा और आंचल पानीपत ने तीसरा स्थान, 20 साल लडकी 10000 मीटर दौड ज्योति पंचकुला, अनु देशवाल पानीपत और काफी जींद ने स्थान प्राप्त कर अपने जिले की शान बढाई।

राजकुमार मिटान ने बताया कि 20 साल में 10000 मीटर दौड में गगन पंचकुला ने पहला, मोहित और विकास झज्जर ने दूसरा, तीसरा स्थान, 400 मीटर हर्डल 18 साल लडकी में मुस्कान झज्जर, गरिमा जींद और आशिमा झज्जर ने पदक जीते। 20 साल लड़की 400 मीटर हर्डल सिम्मी भिवानी ने पहला, रितिका हिसार ने दूसरा और मोनिका चरखी दादरी ने तीसरा स्थान, 400 मीटर दौड 18 साल में सुनील कुमार सोनीपत ने पहला, साहिल पानीपत ने दूसरा, दीपक भिवानी ने कांस्य पदक, 20 साल लडका 400 मीटर दौड में दीपक सोनीपत ने पहला, सुमित पानीपत ने दूसरा और अनीश भिवानी ने तीसरा स्थान, हैप्टाथलान 20 साल लडकी खुशी रेवाडी ने पहला, अंजलि रोहतक ने दूसरा और कुसुम जींद ने तीसरा स्थान, 18 साल लडकी हैप्टाथलान इवेंट में निशा कैथल ने पहला, कोमल हिसार ने दूसरा और श्रुति करनाल ने तीसरा स्थान, 18 साल लडकी हैमर थ्रो इवेंट में अंकिता, साक्षी और स्नेहा झज्जर ने पदक जीते। 18 साल लड़का हर्डल 400 मीटर अमित दहिया झज्जर, कुलदीप हिसार और प्रिंस लाम्बा भिवानी ने पदक जीते। बाल थ्रो 14 साल लड़का में अंकित भिवानी, ओम बत्तन करनाल और गुलशन महेंद्रगढ ने पदक प्राप्त किए। 16 साल लडका हाई जंप राम सिंह सिरसा ने पहला, लक्ष्य फतेहाबाद ने दूसरा स्थान, 20 साल लड़का 400 मीटर हर्डल गौरव रोहतक ने पहला, विकास भिवानी ने दूसरा और अंकुश देशवाल पंचकुला ने तीसरा स्थान, 18 साल लडका शाट पुट इवेंट में सावन रोहतक ने पहला, निखलेश सोनीपत ने दूसरा और हैरी झज्जर ने तीसरा स्थान, 200 मीटर दौड 20 साल लडका में कपिल हिसार ने पहला, गुरविंदर फतेहाबाद ने दूसरा, कपिल रायका सोनीपत ने तीसरा स्थान, 18 साल लडका 200 मीटर में साहिल सोनीपत ने पहला, कैलाश रोहतक ने दूसरा और विनय रोहतक ने तीसरा स्थान, 16 साल 300 मीटर दौड में विकास भिवानी ने पहला, दीपांशु झज्जर ने दूसरा और निखिल रेवाडी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## सिटी प्रेस क्लब के निर्विरोध प्रधान बने बिजेंद्र बंसल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


सिटी प्रेस क्लब के प्रधान निर्वाचित होने पर सदस्यों का धन्यवाद करते बिजेंद्र बंसल।

वरिष्ठ पत्रकार बिजेंद्र बंसल सिटी प्रेस क्लब के निर्विरोध प्रधान निर्वाचित हो गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सदस्यों ने मौजूद रहकर उन्हें बधाई दी। बंसल राष्ट्रीय दैनिक अखबार के स्पेशल कोरेस्पोंडेंट एवं साउथ हरियाणा के इनपुट हैड भी हैं।

बंसल ने कहा कि वह पुन: क्लब का प्रधान निर्वाचित होने पर और अधिक जिम्मेदारियां महसूस कर रहे हैं। वह क्लब को अपना परिवार मानते हैं और सभी सदस्यों की बेहतरी के लिए पहले से भी अधिक सक्रियता से कार्य करेंगे। किसी भी सदस्य की आपदा क्लब की आपदा होगी। वे क्लब के कार्यालय में सदस्यों के लिए वर्क स्टेशन बनवाने की दिशा में कार्य करेंगे। सभी सदस्यों को इलैक्ट्रिक स्कूटी भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही सामाजिक सरोकार कमेटी, सदस्यों के बीमा पॉलिसी कमेटी, महिला कमेटी, खेल कमेटी, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म कमेटी आदि का गठन करेंगे। बंसल ने नई कार्यकारिणी के गठन तक एक एडहॉक कमेटी बनाने की अनुशंसा की। जिसे सभी सदस्यों ने मंजूरी दी। इस कमेटी में बंसल समेत, श्यामवीर चावड़ा, सुशील भाटिया, मनोज धर द्विवेदी, राजेश शर्मा, उत्तम राज, नवीन धमीजा, भोला पांडे, अशोक शर्मा, कैलाश गठवाल, राहुल चौधरी, राजेश दास, सचिन गौड़, अजीत सिन्हा, दीपक गौतम, प्रीतपाल माटा, शकुन रघुवंशी, मनोज मंडल, यशवी गोयल, अनिल अरोड़ा, मनोज भारती और संदीप गठवाल को सम्मिलित किया गया।

# गांबिया त्रासदी

## दवा पर सवाल

**विश्व स्वास्थ्य संगठन** यानी डब्लूएचओ ने चेतावनी दी है कि गांबिया में 66 बच्चों की मौत का कारण दिल्ली के दवा निर्माता मैडन फार्मास्यूटिकल्स द्वारा निर्मित चार कफ सीरप हो सकते हैं। यह खबर सुर्खियों में है। डब्लूएचओ के अनुसार, इस सीरप का संबंध 'संभवत: 66 बच्चों की मौत में किडनी की गंभीर गड़बड़ी से है।' वैश्विक संस्था को यह संदेह भी है कि कफ सीरपों में डाइइथिलीन ग्लाइकाल या इथिलीन ग्लाइकाल की मिलावट भी हो सकती है, जबकि ये दोनों जहरीले रसायन हैं। केन्द्रीय औषध मानक नियंत्रण संगठन-सीडीएससीओ ने चार सीरपों-प्रोमैथाजीन ओरल सल्यूशन बीपी, कोफेक्सनेलीन बेबी कफ सीरप, मैकोफ बेबी कफ सीरप व माग्रिप एन कोल्ड सीरप, के नमूने परीक्षण परीक्षण के लिए क्षेत्रीय औषध परीक्षण प्रयोगशाला, चंडीगढ़ तथा केन्द्रीय औषध प्रयोगशाला, कोलकाता को भेजे हैं। सीडीएससीओ ने मामले की जांच भी शुरू कर दी है। इस बीच केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने घोषणा की है कि वर्तमान समय में इनमें से एक दवा भारत में बची जा रही है। वास्तव में, मंत्रालय ने संकेत किया है कि मैडन फार्मास्यूटिकल्स को भारत में ये सीरप बेचने की अनुमति नहीं है। मैडन के एक निदेशक नरेश कुमार ने एक खबरिया एजेंसी को बताया है कि कंपनी को बच्चों की मौतों की जानकारी गुरुवार सवेरे ही हुई है। उम्मीद करनी चाहिए कि सरकार द्वारा कराई जा रही जांच से पता लगेगा कि क्या भारत में कुछ गलत हुआ है और यदि ऐसा है तो इसका दोषी कौन है। वैसे मैडन फार्मास्यूटिकल्स का पुराना रिकार्ड बेदाग नहीं है। अनेक राज्य सरकारों ने अतीत में इसके गुणवत्ता परीक्षण मानकों पर सवाल उठाए हैं। उदाहरण के लिए, बिहार ने 2011 में अधोमानक दवायें सप्लाई करने के कारण इसे काली सूची में डाल दिया था। केरल ने 2017 में मैडन फार्मास्यूटिकल्स पर जुर्माना लगाया था। सोनीपत में भी गुणवत्ता के उल्लंघन के कारण कंपनी को अभियोजन का सामना करना पड़ रहा है। 2014 में वियतनाम ने गुणवत्ता नियंत्रण तथा औषध नियमों के उल्लंघन के कारण 38 अन्य कंपनियों के साथ मैडन को काली सूची में डाला था। इसके बावजूद और गांबिया की त्रासदी होने के बाद भी मैडन की वेबसाइट के अनुसार, यह 'डब्लूएचओ-जीएमपी व आईएसओ 9001-2015 प्रमाणित दवा कंपनी' है। हालांकि, सीडीएससीओ मैडन द्वारा गांबिया को सप्लाई दवाओं की जांच कर रहा है, पर इस संगठन को भी कुछ सवालों का जवाब देना चाहिए। आखिरकार उसे ऐसी कंपनी के खिलाफ जांच के लिए इतने बच्चों की मौत की प्रतीक्षा क्यों करनी पड़ी जिसका अतीत नियमों के बार-बार उल्लंघन से भरा पड़ा है? यह काम पहले क्यों नहीं किया गया? आखिरकार उसे ये प्रमाणपत्र कैसे मिल गए जिनका दावा कंपनी करती है? इसके साथ ही सवाल है कि अन्य अधिकारी क्या कर रहे थे? सीडीएससीओ के एक अनुमान के अनुसार, 2018 में भारतीय बाजार में उपलब्ध सभी जेनेरिक दवाओं में लगभग 4.5 प्रतिशत अधोमानक थीं। 2019 में बौद्धिक संपदा अधिकार संरक्षण पर अमेरिका के वाणिज्य प्रतिनिधि ने कहा था कि भारत में बिकने वाली 20 प्रतिशत तक दवायें नकली हैं। गांबिया त्रासदी के बाद भारतीय दवाओं को संदेह से देखा जाएगा जिसका घरेलू दवा उद्योग पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। समय आ गया है कि हमारे देश के अधिकारी दवा क्षेत्र में इंस्पेक्टर राज की वापसी के बिना गुणवत्ता सुनिश्चित करने के कठोर प्रयास करें।



# गुजरात में कड़ा त्रिकोणीय मुकाबला

आम आदमी पार्टी अच्छे प्रदर्शन से भाजपा और खराब प्रदर्शन से कांग्रेस को नुकसान पहुंचा सकती है। अच्छे प्रदर्शन से आप का कद बढ़ेगा।



**आर.के. मिश्रा**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)



**कांग्रेस** तथा आम आदमी पार्टी-आप नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी-भाजपा का उनके गढ़ गुजरात के विधानसभा चुनाव में मुकबला करने के लिए तैयार हो रही हैं। दिसंबर में होने वाले चुनाव में तीनों दलों के बीच कड़ा मुकाबला होने की उम्मीद है। यदि भाजपा भारत पर शासन के लिए 2024 का चुनावी युद्ध जीतना चाहती है ताकि उसे बिना किसी बाधा के मजबूत तीसरा कार्यकाल मिल सके तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गुजरात में शानदार विजय सुनिश्चित करनी होगी। 2001 में मोदी द्वारा गुजरात में जिम्मेदारी संभालने के बाद से कांग्रेस लगातार अपनी जमीन खोती जा रही है। उसे विपक्ष में अपना स्थान बनाए रखने के लिए भाजपा के साथ ही आप से मुकाबला करना होगा क्योंकि दोनों पार्टियां कांग्रेस को पीछे धकेलने के सारे प्रयास करेंगी। त्रिकोणीय मुकाबले में तीसरे कोण के रूप में उभर रही आप के पास खोने के लिए कुछ नहीं है क्योंकि 2017 में उसके पास एक भी सीट नहीं थी। बहुत अच्छा प्रदर्शन करने पर वह भाजपा को थोड़ा नुकसान पहुंचा सकती है, पर बहुत खराब प्रदर्शन करने पर भी वह कांग्रेस को नुकसान पहुंचाएगी। दूसरी ओर अच्छा प्रदर्शन करने पर उसका कद भी बढ़ेगा। इस प्रकार गुजरात का चुनावी परिदृश्य वर्तमान समय में अनेक संभावनाओं और आशंकाओं से भरा दिखता है। निर्वाचन आयोग पूरी सावधानी बरत रहा है और वह गुजरात के बार-बार दौरे कर चुका है। अब वह अपनी तैयारियों का अंतिम रूप से आंकलन कर रहा है। अनुमान है कि गुजरात व हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनावों की घोषणा इस माह के मध्य में हो सकती है। चुनावों की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी। इसके बाद सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा शिलान्यासों तथा उद्घाटनों की दौड़ समाप्त हो जाएगी। इसके साथ ही उसके प्रतिद्वंद्वियों द्वारा मुंह में पानी लाने वाले आकर्षक वादे भी बंद हो जाएंगे।

भाजपा पिछले 27 साल से गुजरात की सत्ता में है। इसमें केवल 17 महीने का एक व्यवधान है जब उसके विद्रोही शंकर सिंह वाघेला ने कांग्रेस के समर्थन से इस किले पर कब्जा कर लिया था। गुजरात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा उनके गृह मंत्री अमित शाह का गृह राज्य है, ऐसे में वे कोई भी मौका चूकना नहीं चाहते हैं। इस कारण भाजपा नेताओं का एक पैर स्थाई रूप से गुजरात में जमा रहता है और राज्य को सभी प्रकार के उद् घाटनों तथा घोषणाओं का लाभ मिलता है जिनमें फ्लाईओवरों के साथ फुटब्रिज तक शामिल हैं। उनके इन प्रयासों में हाल में और तेजी आई है क्योंकि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी पूरी ताकत से उनको चुनावी चुनौती देने का प्रयास कर रही है और उसे सुर्खियों में भी जगह मिलती है। कांग्रेस को त्रिकोणीय मुकाबले के कटु यथार्थ का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि आप भी गुजरात में अपनी जगह बनाने के सारे प्रयास कर रही है। वर्तमान समय में राहुल गांधी 'भारत जोड़ो यात्रा' में व्यस्त हैं, अत: कांग्रेस नेताओं का अनुमान है कि पार्टी की चुनौती मजबूत करने के लिए प्रियंका गांधी वाड्रा मैदान में पूरी ताकत से उतरेंगी। हालांकि, कांग्रेस पार्टी की ओर से अभी इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अरविंद केजरीवाल की तुलना में देर से मैदान में उतरे राहुल गांधी ने 5 सितंबर को अहमदाबाद में कांग्रेस चुनाव अभियान का श्रीगणेश किया है। उन्होंने यहां 50,000 से अधिक बूथ स्तरीय पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कांग्रेस पार्टी के नेता इस बात से बहुत उत्साहित हैं कि राहुल गांधी आज भी पार्टी के लिए भीड़ जुटाने में सफल हैं। हालांकि, कांग्रेस की कन्याकुमारी से कश्मीर भारत जोड़ो यात्रा में गुजरात राज्य शामिल नहीं है, पर उनको इस यात्रा के दौरान मिल रहा जन समर्थन गुजरात के लिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गुजरात कांग्रेस के प्रवक्ता मनीष दोसी ने कहा था कि इस चुनावी राज्य को जानबूझ कर जन-संपर्क अभियान से अलग रखा गया है क्योंकि यात्रा का एक 'पवित्र' राष्ट्रीय लक्ष्य है। उन्होंने यह भी कहा कि 'चुनाव प्रचार एक बिल्कुल अलग किस्म का काम है और हम इसके लिए भी पूरी तरह तैयार हैं।' हालांकि, उन्होंने इस बात की पुष्टि नहीं की कि प्रियंका गांधी गुजरात चुनाव प्रचार में राहुल गांधी का स्थान लेंगी, जबकि इसका व्यापक रूप से अनुमान लगाया जा रहा है। लेकिन कांग्रेस कोई भी मौका गंवाना नहीं चाहती है। पार्टी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने 24 अगस्त को अहमदाबाद में चुनाव तैयारियों की समीक्षा की है। इस समीक्षा बैठक में राज्य के नेताओं के साथ वरिष्ठ नेता भी शामिल थे जिनमें वरिष्ठ पर्यवेक्षक अशोक गहलोत तथा गुजरात के प्रभारी रघु शर्मा हैं। कांग्रेस ने महाराष्ट्र, राजस्थान व छत्तीसगढ़ से सात कार्यकारी अध्यक्ष बनाए हैं जिनमें से प्रत्येक को राज्य की 26 संसदीय सीटों की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही शर्मा की सहायता के एि चार अन्य नेता भी तैनात किए गए हैं, जबकि अशोक गहलोत सभी चीजों पर नजर रखे हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री 2017 में गुजरात के राज्य विधानसभा चुनाव के प्रभारी थे और वे यहां की सभी सकारात्मक व नकारात्मक परिस्थितियों से परिचित हैं। गुजरात के वर्तमान प्रभारी रघु शर्मा के अनुसार, कांग्रेस राज्य की कुल 182 सीटों में से 125 पर खास ध्यान दे रही है, लेकिन उसने कोई मुख्यमंत्री उम्मीदवार नहीं घोषित किया है। शर्मा का कहना है कि 'हम सामूहिक रूप से संघर्ष करेंगे।'

पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शक्तिसिंह गोहिल मजबूती से दावा करते हैं कि मुख्य मुकाबला दो परंपरागत प्रतिद्वंद्वियों के बीच होगा और आप का कोई खास असर नहीं होगा क्योंकि गुजरात में आज तक तीसरी पार्टी को सफलता नहीं मिली है। गोहिल का यह आंकलन महत्वपूर्ण है। चिम्मनभाई पटेल की किसान मजदूर लोक पक्ष, शंकरसिंह वाघेला की राष्टीय जनता पार्टी, जन विकल्प तथा इस बार प्रजाशक्ति डेमोक्रेटिक पार्टी तथा स्वर्गीय वरिष्ठ नेता केशूभाई पटेल की गुजरात परिवर्तन पार्टी को खास सफलता नहीं मिली थी। लेकिन आप का आक्रामक प्रवेश तथा उसके प्रति जनता की प्रतिक्रिया से यह उम्मीद जगने लगी है कि वह भाजपा को काफी नुकसान पहुंचा सकती है और इस खतरे को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व्यक्तिगत रूप से गुजरात की चुनावी स्थितियों पर नजर रखे हैं। उन्होंने 27 अगस्त तथा 29 सितंबर को राज्य की अपनी दो यात्राओं में पूरे घटनाक्रम तथा भाजपा की चुनावी तैयारियों पर गहन व विस्तृत चर्चा की है। भाजपा और आप द्वारा कांग्रेस पर खासतौर से निशाना लगाने का कारण यह है कि प्रमुख विपक्षी पार्टी ने सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्र की कुल 54 सीटों में से 30 पर विजय पाई थी जिससे उसे विधानसभा में कुल 78 सीटें पाने में सहायता मिली थी। शुरुआत में भाजपा के पास 182 सदस्यों वाली विधानसभा में केवल 99 सीटें थीं। यह संख्या 2001 में मोदी के मुख्यमंत्री बनने के बाद से पार्टी की सबसे कम संख्या थी। उल्लेखनीय है कि भाजपा को सौराष्ट्र-कच्छ में 2012 में 35 सीटें मिली थीं, पर 2017 में इनकी संख्या घट कर 23 रह गई, जबकि एक सीट अन्य को मिली थी।

चुनाव निकट आने पर ही स्पष्ट होगा कि विपक्षी वोट बंट कर भाजपा को लाभ पहुंचाएंगे या कांग्रेस और आप के बीच उनका बंटवारा होगा। उत्तर गुजरात में भाजपा और कांग्रेस ने 2017 में क्रमश: अपनी 32 व 21 सीटों की संख्या बनाए रखी थी। दक्षिण गुजरात में भाजपा को थोड़ा नुकसान हुआ था और वह 35 सीटों में से 25 जीतने में सफल हुई थी, जबकि 2012 में उसे 28 सीटों पर विजय मिली थी। कांग्रेस ने अपनी स्थिति में सुधार किया था और उसकी सीटें 6 से बढ़ कर 10 हो गई थीं। मध्य गुजरात में भाजपा को 40 में से 25 सीटें मिली थीं, जबकि कांग्रेस की संख्या 2017 में 13 से घट कर 5 रह गई थी। पिछले चुनाव पाटीदारों की नाराजी की छाया में हुए थे जिससे कांग्रेस को इस चुनाव में लाभ मिला था। 2022 में यह तत्व कारगर नहीं है, लेकिन बढ़ती कीमतों व कृषि क्षेत्र में असंतोष से ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा को नुकसान हो सकता है, लेकिन वह शहरों में अपनी बढ़ती लोकप्रियता से यह कमी पूरी करना चाहती है।

आप ने अनेक 'खैरातों' की घोषणा की है जिनमें प्रति माह 300 यूनिट मुफ्त बिजली, सरकारी स्कूलों में मुफ्त शिक्षा, सरकारी अस्पतालों में मुफ्त इलाज, बेरोजगारी भत्ता तथा महिलाओं को प्रति माह 1,000 रुपये भत्ता शामिल हैं। कांग्रेस ने इन सबके साथ कुछ अन्य चीजों की भी घोषणा की है। उसने एलपीजी सिलिंडर के दाम 500 रुपये रखने, कोविड पीड़ितों के लिए 4 लाख रुपये मुआवजे तथा किसानों के लिए 3 लाख रुपये तक कर्ज माफी के वादे किए हैं। देखना होगा कि ये सब कहां तक कारगर होते हैं, पर कांग्रेस को अपना अंतिम सबसे अच्छा प्रदर्शन दुहराने के लिए बहुत कठोर परिश्रम करना होगा।

# स्कूल स्तर से ही मजबूत करनी होगी खेलों की नींव

**डॉ. मुकेश कुमार सिंह**

**हमारे** जीवन में स्वास्थ्य का बड़ा महत्व है। जीवन को सरस तथा शक्ति से भरपूर बनाये रखने के लिए स्वास्थ्य का सबल होना अति आवश्यक है। इस प्रक्रिया में क्रीड़ा साधनों का अमूल्य योगदान होता है। वस्तुत: खेल हमारी मनोवैज्ञानिक आवश्यकता हैं। खेल हमें रोगों से तो बचाते ही हैं, साथ ही हमारी कार्य-शक्ति को सम्बल प्रदान करते हैं। विडम्बना ही कही जायेगी कि वर्तमान आपाधापी और प्रगति के दौर में हम खेलों की वास्तविक भावना को ग्रहण नहीं कर पा रहे हैं। 36वें राष्ट्रीय खेल गुजरात के विभिन्न शहरों में आयोजित किये जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि ओलम्पिक में 130 करोड़ जनसंख्या वाले देश द्वारा आज तक दहाई के अंको में पदकों को न जीत पाना एक चिन्ता का विषय है। खेलों के इस महाकुम्भ में पदक विजेताओं द्वारा जो उपलब्धि हासिल की थी उससे लगता है कि यदि दल के अन्य सदस्यों द्वारा भी पूर्ण प्रतिबद्धता से खेलों में प्रतिभाग किया गया होता तो ओलम्पिक में पदकों की सूची में देश का स्थान ऊपर रहता।

अपने देश में खेलों हेतु प्रतिभाओं को चिन्हित करने की कोई प्रभावी एवं सटीक प्रणाली विकसित नहीं की गई। विद्यालय स्तर पर भी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान करने का कोई तन्त्र स्थापित नहीं है। बच्चों की उनकी रुचि के अनुसार खेल में प्रशिक्षण प्रदान करके उनकी क्षमता को तराशते हुए नींव मजबूत करने की समुचित व्यवस्था न के बराबर है। स्थिति यह है कि खेल के क्षेत्र में स्वत: स्फूर्त प्रतिभायें ही विभिन्न खेलों में प्रतिभाग करती हैं। ध्यातव्य है कि नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 की व्यवस्था के अनुसार 6 से 14 वर्ष के समस्त बच्चों को नजदीक के विद्यालय में नि:शुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने का प्राविधान किया गया है। उक्त अधिनियम में बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु गुणवत्ता परक शिक्षा व्यवस्था के साथ-साथ खेल गतिविधियों के संचालनार्थ विभिन्न मानक निर्धारित किये गये हैं। अधिनियम-2009 के क्रम में राज्यों द्वारा नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार की पूर्ति के लिए विभिन्न कार्यकारी अधिनियम, शासनादेश आदि निर्गत किये गए हैं। नीति निर्धारकों द्वारा शिक्षण व्यवस्था के साथ-साथ खेल की व्यवस्था इस आशय से की गई है कि बच्चों की खेल के प्रति रुचि विकसित हो सके और उनका मानसिक तथा शारीरिक विकास भी हो सके। सैद्धान्तिक रूप से उक्त प्रावधान उचित प्रतीत होते हैं, लेकिन व्यावहारिक दृष्टि कोण से अधिनियम एवं शासनादेशों में प्रावधानित खेल के मैदान, खेल-संसाधन तथा खेल सामग्री को नियमों के पूर्णतया प्रतिकूल पाया जाता है। नि:शुल्क शिक्षा अधिनियम में व्यवस्था होने के कारण बच्चों से किसी भी मद में कोई भी धनराशि शुल्क के रूप में नही ली जाती है और न ही खेल-गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सरकार द्वारा ही समुचित धनराशि की व्यवस्था की जाती है। इसके अतिरिक्त प्राथमिक स्तर पर खेल शिक्षक/प्रशिक्षक की व्यवस्था न होने के कारण बच्चों की खेल के प्रति सकारात्मक सोच विकसित होने में कठिनाई होती है। अधिनियम-2009 में ऐसे उच्च प्राथमिक विद्यालयों में, जहाँ छात्र संख्या 100 से अधिक होती है, वहाँ एक अंशकालिक खेल अनुदेशक का प्रावधान किया गया है। देखने में आया है कि खेल संसाधनों की समुचित व्यवस्था न होने के कारण अनुदेशकों द्वारा विद्यार्थियों को व्यावहारिक खेल के स्थान पर खेल का किताबी ज्ञान प्रदान करके अपने दायित्वों की इतिश्री कर दी जा रही है। 100 से कम नामांकित बच्चों वाले विद्यालयों में खेल अनुदेशक की व्यवस्था न होने से कोई भी खेल गतिविधि संचालित नहीं हो पाती है। परिणाम स्वरूप खेल बजट एवं खेल शिक्षकों के अभाव में विद्यालय, विकास खंड तथा जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं प्रभावित हो रही हैं, साथ ही प्रभावी खिलाड़ियों का चिन्हांकन भी प्रभावित हो रहा है।

यह सच्चाई है कि देश में अधिकांश बच्चे सरकारी विद्यालयों में ऐसी ही व्यवस्था में अध्ययन करते हुए आगे की पढ़ाई जारी रखते हैं। ऐसी व्यवस्था में कक्षा-8 उत्तीर्ण करने वाले बच्चों की खेल विषय में नींव इतनी कमजोर होती है कि उससे भविष्य में ओलम्पिक के खिलाड़ी तैयार कर पाना एक दूभर कार्य हो जाता है। ऐसे में खिलाड़ियों का चयन भी अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की भांति खुली प्रतियोगिता के माध्यम से किया जाना चाहिए। प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चिन्हांकन उनकी खेल में रुचि, खेल के प्रति समर्पण तथा प्रतिबद्धता, मेडल जीतने का जुझारूपन एवं जज्बे को दृष्टिगत रखते हुए किया जाना आवश्यक है। आज खिलाड़ियों के चयन में पूर्ण पारदर्शिता तथा ईमानदारी की विशेष आवश्यकता है। वर्तमान में लगभग हर स्तर पर प्रतियोगिताओं का दौर चल रहा है। इस दौर में सभी अभिभावक अपने बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त कराकर इंजीनियर, डॉक्टर, प्रशासनिक अधिकारी, अन्तरराष्ट्रीय कम्पनी का उच्चाधिकारी आदि बनाने पर अधिक बल देते हैं। अधिसंख्य अभिभावकों द्वारा अपने बच्चों को खेलों से दूर ही रखा जाता है। कुछ बच्चे स्वत: खेलों की ओर रुचि होने के कारण अभिभावक के कोपभाजन का शिकार बनते हैं। हमारे समाज की यह धारणा है कि खेलों में बच्चों का कोई भविष्य नही है। यह इस मामले में सही भी है कि देश में इंजीनियरिंग हेतु आईआईटी, प्रबंधन संस्थानों हेतु आईआईएम तथा उच्च कोटि के मेडिकल संस्थानों की भांति खेलों हेतु विशेषज्ञता आधारित खेल संस्थान उपलब्ध नहीं हैं। जो संस्थान हैं भी उन पर गैर खिलाड़ियों का कब्जा है। वास्तव में आज देश में आईआईटी, आईआईएम के समान स्तरीय खेल संस्थानों की महती आवश्यकता है। जिस प्रकार आईआईटी तथा आईआईएम से निकले युवाओं की प्रत्येक क्षेत्र में अधिक माँग होती है तथा उन्हें सभी सुख सुविधाओं के साथ एक अच्छे पैकेज की उपलब्धता रहती है, उसी प्रकार खिलाड़ियों को भी सरकारी स्तर पर प्रोत्साहित किया जाना प्रासंगिक है। किसी भी बड़े खेल आयोजन में पदक जीतने पर पुरस्कारों की वर्षा के स्थान पर खिलाड़ियों को सतत रूप से प्रोत्साहित किया जाना आवश्यक होगा।

खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के सन्दर्भ में कतिपय सुझाव सार्थक हो सकते हैं। प्रत्येक सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में खेल विषय को अनिवार्य किया जाए, जिससे खेल संस्कृति का विकास हो सके। शिक्षा का अधिकार अधिनियम एवं नई शिक्षा नीति के प्रावधानों के अनुसार विद्यालयों में खेल के मैदान हों। प्रत्येक विद्यालय खेल विशेष में विशेषज्ञता हासिल करें तथा उक्त खेल विशेष के विशेषज्ञ कोच विद्यालय में उपलब्ध हों। बच्चों की रुचि एवं योग्यता के अनुसार विद्यालय स्तर पर बच्चों को खेल विशेष का चयन करने का अवसर प्रदान किया जाये। खिलाड़ियों के रूप में चिन्हित बच्चों के लिए विद्यालय प्रवेश में खेल कोटा की व्यवस्था हो। चिन्हित खिलाड़ियों को विद्यालय में ऐसे विषयों का चयन करते हुए अध्ययन/शिक्षण कराया जाये जिसकी कम तैयारी से भी वे कक्षाओं में उत्तीर्ण होते जायें। खिलाड़ियों को सरकारी/गैर सरकारी तथा कारपोरेट क्षेत्र के अंतर्गत निर्धारित नौकरियों में खेल कोटा की व्यवस्था हो जिससे वे अपने परिवार की आजीविका को सुचारू रूप से चला सकें। खेल संघों को केवल ओलम्पिक में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी ही संचालित करें। प्रत्येक खेल संघ का अध्यक्ष ओलम्पिक का पदक विजेता ही हो। प्रत्येक जनपद में कम से कम एक स्पोर्ट्स विद्यालय की स्थापना, राज्य/राष्ट्रीय स्तर पर खेल विशेष की भिन्न-भिन्न अकादमी की स्थापना एवं उक्त स्थापित विद्यालयों, अकादमियों में योग्य, अनुभवी खेल प्रशिक्षकों तथा आवश्यकतानुसार विदेशी कोचों की व्यवस्था की जाए।

## आप की बात

### धर्मान्तरित दलित

**केंद्र** सरकार ने इस मुद्दे की जांच के लिए भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया है कि क्या उन दलितों को अनुसूचित जाति का दर्जा दिया जा सकता है, जो वर्षों से सिख धर्म या बौद्ध धर्म के अलावा अन्य धर्मों में परिवर्तित हो गए हैं। जब यह कानून बनाया गया था तो इसने केवल हिंदू समुदायों को सामाजिक अक्षमताओं और छुआछूत के कारण होने वाले भेदभाव के आधार पर अनुसूचित जाति के रूप में वर्गीकृत करने की अनुमति दी थी। 1956 में सिख समुदायों को शामिल करने के लिए और फिर 1990 में बौद्ध समुदायों को अनुसूचित जाति के रूप में शामिल करने के लिए संशोधित किया गया था। सरल शब्दों में सिख धर्म और बौद्ध धर्म दोनों ही हिंदू धर्म की शाखाएं हैं। लेकिन इस्लाम या ईसाई धर्म में परिवर्तित दलित पिछड़े होने का दावा नहीं कर सकते क्योंकि जाति व्यवस्था केवल हिंदू धर्म और उसकी शाखाओं की एक विशेषता है। मौजूदा अनुसूचित जाति समुदायों के कई प्रतिनिधियों ने अन्य धर्मों में धर्मान्तरित लोगों को अनुसूचित जातियों में पुन: शामिल करने का कड़ा विरोध किया है। अत: मामले पर गंभीरता से विचार होना चाहिए।

**परमवीर केसरी,** मेरठ

### आप की अवसरवादिता

**कई** दिनों से आम आदमी पार्टी-आप का एक़ मंत्री सुर्खियों में बना हुआ है। कारण है हिन्दू धर्म, हिन्दू आराध्यों और सनातन धर्म विरोधी शपथ समारोह करना। सनातन धर्म से अनेकों वर्षों से अनेक मत, पंथ और संप्रदाय निकले। यह भी सही हो सकता है कि कुछ कमियां या कहें धर्म की सही व्याख्या को न समझ पाने के कारण लोगों ने अन्य मतों को अपनाया। परन्तु धार्मिक विषय अलग है उस पर चर्चा मनन एवं चिंतन किया जा सकता है। लेकिन आजकल हिन्दू आस्था को ठेस पहुंचा कर राजनैतिक लाभ या सस्ती लोकप्रियता अर्जित करने का जो चलन चल गया है वो निश्चित ही गंभीर चिंता का विषय है। इसी रास्ते पर आम आदमी पार्टी-आप के मंत्री जी भी शायद निकल पड़े हैं। इसे किसी सूरत में पाप से कम नहीं समझा जाना चाहिए। आपको धर्म का त्याग करना है करें एक़ समुदाय विशेष को ख़ुश करना है करें। चुनावी मौसम में हनुमान भक्त बनने वाले केजरीवाल व उनकी पार्टी नेताओं की अवसरवादिता जनता देख चुकी है और उसे भविष्य में प्रत्युत्तर के लिए तैयार रहना चाहिए।

**मनोज,** मेरठ

### बॉलीवुड की मनमानी

**महाभारत,** रामायण और श्रीमद भागवत गीता जैसे ग्रंथ सनातन धर्म की जड़े है और क्या जड़ों से खिलवाड़ करना उचित है। जिस प्रकार से आदिपुरुष के टीजर में भगवान राम और हनुमान जी की एक अलग ही छवि पेश की गई है क्या हिन्दू समाज उस छवि को मान्यता देगा। हज़ारो वर्ष पहले लिखे गए इन ग्रंथों में सनातन धर्म की विशाल संस्कृति का जो भव्य वर्णन किया गया है क्या उस संस्कृति से क्षणिक भर के मनोरंजन के लिए खिलवाड़ किया जा सकता है। बॉलीवुड के द्वारा पहले भी बहुत बार हमारी संस्कृति से खिलवाड़ करने की कोशिश की गई ना जाने कितनी बार सनातन धर्म को टारगेट किया गया है। विरोध भी होते रहे है परन्तु फिर भी पता नही बॉलीवुड की ऐसी कौन सी मजबूरी है जो पुनरावृत्ति होती रहती है। बॉलीवुड वालो को समझ आना चाहिए कि लोगो के मन मे अपने आराध्यों की एक छवि बनी हुई है आप उस छवि को कैसे बदल सकते हों। अत: मनोरंजन या कलात्मक स्वतंत्रता के नाम हमारी संस्कृति के साथ हमारी जड़ो के साथ खिलवाड़ ना करे।

**नागेन्द्र,** मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**एलजी** ने पिछले छह महीने में मुझे इतने प्रेम पत्र लिखे जितने मेरी पत्नी ने पूरे जीवन में न लिखे होंगे।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**मैरीजुआना** रखने पर किसी को संघीय या राज्य की जेल में बंद नहीं होना चाहिए।

– **जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति



**सोनिया गांधी** रैली में आधा किलोमीटर पैदल चलीं और वापस चली गईं। ठीक है। हमारे ऊपर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

– **बासवराज बोम्मई**
कर्नाटक के मुख्यमंत्री

# त्योहारों के दृष्टिगत कोरोना के प्रति सतर्कता व सावधानी बहुत आवश्यक

## ● कोरोना के सम्बन्ध में जनजागरूकता के लिए पब्लिक एड्रेस सिस्टम का व्यापक उपयोग किया जाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में ट्रेस, टेस्ट, ट्रीट और टीकाकरण की रणनीति के सफल क्रियान्वयन से प्रदेश में कोरोना संक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण बना हुआ है।

मुख्यमंत्री अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में कोविड 19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने ने कहा कि पर्व एवं त्योहारों के दृष्टिगत लोगों की आवाजाही बढ़ना स्वाभाविक है। ऐसे में कोरोना के प्रति सतर्कता और सावधानी बहुत जरूरी है। कोरोना के सम्बन्ध में जनजागरूकता के लिए पब्लिक एड्रेस सिस्टम का व्यापक उपयोग किया जाए। उन्होंने कोविड टेस्ट की संख्या बढ़ाये जाने के निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि बारिश के कारण मलेरिया, डेंगू, कालाजार और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के फैलने की सम्भावना रहती है। उन्होंने निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के कार्यों को आगे बढ़ाए। लोगों में जागरूकता बढ़ायी जाए। इसके लिए विभिन्न प्रचार माध्यमों का प्रयोग किया जाए। संचारी रोग नियंत्रण अभियान को अन्तर्विभागीय समन्वय द्वारा प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पतालों में डेंगू सहित विभिन्न वेक्टर जनित रोगों के सम्बन्ध में आइसोलेशन वॉर्ड बनाए जाएं। अस्पतालों में नियमित रूप से साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में असमय हो रही बारिश से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि राज्य में कहीं भी जल-भराव की स्थिति न होने पाए। बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में प्रभावित लोगों को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से राहत सामग्री का वितरण किया जाए। साथ ही जन-धन की क्षति पर शासन द्वारा अनुमन्य राहत राशि तुरन्त प्रदान की जाए। विभागीय मंत्री एवं अधिकारी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करें तथा प्रभावित लोगों को हर सम्भव मदद उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में वाल्मीकि जयन्ती और ईद ए मिलादुन नबी मनायी जा रही है। पर्व एवं त्योहारों के दृष्टिगत प्रशासन व पुलिस विशेष सतर्कता बरते। यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का लाभ सभी जरूरतमंदों को बेहतर ढंग से प्राप्त हो।

## भारत जोड़ो यात्रा का मुख्य मकसद भारतीय राजनीति को युवा मुद्दों पर लाना: कांग्रेस

**लखनऊ।** कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी यात्रा में शामिल हो रहे छात्रों, युवाओं और महिलाओ से लगातार मुलाकात कर वर्तमान परिवेश उनकी जरूरतों संसाधनों की उपलब्धता को समझ रहे हैं। यह जानकारी देते हुए कांग्रेस के प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने बताया कि भारत जोड़ो यात्रा को लेकर राहुल गांधी की पदयात्रा का मुख्य मकसद भारतीय राजनीति को युवा मुद्दों पर लाकर कांग्रेस के लिए मज़बूत पृष्ठभूमि तैयार करना है। पार्टी कार्यकर्ताओं, आम जनमानस से उनकी आत्मीय मुलाकात कि तमाम सारी तस्वीरें सोशल मीडिया में चर्चा का विषय बन रही हैं। राहुल गांधी की कई सारी मुलाकातें बीजेपी और उनके विपक्षियों के निशाने पर भी आ रही हैं। इस पूरी यात्रा के दौरान अपने संबोधन और व्यावहारिक बातचीत में जन मुद्दों को छूना राहुल गांधी कभी नहीं भूलते हैं।

# उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने महर्षि वाल्मीकि को अर्पित किए श्रद्धासुमन

## ● जयंती पर देश व प्रदेशवासियों को दीं शुभकामनाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री केशव** प्रसाद मौर्य ने आज महर्षि वाल्मीकि जयन्ती के अवसर पर अपने सरकारी आवास 7 कालिदास मार्ग पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने देश व प्रदेशवासियों को महर्षि वाल्मीकि जयन्ती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर श्री मौर्य ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण की रचना कर देश और दुनियां को सत्य के रास्ते पर चलने का महत्वपूर्ण सन्देश दिया। भगवान श्रीराम की गौरवगाथा को जन जन तक पहुंचाने मे महर्षि वाल्मीकि ने अपनी प्रज्ञा के आलोक से सबको आलोकित किया था। भगवान श्रीराम के जीवन दर्शन को रेखांकित कर उन्होंने सामाजिक जीवन मूल्यों व आदर्शो को चिर स्थायित्व प्रदान करने का जो कार्य किया वह आज भी हम सबके लिए अनुकरणीय है, प्रेरणादायक है। भगवान श्री राम से हमें सदैव धर्म का अनुसरण करते हुए सदाचारपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। उनके द्वारा दी गई शिक्षा और आदर्शों को अपनाकर हम सबको समरसता व समतामूलक समाज के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। वहीं उप मुख्यमंत्री ने शरद पूर्णिमा की समस्त देश एवं प्रदेश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने माता लक्ष्मी एवं चंद्र देव से प्रार्थना है कि सभी के जीवन में खुशहाली, यश और समृद्धि का संचार करें।

# मंडी परिषद की परिसंपत्तियों में अतिक्रमण न होने दिया जाए: दिनेश प्रताप सिंह

## ● सबसे खराब वसूली करने वाले उपनिदेशकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए: उद्यान मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उद्यान,** कृषि, विपणन निर्यात मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि एग्री एक्सपोर्ट को बढ़ावा दिए जाने हेतु मंडल स्तर पर सेमिनार एवं गोष्ठीयों का आयोजन किया जाए। इन सेमिनार एवं गोष्ठीयों में मंडी परिषद में संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाय। मंडी परिषद व मंडी समितियों की परिसंपत्तियों का रजिस्टर बनाया जाए और परिसंपत्तियों का अंकन राजस्व विभाग में कराया जाए। उक्त निर्देश प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन कृषि विदेश व्यापार, कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने किसान मंडी भवन में आयोजित मंडी परिषद की विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की आय बढ़ाने के लिए संचालित योजनाओं में किसी प्रकार की हीलाहवाली या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों के लिए निरंतर कार्य कर रही है जिसका लाभ किसानों तक पहुचाने के कार्य को पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करें। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सचेत करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो ट्रोलेंस पर कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मंडी परिषद की परिसंपत्तियों में अवैध अतिक्रमण न होने दिया जाए। इसके लिए नियमित रूप से अभियान चलाकर इसकी मोनिटरिंग भी की जाय। उन्होंने समस्त उपनिदेशक रजिस्टर बनाकर नियमित रूप से मंडी समितियों का भ्रमण करें। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि अभियान चलाकर मंडी समितियों में बकाये धनराशि की वसूली सुनिश्चित की जाए तथा सबसे खराब वसूली करने वाले उपनिदेशको को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मंडी समितियों में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे पूरी तरह संचालित रहे तथा इसकी नियमित रूप से मोनिंटरिंग भी की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि फल सब्जी मंडी समितियों में साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए। मंडी की रिक्त भूमि पर पीपीपी मॉडल पर बायो कंपोस्ट यूनिट लगाया जाए। मंत्री श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मंडी परिषद के निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा एवं गुणवत्ता के साथ संपन्न कराया जाए उन्होंने कहा कि निर्धारित समय सीमा से अधिक होने पर संबंधित अधिकारियों तथा संबंधित ठेकेदारों की जिम्मेदारी तय करते हुए उनके खिलाफ कारवाई की जाए। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव देवेश चतुर्वेदी, मंडी निदेशक अंजनी कुमार सिंह सहित मण्डी परिषद के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## देश के बदतर आर्थिक-सामाजिक हालात के लिए बीजेपी सरकार की नीतियां जिम्मेदार: नकुल दुबे

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने कहा कि मौजूदा समय में देश में जो आर्थिक सामाजिक हालात बदत्तर हुए हैं उसके लिए केवल भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियां जिम्मेदार है। प्रांतीय अध्यक्ष श्री दुबे ने कहा कि देश में नफरत विघटन की राजनीति की जा रही है। जिसको ध्यान में रखते हुए हमारे नेता पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा चलाई जा रही है। जिसे देश के प्रत्येक तबके के लोगों का समर्थन प्राप्त हो रहा है। हमें यकीन हैं कि अगर आप सभी साथ है तो अवश्य हमें 2024 लोकसभा में सफलता प्राप्त होगी। यह बात रविवार को कांग्रेस की सदस्यता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने कही।इस अवसर पर संगठन महासचिव दिनेश सिंह, पूर्व कोषाध्यक्ष नईम सिद्दीकी, वेंकटेश नारायण शुक्ला, प्रवक्ता प्रदीप सिंह, विक्रम पाण्डेय, अखिलेश वर्मा आदि प्रमुख रहे। सपा प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्षा सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक चलाई जा रही 'भारत जोड़ो यात्रा' से प्रभावित होकर उत्तर प्रदेश के तमाम ब्राह्मण संगठनों के पदाधिकारियों ने प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के सिद्धांत और विचारों में आस्था व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर सनातन ब्राह्मण सभा के हरदोई जिलाध्यक्ष सरोज मिश्रा, मोहित मिश्रा प्रधान नयागांव, रामू त्रिपाठी जिला पंचायत सदस्य मल्लावां, विपिन यादव बीडीसी सदस्य, संगठन महासचिव दिनेश सिंह के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण किय।

# इंडियन रोड कांग्रेस में दी गयी यूपी के एक्सप्रेस-वे व एफडीआर तकनीक की जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**रविवार को** इंडियन रोड कांग्रेस में उत्तर प्रदेश की एक्सप्रेस-वे तथा ग्रामीण सड़कों की फुल डेप्थ रिक्लेमेशन एफडीआर तकनीकी की जानकारी देश-विदेश से आए विशेषज्ञों को दी गई। तकनीकी का जिक्र करते हुए बताया गया कि एक्सप्रेस.वे विकास में यूपी कितना आगे निकल गया है। गंगा एक्सप्रेस वे निर्माण की दिशा में हुई प्रगति से भी अवगत कराया गया। अफसरों ने कहा कि प्रदेश को एक ट्रिलियन डालर की अर्थ व्यवस्था बनाने में एक्सप्रेस.वे की भूमिका अहम होगी।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स हाल में आयोजित इस तकनीकी सत्र की अध्यक्षता कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने की। सीईओ यूपीडा अरविंद कुमार व प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी नरेंद्र भूषण के साथ ही अन्य अधिकारी बैठे थे। यूपीडा की प्रस्तुतिकरण में बताया गया कि प्रदेश में कैसे कम समय में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस.वे और बुंदेलखंड एक्सप्रेस का निर्माण किया गया है। ये एक्सप्रेस प्रदेश के आर्थिक विकास माडल का प्रमुख हिस्सा बनेंगे। प्रदेश में गंगा से जुड़े जिलों के लोगों के विकास के लिए अब गंगा एक्सप्रेस.वे परियोजना का काम शुरू किया गया है। इस एक्सप्रेस.वे की लंबाई 594 किमी है। उपसा ने भी अपनी प्रमुख परियोजनाओं की जानकारी प्रस्तुतिकरण के माध्यम से दी। पुखराया-घाटमपुर-बिंदकी रोड परियोजना का काम कैसे किया जा रहा है इसकी जानकारी दी। उप्र ग्रामीण सड़क विकास अधिकरण ने एफडीआर तकनीकी से बनाई जा रही पीएमजीएसवाई के सड़कों की जानकारी प्रस्तुतिकरण के माध्यम से दी। बताया कि इस तकनीकी में कैसे सड़क के पुराने मैटेरियल को उखाड़कर उसी से सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इस विधि से सड़क की लागत 20 फीसदी तक कम हो जा रही है। कार्बन उत्सर्जन भी बहुत कम हो रहा है। प्रदेश में इस विधि से 5400 किमी सड़कें बनाई जा रही हैं। पीडब्ल्यूडी ने सड़क परियोजनाओं के टेंडर से लेकर मानीटरिंग के लिए अपनाए गए आईटी प्रौद्योगिकी की जानकारी दी। प्रहरी ऐप, इस्टीमेटर आदि के माध्यम से टेंडर प्रक्रिया को कैसे पारदर्शी बनाया गया है।

# सुपोषण व पर्यावरण के लिए काम करेगी आरोग्य भारती: डॉ. वार्ष्णेय

## ● पंजाब, हरियाणा व पश्चिमी यूपी में व्यसन मुक्ति पर होगा काम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**आरोग्य भारती** की अखिल भारतीय प्रतिनिधि मण्डल की बैठक रविवार को कानपुर रोड स्थित सीएमएस में संपन्न हुई। दो दिवसीय बैठक में आगामी कार्यक्रम व कार्य विस्तार को लेकर चर्चा की गयी। समापन सत्र को संबोधित करते हुए आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव डा अशोक वार्ष्णेय ने कहा कि इस वर्ष हमें सुपोषण व पर्यावरण के लिए काम करना है। उन्होंने कहा कि स्थानीय समस्या के निराकरण के लिए जो भी जन आवश्यक कार्य होंगे वह आरोग्य भारती करेगी। जैसे पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नशा खोरी की समस्या है। इसलिए वहां पर हमें बड़े पैमाने पर व्यसन मुक्ति के लिए काम करना होगा। कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए डा. अशोक ने कहा कि सेवा भाव से हमारा काम चलता है। सेवा का भाव समर्पण से आता है। आरोग्य भारती ने जिस लक्ष्य को लेकर काम शुरू किया उस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। उसका प्रभाव भी समाज में दिख रहा है। सभी 40 प्रान्तों में आरोग्य भारती की सक्रिय इकाइयां हैं। कोरोना कालखण्ड में सेवा कार्यों के कारण कार्य का विस्तार और प्रभाव दिखाई पड़ा। उन्होंने कहा कि हमें अपनी कार्य की गति बढ़ाने की आवश्यकता है। छूटे हुए जिलों को कार्ययुक्त करते हुए खण्ड व तहसील स्तर तक अपनी समिति बनानी है और स्वास्थ्य का माडल समाज के सामने प्रस्तुत करना है। डा अशोक वार्ष्णेय ने कहा कि आरोग्य भारती की धारणा है कि सभी चिकित्सा पद्धतियों की अपनी.अपनी विशेषताएं और सीमाएं भी हैं सभी एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी न होकर पूरक हैं। इसलिए आरोग्य भारती सभी को सम्मान के भाव से देखती है। यही कारण है कि आरोग्य भारती में सभी प्रकार के चिकित्सा पद्धतियों के चिकित्सक जुड़ रहे हैं। आरोग्य भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा राकेश पंडित ने कहा कि नशाखोरी की समस्या विकराल रूप लेती जा रही है।

# निकाय सहित अगले चुनावों की तैयारी में जुटें कार्यकर्ता: मायावती



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बसपा सुप्रीमो** मायावती ने रविवार को पार्टी संस्थापक कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर पार्टी के प्रदेश कार्यालय में श्रद्धा-सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए उन्होंने कहा कि यूपी के लोगों ने यहां चार बार अपनी पार्टी की सरकार बनाकर यह देख लिया है कि सत्ता वह मास्टर चाबी है जिससे तरक्की के तमाम बंद दरवाजे खुल सकते हैं, इसीलिए यह मिशनरी अभियान हर कीमत पर जरूर जारी रहना चाहिए।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि यूपी में आने वाला निकाय चुनाव सहित अगला कोई भी चुनाव आपकी आजमाइश एवं चुनौती हो सकता है, जिसकी तैयारी व सफलता बहुत कुछ परिवर्तन की राह आसान कर सकती है। यही आज के दिन का संदेश है जिसे संकल्प के रूप में अंगीकार करके आगे बढ़ना है। वैसे भी इस प्रकार के महान लक्ष्यों की प्राप्ति के दौरान कठिन चुनौतियों की घड़ी सामने आती रहती है, जिससे निराश व हताश हुए बिना ही तथा केवल अपने आप पर ही पूरा-पूरा भरोसा करके पूरे तन, मन, धन के साथ संघर्ष में तीव्रता के साथ लगे रहना है। कौन कहां आया, कौन कहां गया, ऐसे निजी स्वार्थी लोगों की परवाह किए बिना आपको अपना कदम मजबूती के साथ आगे बढ़ाते रहना है।

# सपा प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने मुलायम के स्वास्थ्य लाभ के लिए किया हवन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी पार्टी** के संरक्षक एवं पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश भर में हवन-पूजन, सुन्दरकाण्ड पाठ, महामृत्युंजय मंत्र पाठ तथा हनुमान चालीसा पाठ के विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। अल्पसंख्यक समाज के लोग भी नेताजी के लिए दुआएं मांग रहे हैं। समाजवादी लोहिया वाहिनी ने बिजनौर रोड स्थित कल्प सिटी में आनन्देश्वर महादेव मंदिर में हवन-पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया।

आनंदेश्वर महादेव मंदिर में रविवार को सर्वप्रथम समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं ने हवन किया। समाजवादी लोहिया वाहिनी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप तिवारी सहित समाजवादी लोहिया वाहिनी की टीम ने देवाधिदेव भगवान महादेव का मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजन किया। सभी ने मुलायम सिंह यादव के शीघ्र स्वस्थ एवं दीर्घायु होने की प्रार्थना की। हवन-पूजन में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने विधिवत हिस्सा लेते हुए ईश्वर से प्रार्थना की। लोहिया वाहिनी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप तिवारी, पूर्व विधायक श्याम किशोर यादव, प्रवक्ता मनीष सिंह तथा राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी श्री प्रमोद यादव ने हवन कुण्ड में आहुति दी। पंडित प्रवर नवीन अवस्थी, आशीष मिश्रा तथा अमित मिश्रा एवं संतोष बाजपेयी ने मंत्रोच्चार के साथ मंदिर में पूजन तथा हवन कराया। मुलायम सिंह के स्वास्थ्य लाभ के लिए दीपांकर, अभिषेक मिश्र, इकबाल खां, माधुर्य सिंह मधुर, मयंक, अजीत चौधरी, देवी रतन द्विवेदी, विजय यादव, अजय शुक्ला, आलोक भारद्वाज, लक्ष्मी चंद शुक्ल, बालकेश यादव, मधुकर त्रिवेदी आदि ने भी हवन-पूजन में भागीदारी की। सपा प्रवक्ता ने बताया कि उत्तराखण्ड समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा देहरादून और रुद्रपुर बाजपुर में पूजन-हवन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# नगर निकाय चुनाव की पुख्ता रणनीति बनाने में जुटे सभी दल

भाषा। लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** में अगले महीने संभावित नगर निकाय चुनाव के लिए सभी सियासी दल पुख्ता रणनीति बनाने में जुट गए हैं। इन चुनावों को वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले विभिन्न राजनीतिक दलों के लिए अपनी-अपनी तैयारियों की हकीकत जानने का अवसर माना जा रहा है। अगले लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर कब्जा करने की कोशिशों में जुटी सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल माने जा रहे नगर निकाय चुनाव को भी उतनी ही गंभीरता से ले रही है। वहीं, मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) ने भी इसे बेहद संजीदगी से लेते हुए मोर्चाबंदी शुरू कर दी है। इस दफा बहुजन समाज पार्टी (बसपा) भी इन चुनावों में पूरे दमखम से उतरने की तैयारी कर रही है, जबकि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) भी नगर निकाय चुनावों के जरिए आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपनी तैयारियों को धार देना चाहती हैं।

प्रदेश सरकार के स्थानीय निकाय निदेशालय के आंकड़ों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में 438 नगर पंचायतें, 199 नगर पालिका परिषदें और 17 नगर निगम हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार, राज्य में पिछली बार नगर निकायों के चुनाव अक्टूबर-नवंबर 2017 में हुए थे और उस वर्ष पहली बार सभी दलों ने अपने निशान पर चुनाव लड़ा था। पिछले नगर निकाय चुनावों में भाजपा ने महापौर की 16 में से 14 सीटों पर कब्जा किया था। वहीं, अलीगढ़ और मेरठ नगर निगम के महापौर के चुनाव में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने जीत हासिल की थी। बाद में शाहजहांपुर को भी नगर निगम का दर्जा दिया गया, जिससे प्रदेश में नगर निगमों की कुल संख्या बढ़कर 17 हो गई है। लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा आगामी नगर निकाय चुनाव में सभी 17 नगर निगमों, 200 नगर पालिका परिषदों और ज्यादातर नगर पंचायतों में जीत का परचम लहराना चाहती है। प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमारी पार्टी नगर निकाय चुनाव को भी उतनी ही गंभीरता से ले रही है, जितनी गंभीरता से लोकसभा चुनाव को ले रही है। पार्टी ने प्रदेश स्तर से लेकर बूथ स्तर तक तैयारियां पूरी कर ली हैं। शनिवार को राज्य के हर नगर निकाय के लिए बनाए गए प्रभारियों और सह-प्रभारियों की बैठक कर कार्ययोजना बनाई गई है। उन्होंने बताया, भाजपा निकाय चुनावों में हर घर अभियान के तहत प्रत्एक दरवाजे पर पहुंचेगी। जो लोग 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं, उनका नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए पार्टी कार्यकर्ता अभियान चलाएंगे।

सभी प्रमुख पदाधिकारी नगर निकाय चुनावों में अपना पूरा दमखम लगाएंगे। दीक्षित ने कहा कि भाजपा ने जिस तरह से लोकसभा चुनाव, विधानसभा चुनाव और पंचायत चुनावों में सफलता हासिल की है, उसी तरह नगर निकाय चुनावों में भी झंडे गाड़ेगी। सपा ने भी नगर निकाय चुनावों को पूरे दमखम के साथ लड़ने का इरादा जाहिर किया है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने बताया कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव करीब दो महीने पहले ही सभी नगर निगम क्षेत्रों में प्रभारियों की नियुक्ति कर चुके हैं और संगठन इन चुनावों को लेकर जमीनी स्तर पर काम कर रहा है। चौधरी ने कहा कि बूथ स्तर पर प्रभारियों की नियुक्ति हो चुकी है और राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निकाय क्षेत्रों के परिसीमन और आरक्षण का काम पूरा किए जाने के बाद सपा के प्रत्याशियों का चयन भी अगले महीने की शुरुआत तक कर लिया जाएगा। चौधरी ने कहा, आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नगर निकाय चुनाव काफी संजीदगी से लड़ा जाएगा। हालांकि, दोनों चुनावों के स्तर में अंतर है, लेकिन तैयारियों का जायजा और संगठन के पेच कहां-कहां कसने की जरूरत है, इसका अंदाजा नगर निकाय चुनाव से जरूर हो जाएगा। 2017 में अलीगढ़ और मेरठ नगर निगम के महापौर पद के चुनावों में जीत हासिल करने वाली बसपा गत विधानसभा चुनाव में मिले करारे झटके के बाद अब नगर निकाय चुनाव के जरिए दमदार वापसी करने की इच्छुक है। बसपा ने रविवार को कांशीराम परिनिर्वाण दिवस के मौके पर हर घर दस्तक अभियान की शुरुआत की है। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर, कांशीराम और अन्य दलित महापुरुषों की विचारधारा को लोगों तक पहुंचाएंगे। बसपा ने एक जून को सदस्यता अभियान भी चलाया था। अब वह कई अन्य अभियान चलाकर लोगों को पार्टी से जोड़ने की कोशिशों में जुटी है।

वहीं, दिल्ली और पंजाब में मोहल्ला स्तर पर काम करके सत्तारूढ़ हुई आप उत्तर प्रदेश के नगर निकाय चुनावों में इसी रणनीति पर अमल कर रही है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता वैभव माहेश्वरी ने बताया, उत्तर प्रदेश में आप ने मोहल्ला प्रभारियों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पार्टी ने मोहल्लों की समस्याओं को बताने के लिए एक मोबाइल एप्लीकेशन भी तैयार किया है। इस एप्लीकेशन के जरिए पार्टी हर मोहल्ले की प्रमुख समस्याओं के बारे में जानकारी हासिल करेगी और उनके आधार पर मोहल्लावार चुनाव घोषणा पत्र जारी किए जाएंगे। उत्तर प्रदेश में अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही कांग्रेस भी आगामी नगर निकाय चुनाव में पार्टी के लिए संभावनाएं देख रही है। उसकी कोशिश है कि इन चुनावों में दमदार प्रदर्शन करके दूसरे दलों को मजबूत संदेश दिया जाए। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी ललन कुमार ने बताया, पार्टी नगर निकाय चुनावों को प्रदेश में अपने लिए एक नई शुरुआत का मौका मानते हुए काम कर रही है। पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी और उनके सहयोगी प्रांतीय अध्यक्षों ने शनिवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया है। अब निकाय चुनाव की तैयारियां पूरे जोरों पर होंगी।

# डीएम ने पत्नी संग किया ऐतिहासिक दशहरा मेले का शुभारम्भ

● सामाजिक एकता अखण्डता का प्रतीक है दशहराः डीएम

● रामायण संगोष्ठी से हुआ दशहरे मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज



संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**शनिवार देर** शाम नगर पालिका परिषद लखीमपुर के तत्वावधान में दशहरा मेला सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज हुआ। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अपनी धर्मपत्नीए आकांक्षा समिति अध्यक्ष अल्पना सिंह व नगर पालिका चेयरमैन निरुपमा मोनी बाजपेई के साथ एसडीएम सदर श्रद्धा सिंहए ईओ संजय कुमार की मौजूदगी में फीता काटकर दशहरा सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

डीएम ने पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन एवं दीप जलाकर दशहरे मेला सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि जनपद खीरी के मुख्यालय पर होने वाला दशहरा मेला यहां का ऐतिहासिक मेला है जो पिछलें कई दशको से हो रहा है जहां हर जाति धर्म के लोग मेले का आन्नद लेते है। सामाजिक एकता और अखण्डता का प्रतीक है ये दशहरा।

उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन बड़ा ही पावन होता है। इन कार्यक्रमों के जरिये समाज में एक अच्छा संदेश जाता है। उन्होंने श्री राम चरित मानस की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालाए वही इसे जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। डीएम ने कहा सांस्कृतिक कार्यक्रम भारतीय संस्कृति के उत्थान में सहायक होते है। समाज में एकताए समरसता और बंधुत्व को बढ़ावा देते है।डीएम ने ईओं को मेले में चाकचौबन्द व्यवस्था बनाने रखने के लिए निर्देशित किया। ऐसे समारोहए मेले एवं महोत्सवों में पुलिस विभाग की अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि उन्हें भी भरोसा है कि हमारे जनपद की पुलिस इस कसौटी पर खरी उतरेगी। मेलार्थियों को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये। डीएम ने मेले में निर्वाध विद्युत आपूर्तिए पेयजल व्यवस्था एवं साफ सफाई समेत सभी व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त करने के लिए निर्देशित किया। बताते चलें कि पहले दिन विभिन्न वक्ताओं ने भगवान श्री राम के पद चिन्हों पर चलने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष निरुपमा मौनी बाजपेई ने डीएम व आकांक्षा अध्यक्ष के मेला आगमन पर धन्यवाद ज्ञापित किया। चेयरमैन व ईओ ने संयुक्त रुप से मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान करके अभिनंदन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम रामायण गोष्ठी के उद्घाटन के अवसर पर ईओ संजय कुमार के अधिकारी अमरदीप मौर्य समेत सभासदगण एवं नगर पालिका कर्मचारी तथा पुलिस प्रशासन के लोग मौजूद रहे। रात भर श्रोता गणों ने रामायण संगोष्ठी का आंनद उठाया। ये दशहरा महोत्सव 08 अक्टूबर से प्रारम्भ होकर 22 अक्टूबर को अतिशबाजी के सम्पन्न होगा।

## दशहरा सांस्कृतिक कार्यक्रम पर एक नजर

रामायण संगोष्ठी 08 व 09 अक्टूबर देवी जागरण 10 अक्टूबर संस्कृत कवि सम्मेलन 11 अक्टूबर पंजाबी संगीत सम्मेलन 12 अक्टूबर जवाबी कव्वाली 13 अक्टूबर प्रादेशिक कवि सम्मेलन रू 14 अक्टूबर बच्चों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम 15 अक्टूबर स्थानीय संगीत सम्मेलन 16 अक्टूबर अवध संध्या 17 अक्टूबर भोजपुरी संगीत रू 18 अक्टूबर मुशायरा 19 अक्टूबर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन 20 अक्टूबर आमंत्रित कलाकारों द्वारा संगीत सम्मेलन 21 अक्टूबर एवं आतिशबाजी एवं समापन 22 अक्टूबर।

## घर में घुसकर मारपीट ग्रामीण की मौत

**बरेली।** मामूली विवाद के बाद दबंगों ने घर में घुसकर मारपीट की जिससे ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया इलाज के लिए अस्पताल लाते समय उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव सुजात पुर निवासी 45 वर्षीय सगीर अहमद पुत्र सूखा कि बीती रात एक निजी अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के बेटे जमीर अहमद ने बताया कि उसके बड़े भाई अमीर अहमद का गांव के ही रहने वाले पप्पू से 2 दिन पूर्व पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया जिससे नाराज पप्पू ने अपने आधा दर्जन साथियों के साथ मिलकर घर में घुसकर हमला कर दिया जिससे घर में मौजूद उसके पिता मोहम्मद सगीर गंभीर रूप से घायल हो गए उनका स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराया गया घर वालों ने पप्पू के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की बीती रात हालत बिगड़ने पर इलाज के लिए अस्पताल लाते समय उसनकी रास्ते में ही मौत हो गई शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी मृतक की पत्नी का नाम हजारा बेगम है वह 9 बच्चों का पिता था

## पति ने किया पत्नी को जलाकर मारने का प्रयास

**बरेली।** शराब पीने के लिए पैसे ना देने पर पति ने पत्नी पर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी जिससे वह झुलस गई उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला काली बाड़ी फालतू गंज निवासी नन्हे लाल लोधी की पत्नी सोनी लोधी को आज दोपहर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसके घर वालों ने बताया कि सोनी का पति नन्हे लाल शराब का आदी है और शराब के नशे में अक्सर उसके साथ मारपीट करता है कल दिन में वह उसे शराब पीने के लिए पैसे मांग रहा था लेकिन सोनी ने पैसे देने से इंकार कर दिया ।

# बेमौसम हो रही बरसात से कराह उठा किसान, फसलें हुई चौपट

●धान, गन्ना की फसलें तेज हवाओं से गिरीं हुआ भारी नुकसान

●तिल्ली, केला, टमाटर, परवर की फसलें भी हुई बर्बाद

●मिश्रिख क्षेत्र के किसान रहे कराह, बेमौसम बरसात की पड़ी मार

संवाददाता। मिश्रिख सीतापुर

**बेमौसम हुई** बरसात से किसानों की फसले चौपट हो गई है, बारिश ने रबी की फसलों की तैयारियों में तो बाधा डाल ही दी है साथ ही तैयार खड़ी धान की फसल भी पानी से डूब कर तेज हवा के चलते गिर गई, जिससे किसानों का काफी नुकसान होना बताया जा रहा है। मिश्रिख तहसील क्षेत्र के कई गांवो के किसानों का कहना है कि बारिश से टमाटर की फसलों में झुलसा, गलता रोग लग जाते हैं, और पौधे में आने वाला फूल गलने लगता है। हवाओं से गन्ना भी गिर गया है। खरीफ की फसलों को पहले ही तहस-नहस कर दिया था। किसानों की बची उम्मीद बारिश ने खत्म कर दी है। आपको बता दें कि लम्बे समय से बेमौसम हो रही बरसात की मार झेल रहे किसानों ने कहा कि पानी ने सारा खेल बिगाड़ दिया है। बता दें कि तरसावां निवासी महावीर, सुशील, शिवपाल, राकेश कुमार, लेखराम, मनोज कुमार ग्राम चांदपुर में रामकुमार शुक्ला की केले कि फसल चौपट हो गई है। समसापुर में हरगोविंद सिंह की तिल्ली और उड़द की फसल, समसा पुर में सूबेदार सिंह की बाजरे की फसल बरेली में महेंद्र त्रिपाठी की धान की फसल ग्राम पंचायत मुड़ियारा में अनूप कुमार की धान की फसल, लोधोरा में शिवराज मौर्य की तिल्ली की खेती, परवल की खेती, चंदन सिंह की मूंगफली की खेती को काफी नुकसान हुआ है समेत सभी किसानो का भारी नुकसान हुआ है।

# लहरपुर के बेहटी में बाल्मीकि मंदिर पर हुआ भव्य आयोजन

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर

**नगर के** मोहल्ला बेहटी मे महर्षि बाल्मीकि मंदिर पर बाल्मीकि मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा रविवार को शरद पूर्णिमा के अवसर पर महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस समारोह का आयोजन किया गया। बताते चलें शरद पूर्णिमा के अवसर पर महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस समारोह का आयोजन मोहल्ला बेहटी में स्थित महर्षि बाल्मीकि मंदिर पर वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर पूजन अर्चन करते हुए धूमधाम से मनाया गया। तथा मंदिर पर रामचरितमानस का पाठ किया गया। इसी क्रम में शोभा यात्रा का आयोजन भी होना था लेकिन भारी बारिश के चलते शोभा यात्रा कार्यक्रम नहीं हो सका। अंत में बाल्मीकि मंदिर पर सूक्ष्म भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से बंटी वाल्मीकि, प्रदीप बाल्मीकि, मनोज बाल्मीकि, रंजीत बाल्मीकि, सोनू वाल्मीकि, सचिन वाल्मीकि, गंगा वाल्मीकि, विजेंद्र बाल्मीकि, छोटे वाल्मीकि, प्रकाश वाल्मीकि, रामगुलाम बाल्मीकि, राधेश्याम बाल्मीकि सहित महर्षि वाल्मीकि मंदिर कमेटी के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# ईद ए मिलादुननबी पर निकला परचमे मोहम्मदी का जुलूस

संवाददाता। संडीला(हरदोई)



**ईद ए मिलादुननबी** के मुबारक मौके पर शहर के मुख्यमार्ग से परचमे मोहम्मदी का जुलूस बरामद हुआ। यह जुलूस इतना भव्य और विशाल था कि मुख्यमार्ग पर 2 घण्टे से अधिक समय तक यह जुलूस गुजरता रहा। संडीला का ईद ए मिलादुननबी का जुलूस काफी प्राचीन और ऐतिहासिक है। इसके प्रमाण ऐतिहासिक पुस्तकों में भी उपलब्ध हैं। बादशाह फिरोज़ शाह तुगलक (1309-1388) ने अपनी आत्मकथा फतूहाते फिरोजशाही के पृष्ठ संख्या 172 पर झण्डों का ज़िक्र करते हुए लिखा है कि यौमे विलादते रसूल के मौके पर जहां मुसलमान सब्ज़ परचम के साथ शीरीनी तकसीम करते हुए एक जुलूस निकालते हैं। गौरतलब है कि सन् 1368 ई0 में फिरोज शाह तुगलक संडीला होकर गुजरा था और उसी के हुक्म पर दरगाह हजरत मखदूम अलाउद्दीन शाह (रह0) में फिरोज शाह के हुक्म पर ही एक मस्जिद तामील की गयी थी जो आज भी मौजूद है। रविवार को शहर की अन्जुमनों यथा अन्जुमन फैजाने आला हज़रत मण्डई, गुलामाने मुस्तफा, मदनी चौधरी हाता, आशिकाने गौसुलवरा, अन्जुमन गुलामाने वारिस, अन्जुमन फैजाने रजा, फैजाने मुस्तफा, दावत ए इस्लामी, शैदाए रसूल, गुलशने अख्तार रजा, शैदाए मोहम्मदी, फारुख ए आजम, फैजाने आला हजरत, अन्जुमन मदरसा गौसिया, अनवारे मुस्तफा, किसान यूनियन, रजा ए मुस्तफा, लशकरे हादिया, गुलामाने पंजतन, अताए मुस्तफा, परचमे पंजतने पाक, हिदायत ए रसूल, फिदाए मुस्तफा, गुलशने मदीना, आशकाने रसूल, जज़्बा ए इमदाद, मदरसा सिद्दीकिया, मदरसा फात्मा रजविया, शोएबुल औलिया, फिदाए मुस्तफा, गुलामाने रसूल, फैजाने गखदूम शाह, नूरानी अंजुमन, बरकातिया, गरीब नवाज, चिश्तिया अशरफिया, मौलाई शाह बाबा, गुलशने मोहम्मदिया, अन्जुमन साबिरया, पीर गुलाम, गुलामाने अलोई पीर, मदरसा अमजदिया अनवारुल उलूम, दरगाह हजरत सैयद रब्बानी शाह, जमाले मुस्तफा, अन्जुमन बरौनी ताल मस्जिद का जुलूस दिन में लगभग 12 बजे अतरौली रोड से शुरू हुआ जो इमाम चौक मण्डई होता हुआ मूसेपुर तथा मूसेपुर से होता हुआ छोटा चौराहा मुख्यमार्ग से होता हुआ लखनऊ रोड तक गया। 2 कि0मी0 से अधिक लंबा यह जुलूस गुजरने में 2 घण्टे से अधिक का समय लग गया। इस जुलूस में सबसे आगे डॉ0 अहमद सईद, शहर काजी हाजी मो0 आरिफ अब्दुल्ला, मौ0 जमाल, हसन मक्की, मो0 शकूर, मौ0 मेंहदी हसन, फरीदउद्दीन अहमद समेत बड़ी संख्या में नगर के प्रतिष्ठित लोग चल रहे थे। इस जुलूस में शामिल कई झण्डे तो इतने विशाल थे कि उनको पचासों लोग सहारा देकर उठाए हुए थे तथा छोटे बड़े झण्डों की संख्या हजारों में थी। जुलूस के दौरान पूर्व मंत्री अब्दुल मन्नान की ओर से उनके सुपुत्र तथा पूर्व ब्लाक प्रमुख अब्दुल राफे, पूर्व सभासद शोएब नबी समेत दर्जनों लोगों की ओर से स्टॉल लगाकर खाने पीने की चीजों का वितरण किया गया। परचमे मोहम्मदी के जुलूस का हिन्दू भाईयों की ओर से भी शानदार स्वागत किया। पूर्व नगर पालिका चेयरमैन शैलेश अग्निहोत्री ने अपने आवास के बाहर जुलूस में शामिल लोगों का स्वागत किया।

# लगातार बारिश ने रावण को भी मिला अभयदान

**मोहम्मदी खीरी।** लगातार पांच दिनों से हो रही बारिश ने सभी आमजन को पानी पानी कर दिया। वही परंपरागत निकलने वाले जुलूस व रावण दहन का भी कार्यक्रम बारिश के चलते निरस्त कर दिया गया। हर ओर पानी ही पानी से किसानों की फसलों को बडा नुकसान देखने को मिला है घान की फसल खेतों में लेट सी गयीं। वहीं गन्ने के फसलो से लेकर अन्य फसलों को बड़ा नुकसान उठाना पडा है। वही बाल्मीकि जयंती पर निकलने वाली शोभायात्रा को भी मौसम की वजह से स्थगित करना पड़ा वह नगर पालिका परिषद की ओर से मेला की रामलीला का आयोजन किया जा रहा है मेले में भरे पानी को देखते हुए आज रावण दहन का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। अब रावण दहन 16 अक्टूबर दिन रविवार को किया जाएगा। वही अन्य कार्यक्रम एक पैलेस मे आयोजित किये जाएगे। श्री राम लीला मे लगी दुकानदारो को भारी नुकसान उठाने का आलकन किया जा रहा है। मोहम्मदी नगर में



लगातार हो रही बारिश के चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रोडवेज बस अड्डा तालिब अली चौराहा सहित रामलीला में पानी भर गया जिससे आम जनमानस के साथ साथ जानवरों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है।

## विवक न्यूज़

### कोटेदार ने गांव के ही युवक पर लगाया अभद्रता का आरोप

**सीतापुर।** विकासखंड गोंदलामऊ क्षेत्र की ग्राम पंचायत बकछेवा के मजरा अलीनगर की उचित दर विक्रेता आरती देवी पत्नी अमित कुमार ने गांव के ही नीरज कुमार सिंह पुत्र शिवप्रकाश व अन्य पर बिना राशन कार्ड के राशन उठा ले जाने व सरकारी कागज फाड़ने और अभद्रता, गुंडागर्दी का आरोप लगाया है। उन्होंने इस संबंध में थाना सन्दना प्रभारी को प्रार्थना पत्र दिया है। पत्र में कोटेदार आरती ने बताया कि उनके गांव के ही नीरज कुमार अर्कवंशी जो अपने को किसी मंत्री का सलाहकार बताते हैं वह और उनके साथी मेरी राशन की दुकान पर आए और कहा मुझे 5 बोरी गेहूं चाहिए या नहीं तो पर उनके साथ आए सहयोगियों ने दुकान में रखे गेहूं की बोरियों को अपनी फोर व्हीलर गाड़ी में डाल लिया और हूटर बजाते हुए धमकी देते हुए भाग गए। कहा कि अगर राशन की दुकान चलानी चलानी है तो हर महीने 5 कुंटल गेहूं मुझे देना पड़ेगा। जानते नहीं हो मैं उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री का सलाहकार हूं। जिससे उचित दर विक्रेता आरती काफी डरी हुई है। इस संबंध में थाना प्रभारी ओपी तिवारी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जांच की जा रही है। जांच के बाद उचित कार्यवाही की जाएगी।

### आम आदमी पार्टी ने आयोजित किया तिरंगा कार्यक्रम

**सीतापुर।** रविवार को आम आदमी पार्टी सीतापुर द्वारा तिरंगा शाखा का आयोजन किया। तिरंगा शाखा कार्यक्रम की शुरुआत में राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष आनंद जायसवाल और तिरंगा शाखा प्रमुख राकेश सक्सेना ने बताया कि आम आदमी पार्टी नेतृत्व के आह्वान पर प्रत्येक रविवार को तिरंगा शाखा कार्यक्रम चलाया जाएगा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन करते हुए उनके योगदानों को याद किया जाएगा। जिला संगठन मंत्री व जिला मीडिया प्रभारी आशीष शर्मा ने कहा कि प्रत्येक रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। नगर को स्वच्छ और साफसुथरा बनाए रखने में पूरा सहयोग करेंगे। इस दौरान जिलाध्यक्ष आनंद जायसवाल, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष रामकिशोर श्रीवास्तव, जिला संगठन मंत्री व मीडिया प्रभारी आशीष शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष हिमांशु विश्वकर्मा,तिरंगा शाखा प्रमुख राकेश सक्सेना,नगर महामंत्री मोहम्मद काशिफ़, रेहान मेहंदी, नितिन जौहरी, कन्हैया लाल शुक्ला, रामकुमार वर्मा, धर्मेंद्र समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### सूर्यबख्श सिंह इंटर कॉलेज में लगाया वॉटर कूलर

**सीतापुर।** ग्रामपंचायत महोली के प्रधान धर्मेंद्र सिंह राजनीति के साथ साथ धार्मिक कार्यो मे भी आस्था रखते है उन्होने बच्चों को स्वच्छ पेयजल मुहैय्या कराने के लिए इंटर कॉलेज कमलापुर में लगवाया वाटर कूलर व प्यूरीफायर विकासखंड कसमंडा की ग्राम पंचायत महोली के प्रधान धर्मेंद्र सिंह द्वारा बच्चों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु कस्बे के राजा बहादुर डाक्टर शूर्यबक्श सिंह इंटर कॉलेज कमलापुर में ग्राम पंचायत महोली के सौजन्य से एक वाटर कूलर व प्यूरीफायर की स्थापना की । प्रधान धर्मेंद्र सिंह ने बताया की कस्बा यह इंटर कॉलेज क्षेत्र के लिए इकलौता इंटर कॉलेज है जिसमें क्षेत्र भर से लगभग 3500 बच्चे शिक्षा के लिए प्रतिदिन विद्यालय आते हैं ऐसे में विद्यालय में बच्चों के लिए स्वच्छ पेयजल हेतु इस वाटर कूलर की स्थापना करवायी गई है । इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य साकिब जमाल अंसारी ,अशोक सिंह, आशुतोष , भगौती शुक्ला आदि अध्यापक एवं विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा ।

### पति से झगड़े के बाद पत्नी ने जहरीला पदार्थ खाया

**बरेली।** पति से हुए विवाद के बाद पत्नी ने जहरीला पदार्थ खा लिया उसे इलाज के लिए पति ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया कोतवाली थाना क्षेत्र के मठ की चौकी निवासी बबलू ने आज सुबह अपनी पत्नी सुमन को बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां बबलू ने बताया कि वह ठेले पर सामान बेचकर गुजारा चलाता है और तीन बच्चों का पिता है उसकी पत्नी होली के अवसर पर मोहल्ले के ही रहने वाले मनोज के साथ फरार हो गई थी वह अपने साथ जेवर और नकदी भी ले गई थी लेकिन कुछ समय बाद ही वह घर वापस आ गई लेकिन उसका मनोज से मिलना जुलना जारी रहा और वह पति की गैर मौजूदगी में मनोज को घर पर भी बुलाने लगी इसी को लेकर घर में अक्सर झगड़ा होता है आज सुबह भी इसी बात को लेकर झगड़ा हो गया जिससे गुस्साई सुमन ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया हालत बिगड़ने पर पति बबलू उसे जिला अस्पताल लाया वही सुमन ने पति पर जहरीला पदार्थ खिलाने का आरोप लगाया।

### छत से गिरकर महिला घायल

**बरेली।** टिन शेड की छत पर कपड़े फैलाने गई एक महिला अचानक बेकाबू होकर जमीन पर गिर पड़ी और गंभीर रूप से घायल हो गई उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रेम नगर थाना क्षेत्र के बांके की छावनी निवासी मुन्ना की पत्नी अनीता को आज सुबह इलाज के लिए जिला अस्पताल में घायल अवस्था में भर्ती कराया गया जहां मुन्ना ने बताया कि की छत टीन सेट की है और उसकी पत्नी अनीता आज सुबह रोजाना की तरह पर कपड़े फैलाने के लिए छत पर गई थी इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह जमीन पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई उसके चीखने चिल्लाने पर घर के लोग मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया घटना की सूचना मिलने पर मुन्ना भी जिला अस्पताल पहुंचा घायल अनीता की हालत नाजुक बनी हुई है

### ट्रैक्टर-ट्राली से गिरकर युवक की मौत

**बरेली।** ट्रैक्टर ट्राली से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक के घर वालों ने घटना के लिए गांव के ही एक युवक को जिम्मेदार बताया।फरीदपुर थाना क्षेत्र के नगरिया विक्रम गांव में रहने वाले सीताराम के 20 वर्षीय बेटे विजय कि बीती रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि विजय का विवाह घटना से 15 दिन पूर्व की तरह हुआ था और वह 19 जून को मजदूरी करने के लिए घर से निकला था एक ट्रैक्टर ट्राली में गांव पर कुछ युवकों के साथ मजदूरी करने के लिए जा रहा था इसी दौरान रामसेवक से उसका पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया जिससे दोनों में झगड़ा हो गया दोनों ही ट्रैक्टर-ट्राली पर एक दूसरे से मारपीट करने लगे इसी दौरान रामसेवक और विजय नीचे गिर पड़े रामसेवक विजय के ऊपर गिरा जिससे विजय गंभीर रूप से घायल हो गया घटना के समय मौके पर मौजूद लोगों ने विजय के घर वालों को जानकारी दी जो मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले गए जहां लंबे इलाज के बाद बीती रात उसकी मौत हो गई घरवालों ने थाने में रामसेवक के विरुद्ध शिकायत दर्ज करा दी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी

# पेज एक का शेष

## आप के...

हुआ था और वह यहां कंस के वंशजों का नाश करने आए हैं। गौतम ने अपने त्याग पत्र में लिखा है कि वह व्यक्तिगत रूप से 5 अक्टूबर, 2022 को अशोक विजयादशमी के अवसर पर दिल्ली के रानी झांसी रोड पर स्थित आंबेडकर भवन में मिशन जय भीम और बौद्ध सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित बौद्ध धम्म दीक्षा समारोह में समाज के सदस्य के रूप में शामिल हुए थे। इसका आम आदमी पार्टी और मंत्रिपरिषद से कोई लेना-देना नहीं है। बाबा साहेब के परपोते राजरत्न आंबेडकर ने बाबा साहेब की 22 प्रतिज्ञाओं को दोहराया, जिन्हें मेरे साथ-साथ 10,000 से अधिक लोगों ने दोहराया। उसके बाद से ही भाजपा हमारे नेता अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को निशाना बना रही है, यह बहुत दुखद है। उन्होंने आगे कहा कि बाबा साहेब द्वारा किए गए 22 वचनों को केंद्र की भाजपा सरकार में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री रहे थावर चंद गहलोत द्वारा डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर: राइटिंग्स एंड स्पीच, वॉल्यूम-17 में प्रकाशित किया गया है। इन प्रतिज्ञाओं को हर साल देश के कोने-कोने में आयोजित होने वाले हजारों स्थानों पर करोड़ों लोग दोहराते हैं। बाबा साहेब और उनके द्वारा की गईं इन 22 प्रतिज्ञाओं पर भाजपा को आपत्ति है। भाजपा की गंदी राजनीति से आहत होकर वह अपने मंत्री पद से इस्तीफा दे रहे हैं। पत्र में उन्होंने आगे लिखा कि वह नहीं चाहते कि उनके नेता अरविंद केजरीवाल और पार्टी पर किसी भी तरह का हमला हो। पार्टी के एक सच्चे सिपाही के रूप में, वह तथागत बुद्ध और बाबा साहेब द्वारा दिखाए गए न्यायसंगत और संवैधानिक मूल्यों को जीवन भर निभाएंगे। वह अपनी बहन-बेटियों और समुदाय के लोगों के अधिकारों के लिए जीवन भर पूरी ताकत से लड़ेंगे। गौतम ने अपने पत्र में लिखा है कि मनुवादी मानसिकता वाले कुछ लोग सोशल मीडिया और फोन पर उनकी जान-माल, परिवार और साथियों को नुकसान पहुंचाने की धमकी दे रहे हैं, लेकिन वह इस सब से नहीं डरते। वह अपने समुदाय के अधिकारों के लिए अत्यंत साहस, ईमानदारी और ताकत के साथ लड़ेंगे। इस लड़ाई में यदि उन्हें अपना बलिदान भी देना पड़े, तो वह देंगे, रुकेंगे नहीं। बाद में गौतम ने एक ट्वीट में कहा कि आज महर्षि वाल्मीकि का प्रकटीकरण दिवस है। दूसरी ओर, मान्यवर कांशी राम साहब की पुण्यतिथि भी है। ऐसे संयोग में, आज वह कई बंधनों से मुक्त हो गए हैं और आज उनका नया जन्म हुआ है। धर्मांतरण का यह विवादास्पद कार्यक्रम बौद्ध सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा नई दिल्ली के झंडेवालान में स्थित आंबेडकर भवन में आयोजित किया गया था। इसमें हजारों लोग शामिल हुए थे। मंच पर दिल्ली सरकार में मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने अन्य लोगों के साथ शपथ दोहरायी थी कि मुझे ब्रह्मा, विष्णु और महेश में कोई विश्वास नहीं है। न ही मैं भगवान के रूप में उनकी पूजा करूंगा। मुझे राम या कृष्ण में कोई आस्था नहीं होगी और न ही मैं उनकी पूजा करूंगा। मुझे गौरी, गणपति और अन्य हिंदू देवी-देवताओं में कोई विश्वास नहीं है और न ही मैं उनकी पूजा करूंगा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिसके बाद विवाद खड़ा हो गया। भाजपा की दिल्ली इकाई ने मंत्री गौतम के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। भाजपा ने इस पूरे कार्यक्रम और उसमें मंत्री की भागीदारी के लिए अरविंद केजरीवाल को जिम्मेदार ठहराया और उनसे मंत्री को फौरन बर्खास्त करने की मांग की। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल स्वयं भी गौतम से बेहद नाराज हैं। विशेष बात यह कि पूरे विवाद में आप का कोई भी नेता गौतम के बचाव के लिए आगे नहीं आया है।

## दिल्ली में...

विभाग को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है कि भविष्य में इस तरह की देरी न हो, पारदर्शी और प्रभावी निगरानी के लिए एक तंत्र विकसित किया जाए, आवेदन निस्तारण में देरी के कारणों का पता लगाया जाए, जिम्मेदारी तय की जाए और दोषी अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। यही नहीं, इस संबंध में अधिसूचना सात दिन के भीतर जारी की जाए।

## दिल्ली में...

या गैर लाइसेंसी, सबको अपने पास रखना चाहिए। हिंदुओं ने कानून का पालन करने का ठेका नहीं लिया है। बंदूकें प्राप्त करें। लाइसेंस प्राप्त करें। यदि आपको लाइसेंस नहीं मिलता है, तो चिंता न करें। जो लोग तुम्हें मारने आते हैं, क्या उनके पास लाइसेंस है? तो आपको लाइसेंस की आवश्यकता क्यों है? भाजपा सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने कहा कि जब तक सभी हिंदू एकजुट नहीं होंगे तब तक ऐसी घटनाएं होती रहेंगी। रविवार की घटना के एक कथित वीडियो में वर्मा को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि यदि आप उन्हें सबक सिखाना चाहते हैं तो इसका एक ही उपाय है कि इनका संपूर्ण बहिष्कार करो। हाथ उठाकर कहो कि हम उनका बहिष्कार करेंगे। हम उनकी दुकानों से कुछ नहीं खरीदेंगे, हम उन्हें रोजगार नहीं देंगे। बस यही करो, यही उपाय है। वक्ताओं का बचाव करते हुए विहिप प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा कि यह जन आक्रोश रैली थी। इसका मकसद किसी समुदाय को निशाना बनाना नहीं, बल्कि जिहादी तत्वों को संदेश देना था। उनका मतलब यह था कि जरूरत पड़ने पर वे जिहादी तत्वों के खिलाफ आत्मरक्षा में सामने आ सकते हैं। मालूम हो कि पूर्वी दिल्ली के सुंदर नगरी में घर लौट रहे 25 वर्षीय मनीष को 20 से अधिक बार चाकू मारा गया था। पुलिस ने इस मामले में अब तक चार लोगों साजिद, आलम, बिलाल और फैजान को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि घटना पुरानी रंजिश का नतीजा है।

## गुरुग्राम में...

हादसा हुआ है। गुरुग्राम के उपायुक्त० निशांत कुमार यादव ने बताया कि पुलिस इस मामले में जांच करेगी। डीसीपी पश्चिम दीपक सहारण ने बताया कि सभी छह बच्चों के शव निकाल लिए गए हैं।

## डीएनए नमूने...

गर्भवती हो गई। पुलिस ने मामले में आरोपपत्र दाखिल कर दिया, जबकि डीएनए जांच की रिपोर्ट अभी लंबित थी। जब रिपोर्ट आई तो पता चला कि आरोपी और भ्रूण के रक्त के नमूने का मिलान नहीं हो रहा था। आरोपी ने यह कहते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया कि पीड़िता के गर्भवती होने के लिए वह जिम्मेदार नहीं है। सरकारी वकील ने दलील दी कि बच्ची ने बयान दिया था कि आरोपी ने उसका यौन उत्पीड़न किया था और इसलिए, डीएनए के नमूने के मेल न खाने के बावजूद, मुकदमा जारी रखना पड़ेगा। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने 15 सितंबर को फैसला सुनाते हुए कहा था कि कहा था कि डीएनए विश्लेषण में भले ही यह पता चलता हो कि आरोपी भ्रूण का जैविक पिता नहीं था, यह याचिकाकर्ता को इस तरह के कथित अपराधों के लिए पूरी तरह से दोषमुक्त नहीं कर सकेगा। निचली अदालत को दिए गए पीड़िता के बयान का हवाला देते हुए, उच्च न्यायालय ने कहा, याचिकाकर्ता के वे सभी अक्षम्य कृत्य हैं जब तक कि वह निर्दोष साबित न हो जाए। पीड़िता के इस बयान को खारिज नहीं किया जा सकता कि याचिकाकर्ता ने जबरन उसके साथ यौन संबंध बनाए थे।

## चेक बाउंस...

तथा खाते में पर्याप्त पैसा नहीं होने के बावजूद जानते-बूझते चेक जारी करने के चलन पर भी रोक लगेगी। चेक जारी करने वाले के अन्य खाते से राशि स्वत: काटने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया और अन्य सुझावों को देखना होगा। चेक बाउंस होने का मामला अदालत में दायर किया जा सकता है और यह एक दंडनीय अपराध है जिसमें चेक की राशि से दोगुना जुर्माना या दो वर्ष तक का कारावास या दोनों सजा हो सकती है। उद्योग संगठन पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने हाल में वित्त मंत्रालय से अनुरोध किया था कि चेक बाउंस के मामले में बैंक से पैसा निकलने पर कुछ दिन तक अनिवार्य रोक जैसे कदम उठाए जाएं जिससे कि चेक जारी करने वालों को जवाबदेह बनाया जा सके।

## उद्धव ने...

के फैसले को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधती है। ठाकरे ने कहा, हालांकि, न तो इंदिरा गांधी ने शिवसेना को खत्म करने की कोशिश की और न ही कांग्रेस के नेतृत्व वाली किसी अन्य सरकार ने शिवसेना के खिलाफ इतना कठोर कदम उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के समर्थन से पद पाने वाले 40 बागी नेताओं को उनकी जरूरत खत्म होने पर शराब की खाली बोतल की तरह फेंक दिया जाएगा। ठाकरे ने कहा, गद्दारों ने पहले धोखे से मेरी कुर्सी छीनी और शिवसेना तथा इसकी विरासत को हथियाने का प्रयास किया। अब उन्होंने इसके चिन्ह (तीर-कमान) पर पांबदी सुनिश्चित की।

# पूर्वोत्तर राज्यों का वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित कीजिए

भाषा। गुवाहाटी

**केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह** ने रविवार को कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को दुनिया में दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए पूर्वोत्तर राज्यों का वित्तीय अनुशासन जरूरी है। यहां पूर्वोत्तर परिषद (एनईसी) के 70 वें पूर्ण अधिवेशन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि उग्रवाद, कनेक्टिविटी के अभाव और पूर्वोत्तर पर ध्यान देने में पिछली सरकारों की विफलता ने दशकों तक इस क्षेत्र के विकास को अवरूद्ध किया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने मूल समस्याओं को समझने की कोशिश की और इस क्षेत्र को विकास की राह पर ले जाने के लिए मुद्दों के स्थाई हल के तौर तरीके इजाद किए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के पिछले आठ सालों में इस क्षेत्र में शांति लाने, कनेक्टिविटी बढ़ाने, विकास को

## ● गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्रियों से कहा

प्राथमिकता देने के कई प्रयास किए गए हैं।

एनईसी के अध्यक्ष शाह ने इस क्षेत्र के मुख्यमंत्रियों से अपने राज्यों का वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने की अपील करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को दुनिया में दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए पूर्वोत्तर राज्यों का वित्तीय अनुशासन जरूरी है। उन्होंने राज्यों से बाढ़ नियंत्रण, सिंचाई, पर्यटन, वानिकीकरण, कृषि के लिए नोर्थ ईस्ट स्पेश अप्लिकेशन सेंटर (एनईएसएसी) का पूरा लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के सभी मुख्यमंत्रियों को अपने अपने राज्यों में एनईएसएसी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करना चाहिए ताकि उसका अधिकतम एवं बेहतर उपयोग किया जा सके।



गुवाहाटी में प्रशासनिक कर्मी महाविद्यालय में यह बैठक हुई जिसमें पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यपाल एवं अधिकारी मौजूद रहे। शाह ने कहा कि केंद्र जैविक खेती, कृषि में डिजिटल प्रौद्योगिकी के उपयोग तथा प्राकृतिक उत्पादों के प्रमाणन को प्राथमिकता दे रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में केंद्र बाढ़ मुक्त एवं ड्रग मुक्त पूर्वोत्तर के लिए भी कटिबद्ध है। उन्होंने मुख्यमंत्रियों से राज्यों को एकल-उपयोग प्लास्टिक से मुक्त रखने की अपील की। इस क्षेत्र की पनबिजली परियोजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उनका मकसद न केवल ऊर्जा पैदा करना है बल्कि उनका उपयोग बाढ़ रोकथाम में भी किया जा सकता है।

शाह ने कहा कि शेष भारत पूर्वोत्तर की भाषाओं, संस्कृतियों, खानपान, परिधान को अपनी धरोहर समझता है तथा केंद्र इस क्षेत्र की पहचान को अक्षुण्ण रखने एवं बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का दृढ़ विश्वास है कि देश का सर्वांगीण विकास सभी भाषाओं को साथ लेकर ही संभव है तथा यह सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति में प्रावधान किया गया है कि प्राथमिक शिक्षा केवल मातृभाषा में दी जाए।

## पराली के निपटान के लिए स्थाई तरीकों का रुख कर रहे हैं पंजाब के किसान

**चंडीगढ़।** पंजाब के कुछ किसानों ने फसलों के अवशेषों का स्थाई तरीके से निपटान करना शुरू कर दिया है चाहे वह प्राकृतिक उवर्क के तौर पर इसका इस्तेमाल करके हो या ईंधन उत्पादन के लिए इसे बेचकर। आम तौर पर फसलों के अवशेष जला दिए जाते हैं जो वायु प्रदूषण का सबब बनता है। किसान अब पराली में आग लगाने की बजाय इसे प्राकृतिक उर्वरक के रूप में उपयोग कर रहे हैं या ईंधन बनाने के लिए बेच रहे हैं। प्रदेश के किसानों ने न केवल फसल अवशेषों को मिट्टी में मिला कर उर्वरकों की खपत को कम किया है, बल्कि अन्य उत्पादकों की पराली का प्रबंधन करके इससे पैसा कमाना भी शुरू किया किया है। मोहाली जिले के आखिरी गांव बदरपुर में अपनी लगभग 30 एकड़ जमीन पर खेती करने वाले भूपिंदर सिंह (59) 2018 से धान की पराली नहीं जला रहे हैं। बजाय इसके वह एमबी हल नामक जुताई के एक उपकरण का उपयोग करके इसे मिट्टी में मिला रहे हैं।



सूरत में अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता

## चुनाव आयोग के अंतिम निर्णय में शिंदे खेमा सफल होगाः फडणवीस

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि जब चुनाव आयोग शिव सेना के नाम और चुनाव चिह्न पर मालिकाना हक को लेकर अंतिम फैसला सुनाएगा तो मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाला गुट सफल होगा। फडणवीस ने यहां संवाददाताओं से कहा कि वह चुनाव आयोग के उस अंतरिम फैसले से हैरान नहीं हैं, जिसमें उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना धड़ों को मुंबई की अंधेरी (पूर्व) विधानसभा सीट के लिए तीन नवम्बर को होने वाले उपचुनाव में पार्टी के नाम और उसके चुनाव चिह्न धनुष और तीर का इस्तेमाल करने से रोक दिया गया है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि चुनाव आयोग ने अपनी निर्धारित प्रक्रिया के तहत निर्णय लिया है। मुझे लगता है कि जब चुनाव आयोग मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे द्वारा शिवसेना के नाम और चुनाव चिह्न पर मालिकाना हक के दावों पर अंतिम फैसला लेगा, तो जीत मुख्यमंत्री शिंदे की होगी। महाराष्ट्र के मंत्री दीपक केसरकर ने कहा, हमारे पास बहुमत है, क्योंकि अधिकतम विधायक और सांसद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले खेमे के साथ हैं। चुनाव आयोग ने चुनाव चिह्न फ्रीज कर दिया है, लेकिन हम अपनी लड़ाई जारी रखेंगे।

हमने चुनाव आयोग के समक्ष अपना हलफनामा भी दाखिल नहीं किया है, क्योंकि बहुमत हमारे पास है। हम इसे कल दाखिल कर सकते हैं। उन्होंने ठाकरे खेमे पर भी निशाना साधते हुए कहा कि जब चुनाव आयोग ने मूल पार्टी चिह्न को सील कर दिया तो वे वैकल्पिक चुनाव चिह्नों के साथ तैयार थे। ऐसा लगता है कि उन्हें (ठाकरे खेमे को) धनुष और तीर के चिह्न से कोई लगाव नहीं है। ठाकरे गुट ने चुनाव आयोग की पिछली सुनवाई के दौरान जानबूझकर समय बर्बाद किया। शिक्षा मंत्री ने आगे दावा किया कि अगर वे वास्तव में पार्टी के चुनाव चिह्न की रक्षा करना चाहते थे, तो वे पहले आसानी से दस्तावेज जमा करा सकते थे।

## तकनीकी शिक्षण संस्थानों में छात्राओं की संख्या बढ़ाई जाएः राष्ट्रपति

भाषा। चंडीगढ़

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू** ने रविवार को कहा कि देश की तरक्की को और गति प्रदान करने के लिए तकनीकी शिक्षण संस्थानों में छात्राओं की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए। वह यहां पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज के शताब्दी वर्ष समारोह के समापन कार्यक्रम और 52 वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने संस्थान की तारीफ की और कहा कि उन्हें यह उल्लेख करते हुए खुशी हो रही है कि इसने देश को कई दिग्गज व्यक्ति दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के पूर्व अध्यक्ष और भारत में एक्सपेरिमेंटल फ्लूड डायनामिक्स रिसर्च के जनक प्रो. सतीश धवन, मशहूर शिक्षाविद और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के संस्थापक निदेशक प्रो. आर एन डोगरा तथा मिसाइल प्रौद्योगिकी एवं स्ट्रेटेजिक सिस्टम के विशेषज्ञ डॉ. सतीश कुमार शामिल हैं।

मुर्मू ने कहा कि इस संस्थान के एयरोनॉटिक्स इंजीनियरिंग विभाग की पूर्व छात्रा कल्पना चावला भारतीय मूल की पहली महिला अंतरिक्ष यात्री थीं और उन्होंने विज्ञान की खातिर आत्मबलिदान का प्रेरणादाई इतिहास रचा। संस्थान में कल्पना चावला चेयर ऑफ जियोस्पेशियल टेक्नॉलोजी के गठन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा , देश की तरक्की को और गति प्रदान करने के लिए तकनीकी शिक्षण संस्थानों में छात्राओं की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए।

उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे जीवन में भले ही जो कुछ बनना चाहें , लेकिन उन्हें अपनी मातृभूमि को नहीं भूलना चाहिए क्योंकि वे ही कल के भारत के निर्माता हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि चूंकि विद्यार्थी असीमित अवसर एवं संभावनाओं की दुनिया में कदम रख रहे हैं, इसलिए उन्हें इस बात में कोई संदेह नहीं है कि वे अवसरों को सफलता तथा संभावनाओं को हकीकत में तब्दील करने में समर्थ हैं। उन्होंने कहा कि यह उम्मीद की जाती है कि वे अर्जित ज्ञान का मानवता की सेवा में भी इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने उनसे अपनी व्यक्तिगत प्राथमिकताओं में महात्मा गांधी के सर्वोदय के संदेश को शामिल करने की अपील की।

## कांग्रेस सरकार ने जनता की नहीं कुर्सी की चिंता कीः वसुंधरा

**जयपुर।** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे ने रविवार को कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि इस सरकार में एक कुर्सी छोड़ना नहीं चाहता, तो दूसरा गुट कुर्सी हासिल करने के लिए अड़ा हुआ है। राजे का यह बयान सत्ताधारी कांग्रेस में चल रही सियासी खींचतान को लेकर आया है। राजे का इशारा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और तत्कालीन उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच चल रही सियासी खींचतान की ओर था।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों पार्टी आलाकमान की ओर से मुख्यमंत्री आवास पर गहलोत का उत्तराधिकारी चुनने के लिए पर्यवेक्षक मल्लिकार्जुन खड़गे और राष्ट्रीय महासचिव और प्रदेश प्रभारी अजय माकन की मौजूदगी में कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुलाई गई थी। लेकिन विधायकों ने इस बैठक का बहिष्कार कर मंत्री शांति धारीवाल के घर पर समानांतर बैठक की थी और उन्होंने अपने इस्तीफे विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी को सौंप दिए थे।

गहलोत का उत्तराधिकारी चुनने के लिए विधायक दल की बैठक में आलाकमान का एक लाइन का प्रस्ताव पारित किया जाना था। मुख्यमंत्री पद की दौड़ में तत्कालीन उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट सबसे आगे थे। पार्टी आलाकमान ने मंत्री शांति धारीवाल, मुख्य सचेतक महेश जोशी और आरटीडीसी के अध्यक्ष धर्मेन्द्र राठौड़ को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

राजे ने रविवार को देशनोक में करणी माता, गढ़ गणेश जी के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस सरकार में एक कुर्सी छोड़ना नहीं चाहता तो दूसरा गुट कुर्सी हासिल करने के लिए अड़ा हुआ है उन्होंने कहा कि इन्हें जनता से कोई मतलब नहीं है, जनता जानती है कि कुशासन भरे चार साल कैसे निकले।

## केजरीवाल ने कंस के वंशज बयान देकर यादवों का अपमान कियाः भाजपा ओबीसी मोर्चा

**पटना।** भाजपा के ओबीसी मोर्चा ने रविवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर गुजरात में यादव समुदाय का अपमान करने का आरोप लगाया। मोर्चे के राष्ट्रीय महासचिव और भाजपा की बिहार इकाई के प्रवक्ता निखिल आनंद ने आम आदमी पार्टी के प्रमुख से नस्लवादी बयान वापस लेने की भी मांग की। आनंद ने यहां एक बयान जारी कर केजरीवाल के कथित बयानों की निंदा की, जिनमें उन्होंने जन्माष्टमी पर पैदा होने की बात कही थी और भगवान कृष्ण की तरह कंस के वंशजों को हराने का संकल्प लिया था। आनंद ने कहा, ऐसा लगता है कि सिर्फ इसलिए कि उनका जन्म जन्माष्टमी पर हुआ था, केजरीवाल सोचते हैं कि वह अपनी तुलना भगवान कृष्ण के साथ कर सकते हैं। लेकिन उन्हें यह महसूस करना चाहिए कि भगवान कृष्ण ने कंस को उसके पापों के लिए दंडित किया था, लेकिन कभी भी मथुरा के राजा के पूरे वंश का सफाया करने की कोशिश नहीं की। आनंद ने कहा, यह सर्वविदित है कि कंस भगवान कृष्ण का मामा था और सभी यादव खुद को भगवान विष्णु के अवतार का वंशज मानते हैं।



मंडी में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ग्रामीण महिलाओं के साथ सेल्फी लेते हुए।

## मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने पूजा स्थल अधिनियम वाली याचिकाओं के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट का रुख किया

भाषा। नई दिल्ली

**अखिल भारतीय मुस्लिम पर्सनल** लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) ने पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 के कानून के कुछ प्रावधानों की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। इस कानून के तहत 15 अगस्त, 1947 को धार्मिक स्थलों की जो स्थिति थी या उसका जो चरित्र था, उसमें बदलाव के लिए याचिका दायर करना या दावा करना निषिद्ध किया गया है।

अपनी वादकालीन याचिका में एआईएमपीएलबी ने शीर्ष अदालत को बताया कि पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 भारतीय राजनीति के धर्मनिरपेक्ष मूल्यों के अनुरूप एक प्रगतिशील कानून है और विभिन्न वर्गों के लोगों के बीच सद्भाव, सार्वजनिक शांति और समरसता को बढ़ावा देता है।

प्रधान न्यायाधीश उदय उमेश ललित की अध्यक्षता वाली पीठ 11 अक्टूबर को 1991 के कानून के कुछ प्रावधानों की वैधता पर सवाल उठाने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करने वाली है। मुस्लिम संगठन ने अधिवक्ता एमआर शमशाद के माध्यम से दायर अपनी अर्जी में दलील दी है कि यह अधिनियम लोगों के किसी भी वर्ग के सांस्कृतिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं करता है और यह संविधान की मूलभूत विशेषताओं पर आधारित है, जो संशोधन योग्य नहीं हैं। एआईएमपीएलबी ने कहा है कि उक्त अधिनियम को निरस्त करने या इसके मूल उद्देश्यों औराया सिद्धांतों को नष्ट करने का कोई भी प्रयास असंवैधानिक और अमान्य होगा।

विश्व भद्र पुर्जारी पुरोहित महासंघ और अन्य के मामले में दायर हस्तक्षेप याचिका में दावा किया गया है कि कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई से केवल जमीनी स्तर पर समस्याएं पैदा होंगी। बोर्ड ने आरोप लगाया है कि वादकारियों का एक राजनीतिक एजेंडा है। याचिका में कहा गया है कि इस अधिनियम की परिकल्पना विभिन्न वर्गों के लोगों के बीच सद्भाव को बढ़ावा देने और सार्वजनिक व्यवस्था के उल्लंघन को रोकने तथा सार्वजनिक शांति और सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए की गई है। एआईएमपीएलबी का दावा है कि इतिहास में ऐसे असंख्य उदाहरण हैं जहां जैन और बौद्ध पूजा स्थलों को हिंदू मंदिरों में, मुस्लिम पूजा स्थलों को गुरुद्वारों में तथा हिंदू पूजा स्थलों को मस्जिदों में परिवर्तित कर दिया गया है। मुस्लिम निकाय ने आगे कहा कि अधिनियम का उद्देश्य पूजा स्थलों से संबंधित पुराने दावों को समाप्त करना था।

## लालू के बचाव को लेकर नीतीश पर बरसे प्रसाद

**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों के विरूद्ध सीबीआई के आरोपपत्र दाखिल करने के बाद उनका (राजद प्रमुख का) बचाव करने को लेकर नीतीश कुमार पर रविवार को निशाना साधा तथा कहा कि यह शर्मनाक एवं दुर्भाग्यपूर्ण है कि कैसे बिहार के मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर अपनी आंखे मूंद ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कुमार भ्रष्टाचार के मामले मे लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यो का बचाव कर अपने जीवन की जमा-पूंजी से समझौता कर रहे है। मुख्यमंत्री ने राजद प्रमुख के रेल मंत्री के कार्यकाल से जुड़े एक मामले मे उनके (लालू प्रसाद के) विरूद्ध केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा आरोपपत्र दाखिल करने पर शनिवार को नाखुशी जताई थी। कुमार ने कहा था, उस मामले मे कुछ नही निकला। अब मै इस महागठबंधन मे वापस आ गया हूं तो नई चीजे शुरू हो गई है। क्या यही तरीका है? ऐसा जान पड़ता है कि वे मनमर्जी कर रहे है। कुमार जांच एजेंसियों के माध्यम से राजनीतिक प्रतिशोध की कार्वाई किए जाने का परोक्ष रूप से हवाला दे रहे थे। वह अब महागठबंधन मे है जिसमे उनकी पार्टी जदयू, राजद और कांग्रेस घटक दल है। जनता दल (यूनाइटेड) पर पलटवार करते हुए रविशंकर प्रसाद ने कहा, यह शर्मनाक एवं दुर्भाग्यपूर्ण है कि कैसे मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर अपनी आंखें मूंद ली है। वह 2017 मे भ्रष्टाचार के मुद्दे पर खुद ही अलग हुए थे और अब वह ऐसा बोल रहे है। उन्होंने कहा, नीतीश कुमार को कानून को अपना काम करने देना चाहिए तथा उसमे हस्तक्षेप नही करना चाहिए। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो के अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि राजद सुप्रीमो , उनकी पत्नी एवं बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, बड़ी बेटी एवं राज्यसभा सदस्य मीसा भारती समेत 14 लोगो के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया गया है। सीबीआई ने रेलवे मे जमीन के बदले नौकरी घोटाले के सिलसिले मे शनिवार को बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के निजी सचिव से पूछताछ भी की थी। यह कथित घोटाला उस वक्त हुआ था जब तेजस्वी के पिता लालू प्रसाद रेलमंत्री थे। कुमार अगस्त मे भारतीय जनता पार्टी से अलग हो गए थे और महागठबंधन मे लौट गए थे।

## जिसमें आस्था हो उस धर्म का पालन करें, लेकिन दूसरे धर्म का अपमान न करेंः रामदास आठवले

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के घटक रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई) के नेता राम दास आठवले ने रविवार को कहा कि लोगो को अपने पसंदीदा धर्म के अनुसरण का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन दूसरे धर्म का अनादर भी नही किया जाना चाहिए। विवादास्पद धर्मांतरण कार्यक्रम के लिए आप की निंदा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पार्टी को सबक सिखाया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि आप के नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हमेशा से हिंदू धर्म के खिलाफ बोलते रहे है। आठवले ने कहा, मै इस घटना की निंदा करता हूं। दूसरे धर्मों की निंदा करना संविधान की भावना के खिलाफ है। यह संविधान हमे बी आर आम्बेडकर ने दिया है। यह सभी धर्मों के बीच सौहार्द की परिकल्पना करता है और आम्बेडकर हमेशा इसके हिमायती थे। आरपीआई नेता ने कहा कि वह स्वयं बौद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बौद्ध धर्म के दर्शन और आम्बेडकर के आदर्शों मे विश्वास करते है। हाल ही मे एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमे दिल्ली सरकार के तत्कालीन मंत्री और आप नेता राजेंद्र पाल गौतम को एक कार्यक्रम मे शामिल होते दिखाया गया था, जहां सैकड़ो लोगो ने हिंदू देवताओं की निंदा करते हुए बौद्ध धर्म अपनाने का संकल्प लिया था। इसके बाद से गौतम भाजपा के निशाने पर आ गए थे। गौतम ने भारी दबाव के बीच आज मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया।

## जुलाई से शुरू होगा डिजिटल विविः यूजीसी अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत जुलाई 2023 से डिजिटल विश्वविद्यालय की शुरुआत हो जाएगी और इसके कुछ पाठ्यक्रम कौशल विकास से जुड़े होंगे। विवि अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष एम जगदीश कुमार ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत मे कहा कि पिछले कुछ समय मे डिजिटल विश्वविद्यालय का खाका तैयार करने पर विभिन्न पक्षो की ओर से काफी चर्चा हुई जिसकी शुरुआत अगले साल जुलाई से होगी। कुमार ने कहा कि शुरुआत मे कौशल विकास आधारित ज्यादा से ज्यादा पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना है और मुख्य जोर इस बात पर है कि छात्रों को कौशल आधारित प्रशिक्षण मिले तथा पाठ्यक्रम रोजगारोन्मुखी हो। यूजीसी अध्यक्ष ने कहा कि डिजिटल विश्वविद्यालय के माध्यम से छात्रों के लिए पढ़ाई करना काफी सरल होगा। उन्होंने कहा, मिसाल के तौर पर अगर कोई पाठ्यक्रम चार साल का है और छात्र उसे कम समय में पूरा करने में सक्षम है, तब उस छात्र को कम अवधि मे कोर्स पूरा करने की अनुमति देंगे। इसी तरह से अगर कोई छात्र चार साल के पाठ्यक्रम को पांच साल मे करना चाहता है, तो वह डिजिटल विश्वविद्यालय के माध्यम से उस कोर्स को पांच साल मे पूरा कर सकेगा। कुमार ने कहा कि जुलाई 2023 से डिजिटल विश्वविद्यालय के माध्यम से कुछ पाठ्यक्रम शुरू होंगे जिस पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि अब यूजीसी ने छात्रो को एकसाथ दो डिग्री पूरी करने की अनुमति दे दी है और यदि बहुविषयक शिक्षा के तहत किसी छात्र ने एक डिग्री कॉलेज में मौजूद रहकर पूरी की होगी तब वह डिजिटल विश्वविद्यालय मे दूसरी डिग्री ऑनलाइन माध्यम से कर सकेगा।

## भाजपा ने बिहार की दो विस सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए उम्मीदवार घोषित किए

**पटना।** भाजपा ने बिहार की मोकामा और गोपालगंज विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए रविवार को अपने उम्मीदवारों की घोषणा की। इन उपचुनाव को सात दलों वाले सत्तारूढ़ महागठबंधन के सामने भाजपा की पहली चुनावी परीक्षा के तौर पर देखा जा रहा है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह द्वारा जारी एक पत्र के अनुसार, गोपालगंज से पार्टी के विधायक रहे सुभाष सिंह की पत्नी कुसुम देवी उम्मीदवार होंगी। सिंह (59) का किडनी प्रतिरोपण से संबंधित जटिलताओं के कारण 16 अगस्त को निधन हो गया था, जिसके चलते इस सीट पर उपचुनाव की जरूरत पड़ी है। उनके निधन से ठीक एक सप्ताह पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भाजपा से नाता तोड़कर महागठबंधन के साथ सरकार बना ली थी। सिंह की पत्नी उनके पक्ष में उत्पन्न सहानुभूति की लहर को भुनाने की कोशिश करेंगी। मोकामा में, चार बार के विधायक व बाहुबली अनंत कुमार सिंह को अयोग्य करार दिए जाने के बाद उपचुनाव की आवश्यकता पड़ी है। भाजपा ने इस सीट से सोनम देवी को टिकट दिया है। सोनम देवी स्थानीय बाहुबली नलिनी रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह की पत्नी हैं। ललन सिंह की अनंत सिंह के साथ पुरानी अदावत रही है।

सोनम देवी के पति ललन सिंह ने एक दिन पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जद-यू) का साथ छोड़ दिया था, जिसके बाद भाजपा की तरफ से सोनम देवी की उम्मीदवारी की घोषणा की गई। ललन सिंह 2020 के विधानसभा चुनाव से पहले टिकट मिलने की आस में जद(यू) में शामिल हुए थे। तब से उन्हें नजरअंदाज किया जा रहा था, जिससे वह नाराज थे। अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी मोकामा सीट से राजद का टिकट पाने का प्रयास कर रही हैं। हालांकि, सत्तारूढ़ गठबंधन ने अभी इस संबंध में फैसला नहीं किया है कि कौन सी पार्टी दोनों सीट पर होने वाले उपचुनाव में लड़ेगी।

## तकनीकी, गैर-तकनीकी संस्थानों में हिंदी, स्थानीय भाषाएं शिक्षा का माध्यम हों : संसदीय समिति

**नई दिल्ली।** एक संसदीय समिति ने सिफारिश की है कि हिंदी-भाषी राज्यों में आईआईटी जैसे तकनीकी और गैर-तकनीकी उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षा का माध्यम हिंदी और देश के अन्य हिस्सों में शिक्षा का माध्यम स्थानीय भाषा होनी चाहिए। समिति ने यह भी सिफारिश की कि हिंदी संयुक्त राष्ट्र की आधिकारिक भाषाओं में से एक होनी चाहिए। पिछले महीने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पेश की गई अपनी 11वीं रिपोर्ट में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता वाली राजभाषा पर संसदीय समिति ने सिफारिश की थी कि सभी राज्यों में स्थानीय भाषाओं को अंग्रेजी पर वरीयता दी जानी चाहिए।

सूत्रों के अनुसार, समिति ने सुझाव दिया कि देश के सभी तकनीकी और गैर-तकनीकी संस्थानों में शिक्षा के माध्यम के रूप में हिंदी या स्थानीय भाषा का उपयोग किया जाना चाहिए और अंग्रेजी के उपयोग को वैकल्पिक बनाया जाना चाहिए। समिति के उपाध्यक्ष बीजू जनता दल (बीजद) नेता भर्तृहरि महताब ने पीटीआई-भाषा को बताया कि समिति ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार सिफारिशें तैयार की हैं, जिसमें सुझाव दिया गया है कि शिक्षा का माध्यम आधिकारिक या क्षेत्रीय भाषा होना चाहिए। समिति ने सुझाव दिया है कि ए श्रेणी के राज्यों में हिंदी को सम्मानजनक स्थान दिया जाना चाहिए और इसका शत-प्रतिशत इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

पैनल ने सिफारिश की थी कि हिंदी भाषी राज्यों में आईआईटी, केंद्रीय विश्वविद्यालयों और केंद्रीय विद्यालयों में शिक्षा का माध्यम हिंदी और भारत के अन्य हिस्सों में उनकी संबंधित स्थानीय भाषा होनी चाहिए। महताब ने कहा कि बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, दिल्ली विवि, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय जैसे उच्च शिक्षण संस्थानों में हिंदी का केवल 20-30 प्रतिशत इस्तेमाल किया जा रहा है, जबकि इसका उपयोग शत-प्रतिशत किया जाना चाहिए था। अंग्रेजी एक विदेशी भाषा है और हमें इस औपनिवेशिक प्रथा को खत्म करना चाहिए। इसी तरह की भावना भाजपा सदस्य रीता बहुगुणा जोशी ने भी व्यक्त की, जो दूसरी उप-समिति की संयोजक हैं। उन्होंने कहा, अंग्रेजी एक विदेशी भाषा है और हम इसे समाप्त करना चाहते हैं और इसे हिंदी एवं अन्य क्षेत्रीय भाषाओं द्वारा प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए।

जोशी ने कहा, सिफारिशें नई शिक्षा नीति के अनुसार हैं, जिसमें क्षेत्रीय भाषाओं और हिंदी में समान रूप से शिक्षा देने पर जोर दिया गया है। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार गुप्ता ने कहा कि समिति ने सिफारिश की है कि ए श्रेणी या हिंदी भाषी राज्यों में शिक्षा का माध्यम हिंदी होना चाहिए और बाकी राज्यों में यह संबंधित स्थानीय भाषाओं में होना चाहिए। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को हिंदी के प्रगतिशील इस्तेमाल के आधार पर तीन समूहों (क्षेत्रों) में बांटा गया है। उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, झारखंड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह ए श्रेणी में और गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़, दमन और दीव तथा दादरा एवं नगर हवेली बी श्रेणी में आते हैं तथा शेष भारत को सी श्रेणी के रूप में वर्गीकृत किया गया है। समिति ने अपनी रिपोर्ट में सिफारिश की है कि संयुक्त राष्ट्र में हिंदी को आधिकारिक भाषाओं में से एक बनाया जाना चाहिए। महताब ने कहा, कुल 193 देश संयुक्त राष्ट्र के सदस्य हैं, लेकिन कितने देश विदेशी भाषाओं को आधिकारिक भाषा के रूप में इस्तेमाल करते हैं।

# यूक्रेन के जापोरिज्जिया शहर पर हुए हमले में 17 की मौत

**एपी।** जापोरिज्जिया

**यूक्रेन के** जापोरिज्जिया शहर में बीती रात एक अपार्टमेंट पर हुए रूसी हमले में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।जापोरिज्जिया नगर परिषद के सचिव अनातोली कुर्तेव ने टेलीग्राम ऐप पर कहा कि बीती रात शहर पर रॉकेट हमले किए गए, जिसमें कम से कम 20 मकान और 50 अपार्टमेंट क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने कहा कि कम से कम 20 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। यूक्रेन की सेना ने भी हमले की पुष्टि करते हुए बताया कि इनमें दर्जनों लोग हताहत हुए हैं।

हमले का शिकार हुई एक इमारत में रहने वाली तेतयाना लाजुन्को (73) और उनके पति ओलेस्की हमले की चेतावनी देते सायरन की आवाज सुनते ही अपार्टमेंट में सबसे ऊपरी तल पर जाकर छुप गए। हालांकि विस्फोट में उनकी जान तो बच गई लेकिन खौफ अब भी बाकी है।लाजुन्को ने कहा, "एक विस्फोट हुआ। सबकुछ हिल रहा था। सबकुछ तहस-नहस हो गया और मैं बस चिल्ला रही थी।"यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने टेलीग्राम ऐप पर लिखा, एक बार फिर आधी रात को जापोरिज्जिया पर हमला किया गया। एक बार फिर आम लोगों और रिहाइशी इमारतों को निशाना बनाया गया। जिन्होंने भी इसका आदेश दिया है, जिन्होंने भी इसे अंजाम दिया है, उन्हें जवाब देना होगा।

धमाके के कुछ घंटे बाद रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूसी नौसेना प्रमुख सर्गेई सुरोविकिन अब से यूक्रेन में सभी रूसी सैनिकों की अगुवाई करेंगे। सुरोविकिन को गर्मी के दौरान दक्षिणी यूक्रेन में सैनिकों का प्रभारी बनाया गया था। वह सीरिया में रूसी बलों का नेतृत्व कर चुके हैं। उन पर सीरिया के एलेप्पो पर बमबारी कराने का आरोप है, जिसके कारण शहर का अधिकतर हिस्सा बर्बाद हो गया। हाल के हफ्तों में जापोरिज्जिया को कई बार निशाना बनाया गया है। यह यूक्रेन के नियंत्रण वाले एक क्षेत्र में आता है, जिस पर रूस ने पिछले सप्ताह कब्जा कर लिया था। इस क्षेत्र का एक हिस्सा फिलहाल रूस के कब्जे में है। यहीं पर जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थित है, जिसे यूरोप का सबसे बड़ा ऊर्जा संयंत्र कहा जाता है। इससे पहले शनिवार को क्रीमिया प्रायद्वीप को रूस से जोड़ने वाले एक पुल पर विस्फोट हुआ था, जिसके कारण पुल आंशिक रूप से ढह गया था। रूस इसी पुल के रास्ते दक्षिणी यूक्रेन में युद्ध के लिए सैन्य साजो-सामान भेजता है। रूसी परिवहन मंत्रालय ने रविवार को टेलीग्राम पर कहा कि क्रीमिया और रूस के बीच यात्री ट्रेन की आवाजाही बीती रात निर्धारित समय के अनुसार फिर से शुरू हो गई है। रविवार को एक अन्य टेलीग्राम पोस्ट में मंत्रालय ने कहा कि क्रीमिया और रूस की मुख्य भूमि के बीच कारों की आवाजाही जारी है। पहली आवाजाही स्थानीय समयानुसार 2 बजे से कुछ समय पहले शुरू हुई।

## अमेरिका में सिख परिवार की हत्या का आरोपी 17 साल पहले भी जा चुका है जेल

**सैन फ्रांसिस्को, (भाषा)।** कैलिफोर्निया में आठ महीने की बच्ची समेत भारतीय मूल के एक सिख परिवार के अपहरण और हत्या में शामिल व्यक्ति पहले भी जेल जा चुका है। सत्रह साल पहले यह व्यक्ति जिस परिवार के लिए काम करता था, उसे इसने बंदूक दिखाकर बंधक बना लिया था और फिर उसके साथ लूटपाट की थी। साथ ही परिवार को धमकी भी दी थी।कैलिफोर्निया के सुधार एवं पुनर्वास विभाग के अनुसार चार सदस्यों वाले सिख परिवार के अपहरण और हत्या के आरोप में बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किए गए जीसस सालगाडो को 2007 में एक मामले में 11 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। बाद में उसे रिहा कर दिया गया था। सालगाडो ने जिस परिवार का अपहरण किया, उसमें आठ महीने की बच्ची आरोही ढेरी, उसकी 27 वर्षीय मां जसलीन कौर, 36 वर्षीय पिता जसदीप सिंह, और 39 वर्षीय चाचा अमनदीप सिंह शामिल थे। विभाग ने कहा कि उस पर प्रतिबंधित पदार्थ रखने का भी आरोप है। लगभग दो दशक पहले सालगाडो, ट्रक कंपनी के मालिक एक परिवार के लिए काम करता था, लेकिन 2004 में उसे काम पर से हटा दिया गया था क्योंकि परिवार को उस पर पैसे चोरी करने का संदेह था।



विलमिंगटन के कैथोलिक चर्च में सेंट जोसेफ से वार्ता करते अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन

## अमेरिका ने इस साल भारत के लिए चार यात्रा परामर्श जारी किए

**वाशिंगटन।** अमेरिका इस साल भारत के लिए चार यात्रा परामर्श जारी कर चुका है। 28 मार्च से अमेरिका ने दूसरे चरण का परामर्श जारी किया हुआ है, जिसके तहत भारत जाने की योजना बना रहे अमेरिकी नागरिकों को अधिक सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। अमेरिका के विदेश विभाग ने कई साल पहले यात्रा परामर्श पेश किए थे, जो चार रंगों के कोड में विभाजित हैं। पहला सफेद, जिसका मतलब है यात्रा के लिए सबसे सुरक्षित स्थान और चौथा लाल, जिसका मतलब है अमेरिकी नागरिकों को वहां न जाने की सलाह दी जाती है।दूसरे (पीले) चरण के तहत अमेरिकी नागरिकों को यात्रा के वक्त अधिक सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। अमेरिका ने 28 मार्च से अपने नागरिकों को भारत की यात्रा के लिए दूसरे चरण का परामर्श जारी किया हुआ है। उसने 24 जनवरी को यात्रा परामर्श तीसरे चरण से कम करके दूसरे चरण का कर दिया था। तीसरे चरण के तहत अमेरिका अपने नागरिकों को उस देश की यात्रा करने से पहले पुनर्विचार करने की सलाह देता है।

## ईरान में चौथे सप्ताह भी प्रदर्शन जारी, दो लोगों की मौत

**एपी।** सुलेमानिया

**ईरान में कई** स्थानों पर शनिवार को सरकार विरोधी प्रदर्शन हुए जिनमें कम से कम दो लोगों की मौत हो गई।

शनिवार को प्रदर्शन का चौथा सप्ताह शुरू हुआ। पुलिस हिरासत में 22 वर्षीय महसा अमीनी की मौत के बाद ईरान में हिजाब विरोधी प्रदर्शन हो रहे हैं। पुलिस ने अमीनी को कथित रूप से देश के कड़े इस्लामी ड्रेस कोड के उल्लंघन के आरोप में हिरासत में लिया था।

प्रदर्शनकारी महिलाओं ने सरकार विरोधी नारे लगाए और अनिवार्य धार्मिक ड्रेस कोड का विरोध करते हुए अपने हिजाब उतारकर फेंक दिए।कुछ इलाकों में हड़ताल के आह्वान के कारण तथा नुकसान से बचने के लिए व्यापारियों ने दुकानें बंद रखीं। शनिवार को ईरान के सरकारी टीवी को शाम के समाचार प्रसारण के दौरान 15 सेकंड तक हैक कर लिया गया। इस दौरान देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खमेनी की फुटेज प्रसारित की गई। हैकरों ने आग की लपटों से घिरी खमेनी की तस्वीर प्रसारित की। इसके कैप्शन में लिखा था, आपके पंजों से हमारे युवाओं का खून टपक रहा है।




पुलिस हिरासत में ईरान की 22 वर्षीय महसा अमीनी की मौत के बाद बेरुत में प्रदर्शन करते समर्थक

अमीनी की मौत के बाद से ही देशभर में प्रदर्शन हो रहे हैं और प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कड़ी कार्वाई की गई है, जिसमें दर्जनों लोगों के मारे जाने और सैकड़ों लोगों के गिरफ्तार होने का अनुमान है। मानवाधिकार निगरानी संगठनों ने बताया कि कुर्द बहुल उत्तरी क्षेत्र के सनांदज शहर में एक कार सवार व्यक्ति को शनिवार को एक प्रमुख मार्ग पर गोली मार दी गई। फ्रांस स्थित कुर्दिस्तान ह्यूमैन राइट्स नेटवर्क एंड द हेंगाव ऑर्गेनाइजेशन फॉर ह्यूमैन राइट्स ने बताया कि इस व्यक्ति को तब गोली मारी गई जब उसने सड़क पर तैनात सुरक्षाबलों के सामने हॉर्न बजाया। उल्लेखनीय है कि हॉर्न बजाना सविनय अवज्ञा का एक तरीका बन गया है। अर्ध-सरकारी फार्स समाचार एजेंसी ने बताया कि कुर्दिस्तान के पुलिस प्रमुख ने प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाने की खबरों का खंडन किया है।

मानवाधिकार निगरानी संगठनों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने शहर में भीड़ को तितर-बितर करने के लिए गोलियां चलाईं जिसमें एक अन्य प्रदर्शनकारी की मौत हो गई और 10 प्रदर्शनकारी घायल हो गए। राजधानी तेहरान में भी शनिवार को प्रदर्शन हुए। ईरान के प्रमुख शिक्षा केंद्र शरीफ यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के समीप भी प्रदर्शन हुए, जिसके बाद प्राधिकारियों ने अगले आदेश तक परिसर को बंद कर दिया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित तस्वीरों के अनुसार, उत्तर-पूर्वी शहर मशाद में भी प्रदर्शन हुए।राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने तेहरान में अल-जहरा विश्वविद्यालय की छात्राओं से मुलाकात में एक बार फिर आरोप लगाया कि प्रदर्शनों को भड़काने में विदेशी शत्रुओं का हाथ है। इस बीच, नीदरलैंड के द हेग में हजारों लोगों ने ईरान में प्रदर्शनकारियों के समर्थन में नारे लगाए।

## जयशंकर ने वेलिंगटन में नए भारतीय उच्चायोग चांसरी का उद्घाटन किया

**भाषा।** वेलिंगटन

**विदेश मंत्री** एस. जयशंकर ने रविवार को वेलिंगटन में नए भारतीय उच्चायोग चांसरी का उद्घाटन किया और कहा कि एक-दूसरे की क्षमताओं का समन्वय करना भारत और न्यूजीलैंड के बीच अहम संबंधों को और प्रगाढ़ करने का अधिक विवेकपूर्ण तरीका है। विदेश मंत्री के तौर पर न्यूजीलैंड की पहली यात्रा पर आए जयशंकर ने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच संबंधों को नए सिरे से आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। जयशंकर ने रविवार को ट्वीट किया, वेलिंगटन में आज नए भारतीय उच्चायोग चांसरी का उद्घाटन किया। बेहद कम समय में मंत्री-स्तरीय तीन यात्राएं भारत-न्यूजीलैंड संबंधों को प्रगाढ़ करने की हमारी साझा इच्छा दर्शाती है। उन्होंने कहा, भारत और न्यूजीलैंड के बीच संबंध हमारे प्रधानमंत्रियों नरेंद्र मोदी और जेसिंडा अर्डर्न की दूरदर्शिता तथा प्रतिबद्धता से मजबूत होते हैं। भारतीय समुदाय के सदस्यों को संबोधित करते हुए उन्होंने कारोबार, डिजिटल और कृषि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर जोर दिया। जयशंकर ने कहा, हमारे संबंधों को प्रगाढ़ करने का अधिक विवेकपूर्ण तरीका वास्तव में एक-दूसरे की क्षमताओं का समन्वय है। हमें अधिक कारोबार करने के रास्ते तलाशने चाहिए, क्योंकि आखिरकार कारोबार किसी भी रिश्ते के लिए अच्छा है। एक बार यदि किसी कारोबारी संबंध के लिए मजबूत नींव पड़ जाती है तो वह रिश्ता वाकई मजबूत और स्थिर रहता है। उन्होंने ट्वीट किया, कारोबार, डिजिटल, कृषि, शिक्षा, कौशल, पारंपरिक औषधि तथा समुद्री सुरक्षा क्षेत्रों में कारोबार की असीम संभावनाएं हैं। मजबूत सहयोग से हमारे साझा क्षेत्र में शांति, समृद्धि और प्रगति सुनिश्चित होगी। विदेश मंत्री ने नए चांसरी के उद्घाटन के दौरान वहां एकत्रित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, हाल के वर्षों में हमारे प्रधानमंत्रियों नरेंद्र मोदी और जेसिंडा अर्डर्न ने कार्यक्रमों के इतर समय-समय पर मुलाकात करते हुए एक रिश्ता बनाया है...जब उच्च स्तर पर नेताओं की मुलाकात होती है तो उससे काफी फर्क पड़ता है।

## दूसरी तिमाही में पेट्रोलियम कंपनियों को 21,270 करोड़ का घाटा होने की आशंका

**भाषा।** नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों- आईओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल को जुलाई-सितंबर तिमाही में सम्मिलित रूप से 21,270 करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ सकता है। यह संभवत: पहला मौका होगा जब इन कंपनियों को लगातार दूसरी तिमाही में घाटा होगा।इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) को चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में भी सामूहिक रूप से 18,480 करोड़ रुपए का घाटा उठाना पड़ा था।

आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने पेट्रोलियम क्षेत्र के बारे में जारी एक आकलन रिपोर्ट में कहा है कि तीनों पेट्रोलियम विपणन कंपनियां दूसरी तिमाही में भी कमजोर विपणन घाटे की स्थिति में फंसी रहीं और रिफाइनिंग मार्जिन में भी पर्याप्त सुधार नहीं देखा गया। उत्पादन की लागत के अनुरूप पेट्रोल एवं डीजल की कीमतें नहीं बढ़ाने से तेल कंपनियों को घाटा होने के आसार हैं।

इन पेट्रोलियम कंपनियों ने अभी तक जुलाई-सितंबर तिमाही के अपने वित्तीय आंकड़े जारी नहीं किए हैं। इस महीने के अंत तक या अगले महीने की शुरुआत में तीनों कंपनियों के परिणाम आने की संभावना है। वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि नहीं करने से हुए नुकसान ने पेट्रोलियम कंपनियों के रिकॉर्ड रिफाइनिंग मार्जिन का सफाया कर दिया था। जहां पेट्रोल एवं डीजल पर आने वाली लागत और उसके बिक्री मूल्य के बीच का फासला कम हुआ है वहीं रिफाइनिंग मार्जिन दूसरी तिमाही में घट गया है।

## बीएस-6 का दूसरा चरण लागू होने पर महंगी हो जाएंगी कारें

**भाषा।** नई दिल्ली

> ● हालांकि यह बढ़ोतरी बीएस-4 से बीएस-6 चरण की तरफ बढ़ते समय हुई वृद्धि से तुलनात्मक रूप से कम होगी

**अगले साल** अप्रैल से लागू होने वाले सख्त उत्सर्जन मानकों के अनुरूप अपने वाहनों को उन्नत करने पर वाहन विनिर्माता कंपनियों का निवेश बढ़ने से यात्री एवं वाणिज्यिक वाहनों की कीमतें बढ़ने की संभावना है।

भारतीय वाहन उद्योग फिलहाल अपने वाहनों को भारत चरण-6 (बीएस-6) उत्सर्जन मानक के दूसरे चरण के अनुकूल ढालने की कोशिश में लगा हुआ है। ऐसा होने पर उत्सर्जन मानक यूरो-6 मानकों के समान हो जाएंगे। चार-पहिया यात्री एवं वाणिज्यिक वाहनों को उन्नत मानकों के अनुरूप बनाने के लिए उनमें परिष्कृत उपकरण लगाने होंगे। ऐसी स्थिति में वाहन उद्योग के जानकारों का मानना है कि वाहन विनिर्माताओं की उत्पादन लागत बढ़ सकती है जिसका बोझ अगले वित्त वर्ष से आखिरकार खरीदारों को ही उठाना पड़ेगा। उन्नत उत्सर्जन मानकों पर खरा उतरने के लिए वाहनों में ऐसा उपकरण लगाना होगा जो चलती गाड़ी के उत्सर्जन स्तर पर नजर रख सके। इसके लिए यह उपकरण कैटेलिक कन्वर्टर और ऑक्सीजन सेंसर जैसे कई अहम हिस्सों पर नजर रखेगा।

वाहन उत्सर्जन का स्तर एक तय मानक से अधिक होते ही यह उपकरण चेतावनी लाइट देकर यह बता देगा कि वाहन की ठीक से सर्विस कराने का वक्त आ गया है। इसके अलावा वाहन में खर्च होने वाले ईंधन के स्तर पर काबू रखने के लिए वाहनों में एक प्रोग्राम्ड ईंधन इंजेक्टर भी लगाया जाएगा। यह उपकरण पेट्रोल इंजन में भेजे जाने वाले ईंधन की मात्रा और उसके समय पर भी नजर रखेगा।वाहन विशेषज्ञों का कहना है कि वाहनों में इस्तेमाल होने वाले सेमीकंडक्टर चिप को भी इंजन के तापमान, ज्वलन के लिए भेजी जाने वाली हवा के दबाव और उत्सर्जन में निकलने वाले कणों पर नजर रखने के लिए उन्नत करना पड़ेगा। इक्रा रेटिंग्स के उपाध्यक्ष एवं क्षेत्र प्रमुख रोहन कंवर गुप्ता ने कहा, नए मानकों के लागू होने से वाहनों की कुल कीमत में थोड़ी बढ़ोतरी होने की संभावना है। हालांकि यह बढ़ोतरी बीएस-4 से बीएस-6 चरण की तरफ बढ़ते समय हुई वृद्धि से तुलनात्मक रूप से कम होगी। उन्होंने कहा कि इस निवेश का बड़ा हिस्सा वाहन में उत्सर्जन पहचान उपकरण लगाने के साथ सॉफ्टवेयर उन्नतिकरण में लगेगा। उन्होंने कहा कि बीएस-6 के पहले चरण की तुलना में दूसरे चरण में लगने वाला खर्च तुलनात्मक रूप से कम होगा। भारत में नए उत्सर्जन मानक के तौर पर एक अप्रैल, 2020 से बीएस-6 का पहला चरण लागू किया गया था। नए मानक के अनुरूप ढालने पर घरेलू वाहन कंपनियों को करीब 70,000 करोड़ रुपए का निवेश करना पड़ा था। प्रमुख वाहन विनिर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा के अध्यक्ष (ऑटोमोटिव क्षेत्र) विजय नाकरा ने कहा कि कंपनी के सभी वाहनों को बीएस-6 के दूसरे चरण वाले मानकों पर खरा उतरने के लायक बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए इंजन की क्षमता को उन्नत करने पर खास जोर दिया जाएगा। टाटा मोटर्स के कार्यकारी निदेशक गिरीश वाघ ने कहा कि कंपनी इस बदलाव के अंतिम दौर में पहुंच चुकी है और इंजीनियरिंग क्षमता का एक बड़ा हिस्सा इस विकास कार्य में लगा हुआ है। देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया के कार्यकारी अधिकारी (कॉरपोरेट मामले) राहुल भारती ने कहा कि कंपनी बीएस-6 के दूसरे चरण के लिए भी खुद को तैयार कर रही है।

## एफएमसीजी कंपनियों ने साबुनों के दाम घटाए

**भाषा।** नई दिल्ली

**दैनिक उपभोग** की वस्तुएं बनाने वाली (एमएफसीजी) कंपनियों हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) और गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) ने कच्चे माल की कीमतें घटने से साबुन के कुछ ब्रांड के दामों में 15 फीसदी तक की कटौती की है। एचयूएल ने लाइफबॉय तथा लक्स ब्रांड के तहत पश्चिमी क्षेत्र में की जाने वाली अपनी पेशकशों में पांच से 11 फीसदी की कटौती की है। वहीं गोदरेह समूह की कंपनी जीसीपीएल ने साबून के दाम 13 से 15 फीसदी घटाए हैं।

विश्लेषकों का कहना है कि दामों में कटौती से चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में बिक्री में वृद्धि होगी, खासकर जब उच्च मुद्रास्फीति की वजह से कुल मांग कमजोर है। उन्होंने कहा कि दाम घटाने के पीछे पाम तेल और अन्य कच्ची सामग्री की वैश्विक कीमतों में कमी आना प्रमुख कारण है।जीसीपीएल के मुख्य वित्तीय अधिकारी समीर शाह ने कहा, जिंसों की कीमतों में कमी आई है और जीसीपीएल उन एफएमसीजी कंपनियों में पहली है जिन्होंने दाम में कमी का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा, विशेषकर साबुनों के लिए जीसीपीएल ने दामों में 13 से 15 फीसदी की कटौती की है। गोदरेज नंबर वन के पांच साबुनों के एक पैकेट की कीमत 140 रुपए से घटाकर 120 रुपए कर दी गई है।

एचयूएल के प्रवक्ता ने कहा, पश्चिमी क्षेत्र में लाइफबॉय और लक्स के दामों में कटौती की गई है। हालांकि सर्फ, रिन, व्हील और डोव जैसे अन्य ब्रांड के दामों में कटौती की खबरों से उन्होंने इनकार किया।

## चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में प्रत्यक्ष कर संग्रह 24 प्रतिशत बढ़कर 8.98 लाख करोड़ रुपए पर

**भाषा।** नई दिल्ली

**कॉरपोरेट और** व्यक्तिगत आय पर कुल कर संग्रह चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से अब तक करीब 24 प्रतिशत बढ़कर 8.98 लाख करोड़ रुपए रहा है। कर विभाग ने रविवार को एक बयान में कहा कि एक अप्रैल से आठ अक्टूबर के दौरान कॉरपोरेट आय पर कर संग्रह में 16.74 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, वहीं व्यक्तिगत आयकर संग्रह में 32.30 प्रतिशत का उछाल आया है। प्रत्यक्ष कर में कॉरपोरेट और व्यक्तिगत आयकर दोनों शामिल होते हैं।आंकड़ों के अनुसार, रिफंड को समायोजित करने के बाद शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 7.45 लाख करोड़ रुपए रहा है, जो एक साल पहले की इसी अवधि के शुद्ध संग्रह से 16.3 प्रतिशत अधिक है। यह संग्रह वित्त वर्ष 2022-23 के बजट अनुमान का 52.46 प्रतिशत बैठता है।इस वित्त वर्ष के बजट में प्रत्यक्ष कर संग्रह 14.20 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान लगाया गया है। यह 2021-22 के 14.10 लाख करोड़ रुपए के संग्रह से अधिक है। कर विभाग के अनुसार, एक अप्रैल से आठ अक्टूबर, 2022 के दौरान प्रत्यक्ष कर का कुल संग्रह 8.98 लाख करोड़ रुपए रहा है, जो इससे पिछले साल की समान अवधि के संग्रह से 23.8 प्रतिशत अधिक है।

कर संग्रह को किसी भी देश में आर्थिक गतिविधियों का संकेतक माना जाता है। लेकिन भारत में औद्योगिक उत्पादन और निर्यात में सुस्ती के बावजूद कर संग्रह का आंकड़ा मजबूत रहा है।

हालांकि कुछ विश्लेषकों का मानना है कि आर्थिक वृद्धि ने अपनी रफ्तार गंवा दी है लेकिन कंपनियों के मुनाफे की वजह से अर्थव्यवस्था का इंजन दौड़ रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछले महीने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि के अपने अनुमान को 7.2 प्रतिशत से घटाकर सात प्रतिशत कर दिया है। अन्य रेटिंग एजेंसियों ने भी भू-राजनीतिक दबाव और सख्त होती वैश्विक वित्तीय स्थिति को देखते हुए वृद्धि दर के अनुमान में कमी की है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने कहा कि कुल राजस्व संग्रह की बात की जाए, तो अभी तक कॉरपोरेट आयकर (सीआईटी) और व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी और प्रतिभूति लेनदेन कर यानी एसटीटी सहित) की वृद्धि क्रमश: 16.73 प्रतिशत और 32.30 पर रही है।

रिफंड के समायोजन के बाद सीआईटी संग्रह में शुद्ध वृद्धि 16.29 प्रतिशत बैठती है। वहीं व्यक्तिगत आयकर संग्रह में वृद्धि एसटीटी के साथ 16.25 प्रतिशत बैठती है। सीबीडीटी ने कहा कि एक अप्रैल, 2022 से आठ अक्टूबर, 2022 की अवधि के दौरान कुल 1.53 लाख करोड़ रुपए का कर रिफंड जारी किया गया है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान जारी किए गए रिफंड से 81 प्रतिशत अधिक है।वस्तुओं के निर्यात में पिछले साल दर्ज हुई तेजी इस साल सितंबर में थमी है। सितंबर में वस्तुओं के निर्यात में 3.5 प्रतिशत की गिरावट आई है। चालू वित्त वर्ष के पहले छह माह में व्यापार घाटा करीब दोगुना हो गया है। जुलाई में औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) की वृद्धि सुस्त पड़कर 2.4 प्रतिशत रही है। वहीं अगस्त में बुनियादी उद्योग की वृद्धि नौ माह के निचले स्तर 3.3 प्रतिशत पर आ गई है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह करीब 1.45 से 1.46 लाख करोड़ रुपए मासिक पर स्थिर है। डेलॉयट इंडिया के भागीदार रोहिंटन सिधवा ने कहा कि मुद्रास्फीति छह से सात प्रतिशत के बीच है। ऐसे में कर संग्रह ऊंचा ही रहेगा।

## ब्याज दरें बढ़ने के बावजूद बैंकों का आवास ऋण बकाया पांच साल में हुआ दोगुना

**नई दिल्ली।** ब्याज दरों में बदलाव का उन लोगों पर कोई खास असर नहीं पड़ता है जो उधार ली गई रकम से अपने सपनों का घर खरीदते हैं क्योंकि बैंकों का आवास ऋण बकाया पिछले पांच साल में लगभग दोगुना होकर 16.85 लाख करोड़ रुपए हो गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों से यह पता चलता है। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों में ब्याज दरों में 1.40 फीसदी की वृद्धि की है जिसकी वजह से आवास ऋण पर लागू ब्याज दर भी बढ़ गई है। इसके बावजूद इस अवधि में बैंकों के आवास ऋण के बकाए में दहाई अंकों की वृद्धि हुई है। इस गणना अवधि के बाद सितंबर में भी आरबीआई रेपो दर में 0.50 फीसदी की एक और वृद्धि कर चुका है। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक 2016-17 के अंत में बैंकों का आवास ऋण बकाया 8,60,086 करोड़ रुपए था जो वित्त वर्ष 2021-22 में बढ़कर 16,84,424 करोड़ रुपए हो गया।

## आईटी कंपनियों के लिए दूसरी तिमाही अच्छी रहने की उम्मीद पर आगे की राह आसान नहीं

**भाषा।** नई दिल्ली,

**भारतीय सूचना** प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा कंपनियां सितंबर तिमाही में इससे पिछली तिमाही की तुलना में राजस्व में अच्छी वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद कर रही हैं। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताते हुए कहा है कि कमजोर वैश्विक रुख के साथ वृहद जोखिमों को देखते हुए सभी की निगाह सौदों और मांग परिदृश्य को लेकर प्रबंधन की टिप्पणियों पर रहेगी।

ब्रोकरेज कंपनियों की रिपोर्ट और विश्लेषकों के नोट के आधार पर कहा जा सकता है कि अमेरिका और यूरोप की चुनौतीपूर्ण वृहद-आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद दूसरी तिमाही में आईटी कंपनियां मजबूत वृद्धि दर्ज करेंगी। हालांकि, इसके साथ ही इन नोट में चेताया गया है कि आगामी तिमाहियों में इन कंपनियों को सुस्ती का सामना करना पड़ सकता है। कुछ तिमाही पहले जहां मांग को लेकर परिदृश्य काफी अच्छा था वहीं अब आर्थिक विश्लेषक मंदी के जोखिमों के साथ अंतरराष्ट्रीय बाजार के झटकों की बात कर रहे हैं। खबरों से पता चलता है कि कई प्रौद्योगिकी कंपनियों सहित अमेरिका की कंपनियों ने अकेले 2022 में हजारों कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया है। घरेलू मोर्चे पर बात की जाए, तो बाजार पर नजर रखने वालों की इस पर राय अलग है कि क्या अमेरिका और यूरोपीय कंपनियों के लागत अनुकूलन एजेंडा से आने वाली तिमाहियों में भारतीय सेवाप्रदाताओं के पक्ष में महत्वपूर्ण आउटसोर्सिंग लाभ प्राप्त होगा।

आईटी उद्योग के दिग्गज और इन्फोसिस के पूर्व निदेशक मोहनदास पई का कहना है कि भारतीय आईटी क्षेत्र अच्छी स्थिति में है। वैश्विक अनिश्चितता के कारण पिछली तिमाही की तुलना में मांग का दृष्टिकोण थोड़ा कम है, लेकिन यह काफी मजबूत बना हुआ है। वह कहते हैं, हम अमेरिका में कई कंपनियों को लोगों की छंटनी करते हुए देख रहे हैं, जिसका अर्थ है कि वे लागत में कटौती करने की कोशिश कर रहे हैं ... यदि वे लागत में कटौती करते हैं तो इसका मतलब है कि अधिक आउटसोर्सिंग करेंगे। हालांकि, इसका परिणाम दो-तीन तिमाहियों के अंतराल के बाद देखने को मिलेगा। प्रौद्योगिकी कंपनियों के लिए अब बड़ा सप्ताह आने वाला है।

**LOST & FOUND**

Our Builder buyer agreement (Allotment) letter of the booked flat from Panchsheel Buildtech Pvt Ltd Apartment No. 804; Type 3B/R HIG -IA ; Floor 8th; Block-E1; in project known as Panchsheel Greens -II situated on Plot No. GH-01A, Sector 16, Greater Noida (West), Distt. Gautam Budh Nagar (UP) in name of Mahesh chandra pant and Umesh chandra pant is lost.
If found by anyone please return it to Panchsheel Buildtech Pvt. Ltd. H-159, Sector-63, Noida U.P. Phone:0120-4777700/0120-4777777

# हादसों में सात लोगों की मौत

## पीलीभीत में बाइक-ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर, तीन की जान गई

**पीलीभीत।** पीलीभीत जिले के अमरिया कोतवाली इलाके में सितारगंज राजमार्ग पर बाइक और ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर में दो किशोर समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। अमरिया कोतवाली प्रभारी कमल कांत वर्मा ने पत्रकारों को बताया कि मूल रूप से बरेली जिले के बहेड़ी तहसील क्षेत्र के नगर पंचायत फरीदपुर के निवासी मोहम्मद उमैर (18), उवैस (16) और मोहम्मद अयान (14) शनिवार को बाइक से अमरिया थाना क्षेत्र के ग्राम हर्रायपुर आए थे। यहां पर बारावफात के मौके पर उत्सव का आयोजन किया गया था जिसमें शामिल होने के बाद तीनों दोस्त बाइक से वापस घर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि सितारगंज राजमार्ग पर कस्बा अमरिया में पहुंचते ही देर रात बाइक और ट्रैक्टर ट्रॉली में टक्कर हो गई। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों से सूचना मिलने पर अमरिया पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को अस्पताल भिजवाया। लेकिन एक-एक कर तीनों दोस्तों की मौत हो गई। पुलिस ने शिनाख्त कर परिवार के सदस्यों को सूचना दी। रविवार को पुलिस ने तीनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**मथुरा सड़क हादसे में चाचा-भतीजे की मौत, पिता घायल:** मथुरा जिले के थाना हाईवे क्षेत्र में आगरा-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर जयगुरुदेव मंदिर के पास बेकाबू ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार चाचा-भतीजे की मौत हो गई और पिता घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। थाना प्रभारी छोटेलाल ने बताया कि थाना हाईवे की चंद्रपुरी कॉलोनी निवासी राजीव सिंह (35) बाइक से नरहौली चौराहे से गोवर्धन चौराहे की तरफ जा रहे थे। उन्होंने बताया कि रास्ते में ममेरा भाई रत्नेश चौधरी और उसका आठ साल का बेटा चिराग भी मिल गया। उन्होंने दोनों को बाइक पर बैठा लिया। एक ही बाइक पर सवार तीनों जैसे ही थाना हाईवे क्षेत्र में जयगुरुदेव मंदिर के समीप पहुंचे, पीछे से आ रहे बेकाबू ट्रेलर के चपेट में आ गए। पुलिस ने बताया कि राजीव सिंह और चिराग ट्रेलर के पहियों के नीचे आ गए और दोनों की मौत हो गई, लेकिन रत्नेश घायल हो गया। हादसे के बाद चालक ट्रेलर छोड़कर भागने लगा, लेकिन पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से उसे पकड़ लिया। पुलिस ने ट्रेलर को कब्जे में लेकर चालक को पकड़ लिया है। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराकर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया है।

**खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई मोटरसाइकिल, दो लोगों की मौत:** मिर्जापुर।जिले के चुनार क्षेत्र में रविवार सुबह एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल के खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा टकराने से दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सुबह करीब साढे पांच बजे चुनार कोतवाली क्षेत्र स्थित खानपुर ताल गांव के पास एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सड़क के किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा टकराई। उन्होंने बताया कि इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार दीपक (30) और जितेंद्र (28) की मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार, सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।



मथुरा में रविवार को हुई भारी बारिश के चलते जलमग्न सड़क

## दुर्गा पूजा पंडाल में आग से झुलसीं दो किशोरियों की मौत, मृतक संख्या 12 हुई

**भदोही।** भदोही जिले के औराई थाना क्षेत्र में एक दुर्गा पूजा पंडाल में आग लगने से झुलसी दो किशोरियों की रविवार को मौत होने से इस हादसे में मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 12 हो गई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि हादसे में झुलसी प्रीति (16) की वाराणसी ट्रामा सेंटर और प्रियल (16) की सर सुंदरलाल अस्पताल में मौत हो गई। प्रियल के परिवार के झुलसे चार अन्य लोगों की पहले ही मौत हो चुकी है। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने रविवार को बताया कि बारीपुर गांव निवासी पूर्व प्रधान रमा पति गौतम के परिवार के आठ लोग इस घटना में झुलस कर घायल हो गए थे जिनमें से सीमा (25), जया देवी (45), हर्षवर्धन (आठ) और नवीन (10) की मौत पहले हो चुकी है। जबकि इसी परिवार की पचास प्रतिशत तक झुलसी प्रियल की रविवार शाम को सर सुंदरलाल अस्पताल में मौत हो गई। एक ही परिवार में आज यह पांचवीं मौत है।

राठी ने बताया कि इसी परिवार के तीन और लोग प्रतिमा, राधेमोहन और एक बच्ची कुहू अभी अस्पताल में भर्ती है, जिनका उपचार चल रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि हादसे में झुलसी प्रीति पुत्री नंदलाल की भी रविवार की शाम मौत हो गई। उन्होंने कहा कि अब तक मरने वालों की कुल संख्या 12 हो गई है। जिलाधिकारी के मुताबिक दो अक्टूबर की रात करीब साढ़े नौ बजे औराई थाने से 100 मीटर दूर नरथुआ गांव के एक दुर्गा पूजा पंडाल में एक हैलोजन लाइट के अधिक गर्म होने के बाद बिजली के तार में आग लग गई थी, जो पूरे पंडाल में फैल गई। राठी के अनुसार इस मामले में पूजा समिति के अध्यक्ष और सदस्यों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या सहित कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। भदोही के मुख्य चिकित्सा अधिकारी संतोष कुमार चक ने सभी अस्पतालों का भ्रमण कर बताया रविवार शाम तक कुल 71 झुलसे मरीज़ों का इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया 71 झुलसे लोगों में 29 बच्चे शामिल हैं। चक ने बताया इसमें 23 ऐसे मरीज हैं जो 40 प्रतिशत से 85 प्रतिशत तक झुलस कर घायल हैं। उन्होंने बताया कुछ मामूली झुलसे लोगों को इलाज के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है।

# जंगल में मिला युवक-युवती का शव

**बिजनौर।** बिजनौर जिले के शिवाला कलां थाना क्षेत्र में चार दिन पहले अपने घर से लापता 18 वर्षीय युवती का शव रविवार को एक युवक के शव के साथ जंगल से बरामद किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी और कहा कि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) राम अर्ज ने कहा, आज सुबह पुलिस को एक चौकीदार ने सूचित किया कि शिवाला कलां थाना क्षेत्र के जंगल में एक महिला का शव पेड़ से लटका मिला है और उसके पास एक युवक का शव पड़ा है। उन्होंने कहा कि मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने युवक और युवती की पहचान शिवाला कलां थाना क्षेत्र के एक गांव के निवासी के रूप में की है। मृतक युवक की उम्र 19 वर्ष बताई जा रही है। महिला के लापता होने की शिकायत उसके पिता ने सात अक्टूबर को शिवाला कलां थाने में दर्ज कराई थी। शिकायत के मुताबिक महिला पांच अक्टूबर से लापता थी। स्थानीय लोगों के अनुसार युवक और युवती अपने-अपने परिवार की इच्छा के विरुद्ध आपस में प्रेम करते थे। अधिकारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। हालांकि, मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए चिकित्सकों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया जाएगा और इसकी वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। एएसपी ने कहा कि पुलिस सभी पहलुओं के मद्देनजर मामले की जांच करेगी।

**छात्रा का शव फांसी के फंदे से लटका मिला, पुलिस जांच जारी**

कौशांबी। कौशांबी जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में पुलिस ने रविवार को एक छात्रा का घर के अंदर फांसी के फंदे से लटका शव बरामद किया। पुलिस ने यह जानकारी दी और कहा कि मामले की जांच की जा रही है। कोखराज थाने के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बैरिया गांव निवासी मुस्कान (21) का शव सुबह घर के अंदर कमरे की छत से साड़ी के फंदे से लटका पाया गया। उन्होंने बताया कि परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष ने परिजनों के हवाले से बताया कि मुस्कान स्नातक की परीक्षा पास कर टीईटी की तैयारी कर रही थी। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

## प्रेमी के घर से दो साल बाद बरामद हुआ प्रेमिका का कंकाल, दो गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद जिले के सिरसागंज क्षेत्र में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। एक युवती का कंकाल दो साल बाद उसके प्रेमी के घर के अंदर की जमीन खोदकर निकाला गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिवेश कुमार ने रविवार को बताया कि 21 नवंबर 2020 को लापता हुई 20 वर्षीय खुशबू को उसके प्रेमी गौरव ने जहर देकर मार डाला था और उसका शव अपने ही घर के कमरे में फर्श खोदकर दफ्ना दिया था। कुमार के मुताबिक, शनिवार को पुलिस ने गौरव को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर युवती का कंकाल बरामद किया। उन्होंने बताया कि 20 नवंबर 2020 को सिरसागंज थाना क्षेत्र के कीठौथ गांव निवासी भीकम सिंह की बेटी खुशबू घर से गायब हो गई थी। सिंह ने इस मामले में गौरव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था, जिसके बाद से गौरव भी लापता था। पुलिस गौरव और खुशबू को पिछले दो साल से तलाश रही थी। कुमार के अनुसार, शनिवार दोपहर पुलिस ने गौरव को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में गौरव ने बताया है कि खुशबू ने उस पर शादी का दबाव बनाया था, इसीलिए उसने 21 नवंबर 2020 को जहर देकर उसकी हत्या कर दी और फिर शव को कमरे की फर्श के नीचे दफ्नाकर उसके ऊपर सामान रख दिया। हत्या के बाद वह परिवार सहित फरार हो गया। कुमार के मुताबिक, पुलिस ने गौरव की निशानदेही पर घर से खुशबू का कंकाल बरामद कर लिया है। उन्होंने बताया कि गौरव और उसके पिता मुन्ना लाल के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर उन्हे जेल भेज दिया गया है।

## घर में 35 साल से बेड़ियों में जकड़ी महिला को विधायक ने मुक्त कराया

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद जिले के टूंडला थाना क्षेत्र के मोहम्मदाबाद गांव में 35 साल से अपने ही घर में कैद एक विक्षिप्त महिला को हाथरस से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विधायक अंजुला माहौर की पहल पर मुक्त कराया गया। माहौर ने रविवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि टूंडला थाना क्षेत्र के मोहम्मदाबाद गांव निवासी सपना (53) को लगभग 35 वर्ष पूर्व उसके पिता ने विक्षिप्त अवस्था के चलते घर में शोर मचाने के कारण एक छोटे से कमरे में बेड़ियों से जकड़कर रख दिया था। उसे वहीं पर खाना-पानी उपलब्ध करा दिया जाता था। माहौर ने बताया कि उन्हें लगभग एक माह पहले मातृ सेवा भारती संस्था की निर्मला सिंह से इस महिला की दयनीय हालत के बारे में पता चला। विधायक के मुताबिक, इसके बाद उन्होंने महिला के भाइयों से बात कर उन्हें अपनी बहन का इलाज करवाने के लिए राजी किया। माहौर ने बताया कि भाइयों के राजी होने के बाद महिला को मुक्त कराकर आगरा के मानसिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार किया जा रहा है। हालांकि, इस मामले में पुलिस में कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई थी।

## बोलेरो गाड़ी में बीटेक छात्रा से दुष्कर्म

**सुल्तानपुर।** जिले में जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र में बीटेक छात्रा से कथित तौर पर बोलेरो गाड़ी में दुष्कर्म करने और आरोपी द्वारा उसे नहर किनारे फेंक देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर जांच पड़ताल की जा रही है। पुलिस को मिली शिकायत के अनुसार जयसिंहपुर कोतवाली इलाके में स्थित एक टेक्निकल इंस्टीट्यूट में पढ़ने वाली बीटेक छात्रा शुक्रवार की शाम घर लौट रही थी। अंधेरा होने पर उसे कोई वाहन नहीं मिल रहा था, इसी दौरान उसने वहां से गुजर रहे एक बोलेरो वाहन से लिफ्ट मांगी। वाहन चालक ने बीटेक छात्रा को बैठा लिया और उसके साथ दुराचार करने के बाद छात्रा को नहर के किनारे फेंककर वाहन लेकर फरार हो गया। पीड़ित छात्रा घर पहुंची और परिजनों को आपबीती सुनाई। जयसिंहपुर के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) प्रशांत सिंह ने बताया कि यह घटना बारिश के दौरान की बताई जा रही है। घटना के दूसरे दिन शनिवार को जयसिंहपुर थाने पहुंचे परिजनों ने लिखित तहरीर दी और मामला दर्ज करने की मांग की। बहरहाल पुलिस लिफ्ट लिए जाने के स्थान और फेंके जाने के स्थान के बारे में स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है। सिंह ने बताया कि घटना स्थल के आधार पर पूरे मामले में जांच पड़ताल की जा रही है। उन्होंने कहा कि घटना से संबंधित साक्ष्य मिलने के आधार पर मुकदमा दर्ज करने की कार्वाई सुनिश्चित की जाएगी।

## जन्मदिन मनाकर लौट रही तीन साल की बच्ची यमुना नदी में बही

**मथुरा।** मथुरा शहर में घटी एक हृदय विदारक घटना में अपना जन्मदिन मनाकर लौट रही तीन साल की बच्ची बाढ़ के पानी में बहते हुए उफनाई यमुना नदी में डूब गई। पुलिस ने बताया कि बच्ची शीरीन शनिवार को एक होटल में जन्मदिन मनाकर अपने फूफा के साथ लौट रही थी, तभी शहर कोतवाली क्षेत्र में द्वारिकाधीश मंदिर के पास स्कूटी फिसल जाने के कारण वह बारिश के पानी में गिर गई और बहते हुए उफनाई यमुना नदी की लहरों में समा गई। अग्निशमन अधिकारी एन के सिंह ने रविवार को बताया कि शनिवार देर रात शुरू किए गए तलाश अभियान के दौरान बच्ची का कुछ पता नहीं लग सका है। उसकी तलाश का काम अभी जारी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, शनिवार रात 11 बजे बहुत तेज बारिश हो रही थी और बच्ची शीरीन के फूफा पवन चतुर्वेदी उसे और दो अन्य बच्चों को लेकर स्कूटी से घर लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि द्वारिकाधीश मंदिर के पास उनकी स्कूटी अनियंत्रित होकर गिर गई। सूत्रों के अनुसार, हादसे में बाकी दो बच्चे तो बच गए, लेकिन शिरीन बारिश के पानी में बहती हुई यमुना नदी में समा गई।

## आगरा में बारिश के चलते दो दिन बंद रहेंगे स्कूल

**आगरा।** आगरा में लगातार हो रही बारिश को देखते हुए दो दिन स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है। इसको लेकर रविवार को जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) ने आदेश जारी कर दिया है। आदेश का पालन न करने वाले स्कूलों पर कठोर कार्वाई की जाएगी। मौसम विभाग ने 11 अक्टूबर तक तेज गति बारिश होने की संभावना जताई है। ऐसे में डीआईओएस मनोज कुमार ने 10 व 11 अक्टूबर को नर्सरी से लेकर 12वीं तक सभी स्कूलों को बंद रखने का आदेश जारी किया है।

## स्कूल प्रबंधक ने अपने विद्यालय की महिला शिक्षक को अश्लील तस्वीर भेजी, केस दर्ज

**बदायूं।** बदायूं जिले के उझानी कोतवाली क्षेत्र में एक स्कूल प्रबंधक द्वारा अपने ही विद्यालय में पढ़ाने वाली महिला शिक्षक को कथित तौर पर व्हाट्सएप पर अश्लील तस्वीर भेजने और भद्दी टिप्पणी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि महिला शिक्षक के परिजनों की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। उझानी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि घटनाक्रम से जुड़े साक्ष्य मिले हैं उनके आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस के अनुसार घटना उझानी कस्बा की है जहां एक पब्लिक स्कूल में पढ़ाने वाली महिला शिक्षक के पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि स्कूल के प्रबंधक सुधांशु गुप्ता ने पांच अक्टूबर की रात अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर कुछ अश्लील तस्वीरें लगाईं, जो केवल उनकी पुत्री को दिखने लगीं। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी ने सहयोगी शिक्षक को फोन करके पूरा मामला बताया और यह भी पूछा कि क्या उसके मोबाइल पर भी यह तस्वीर दिख रही है। उसके इंकार करने पर पीड़ित शिक्षिका ने संबंधित स्टेटस के स्क्रीनशॉट अपने मोबाइल में ले लिए और परिजनों को पूरे मामले की जानकारी दी। तहरीर के मुताबिक महिला शिक्षक स्कूल में करीब छह साल से पढ़ा रही है। इसमें कहा गया कि स्कूल प्रबंधक पूर्व में भी कई बार उसे देखकर भद्दी टिप्पणी कर चुका था और अकेला पाकर उसके पास पहुंचने की कोशिश करता था। महिला शिक्षक ने परिजनों को इस मामले की जानकारी दी तो परिवार के लोग कोतवाली पहुंचे और तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### आज से शुरू होगा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह

**कानपुर देहात।** जनपद में 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह शुरू होगा। जिसमें जिला चिकित्सालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों के समस्त सीएचसी एवं पीएचसी पर निःशुल्क वृद्ध मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें लोगों को मानसिक बीमारियोंए लक्षण और इलाज के बारे में जागरूक करेंगे। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं से सम्बंधित जानकारी व उचित परामर्श भी दिया जाएगा। सीएमओ डॉण्ए के सिंह एवं नोडल अधिकारी ध् अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तन्मय कक्कड़ ने बताया हर साल की तरह इस साल भी 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाएगा। उन्होने बताया कि इस बार विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस की थीम श्मेक मेंटल हेल्थ एंड वेलबिएंग फॉर ऑल आर ग्लोबल प्रायोरिटीश् अर्थात श्सभी के लिए मानसिक स्वास्थ्य और भलाई को वैश्विक प्राथमिकता बनाएंश् निर्धारित की गई है।

## मनुस्मृति पुस्तक पर प्रतिबंध लगवाएं मोहन भागवत: मौर्य

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी (सपा) के विधान परिषद सदस्य और उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने वर्ण और जाति की अवधारणाओं को पूरी तरह से त्यागने के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत के हाल के बयान की सराहना की है। उन्होंने कहा है कि अगर भागवत में साहस है तो वह जातिवाद का जहर घोलने वाली पुस्तक मनुस्मृति पर प्रतिबंध लगवाएं। मौर्य ने शरद पूर्णिमा पर बौद्ध तीर्थ स्थली संकिसा पहुंचकर एक सभा में भागवत के बयान की प्रशंसा की। हालांकि, उन्होंने आरएसएस प्रमुख को यह चुनौती भी दी कि अगर उनमें हिम्मत हो तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश के विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों से कहकर जातिवाद का जहर घोलने वाली पुस्तक मनुस्मृति पर प्रतिबंध लगवाएं।

गौरतलब है कि भागवत ने शुक्रवार को नागपुर में एक पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में कहा था कि वर्ण और जाति जैसी अवधारणाओं को पूरी तरह से त्याग दिया जाना चाहिए, क्योंकि अब इनकी कोई प्रासंगिकता नहीं है। संघ प्रमुख ने यह भी कहा था कि अपने पूर्वजों द्वारा की गई गलतियों को स्वीकार करने और उनके लिए माफी मांगने में कोई संकोच नहीं करना चाहिए। स्वामी प्रसाद मौर्य बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के भी वरिष्ठ नेता रह चुके हैं। इस पार्टी की मुखिया मायावती मनुस्मृति की मुखर आलोचक हैं। मौर्य ने प्रधानमंत्री मोदी पर पिछड़ों को प्राप्त आरक्षण को



खत्म करने का आरोप लगाते हुए कहा, प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में प्रोफेसर और अन्य कर्मचारियों की भर्ती में एक भी पिछड़े या दलित व्यक्ति को नौकरी नहीं दी गई। सरकार आरक्षण खत्म कर संविदा की नौकरी के नाम पर नौजवानों का शोषण करवाकर बिचौलियों को फायदा पहुंचा रही है। उन्होंने कहा, भगवान बुद्ध विश्व के प्रथम धर्म गुरु हैं, जिन्होंने संकिसा में अवतरण लिया था। उनके विचार दुनिया के कोने-कोने में फैल गए हैं। आज भी अमेरिका और रूस में खुदाई में बुद्ध के अवशेष मिलते हैं। अयोध्या में तीन बार की खुदाई में बुद्ध के अवशेष मिले तो केंद्र सरकार ने खुदाई रुकवा दी थी। मौर्य ने बौद्ध धर्म की व्यापकता की चर्चा करते हुए कहा, दुनिया के 50 देशों में बौद्ध धर्म के अनुयाई हैं। बुद्ध का धर्म अजर-अमर है। उनका ज्ञान जिंदा है। बुद्ध के कारवां में दिन-बदिन भीड़ बढ़ती जा रही है। अब किसी की हिम्मत नहीं है कि बुद्ध के कारवां को रोक सके।

## दलित किशोरी से बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी।** जिले के जामो थाना क्षेत्र के एक गांव में 15 वर्षीय दलित किशोरी के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस सूत्रों ने दर्ज रिपोर्ट के हवाले से रविवार को बताया कि गांव में पीड़िता के ही घर के सामने दुर्गा पूजा का पंडाल लगा था। पीड़िता के पिता द्वारा थाने में दी गई तहरीर के मुताबिक, दुर्गा पूजा में डीजे बजाने वाले युवक मोनू ने तीन अक्टूबर को उसकी 15 साल की बेटी के साथ कथित तौर पर उस समय बलात्कार किया, जब वह रात करीब नौ बजे शौच के लिए खेत में गई थी। पिता के अनुसार, आरोपी ने लड़की को धमकी दी थी कि अगर उसने इस घटना के बारे में किसी को बताया तो वह उसे जान से मार देगा और यही कारण है कि उसने घटना की शिकायत फौरन नहीं की थी।

# बामदेवेश्वर मंदिर: रहस्यों के अंबार में आस्था का दरबार

आलोक निगम। बांदा

**यहां** नगर में बामदेवेश्वर शिवलिंग भगवान भोलेनाथ की एक ऐसे स्थली है जिसकी रहस्य की परतों में आस्था की अनूठी सच्चाई छिपी हुई है। ऋषि बामदेव के तप से यहा जादुई पहाड़ियों के बीच शिवलिंग प्रकट हुआ था और उसी के बाद पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया। रामायण काल में स्थापित इस मंदिर में सावन मास के दौरान भक्तों का रेला उमड़ता है।

मान्यता है कि सावन माह में पूजा-अर्चना करने वालों की हर मन्नत पूरी होती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार गुफाओं में महर्षि बामदेव के तप के बाद शिवलिंग प्रकट हुआ था। यहा की पहाड़ियों में चारों ओर सर्पों का





डेरा है। पुजारी पुत्तन महराज बताते हैं कि 1हजार फिट ऊंचाई का पहाड़ विस्मयकारी तिलिस्म से भरा पड़ा हैं। मंदिर क़े ऊपर सात ऐसे पत्थर हैं जिससे अलग .आवाजें निकलती हैं। सप्त सरगम पहाड़ क़े पथरो से बजता हैं यह वही स्थान है जहां पर रात्री 12बजे से 3बजे के बीच मंदिर बंद होने के बाद भोले बाबा के गण नाग आते हैं उनके पिण्डी में लिपटे हुए पाए जाते हैं और लोगो ने अपनी आँखों से देखा हैं बांदा जनपद के बीच शहर में 1किलोमीटर विशाल पहाड़ परमंदिर स्थित है यह मंदिर सतयुग के समय का बताया जाता है सतयुग के समय भगवान शंकर ने भस्मासुर नामक राक्षस को वरदान दिया था कि जिस पर हाथ रख देगा वही भस्म हो जाएगा भस्मासुर ने सोचा कि क्यों ना मैं भोले बाबा को ही भस्म कर दूं तो इनकी मां पार्वती मेरे हो जाएंगी जब भोले बाबा को इस बात का पता चला तो भोले बाबा अपने आप को अदृश्य कर लिया और आपने आप को छुपा लिया। उस समय ना दिया अर्थात नंदी का होना आवश्यक नहीं रहता था भोले शंकर जैसे ही प्रसन्न हो जाते थे तो राक्षसों को तत्काल वरदान दे देते थे जो भी माग् ता था वह वरदान उसे दे देते थे।

पुत्तन महराज पुजारी ने दावा किया की यह पर इच्छाधारी 5 फनो वाला नाग आता हैं मैंने देखा हैं। इसमें दर्शन क़े बाद ऐसा लगता हैं कि आपके प्राण निकाल जायेंगे लेकिन 10मिनट सब नार्मल हो जाता हैं। 12 बजे रात्री में गेट बंद होने क़े बाद गोपरा कैमरा लगाया गया जिसमे भोले बाबा कि पिण्डी में सर्प लिपटे कैमरे में रिकार्ड हुये हैं। कई ऐसे भी भक्त मिले जिन्होंने यहां के चमत्कार का हवाला देते हुए इस प्राचीन मंदिर की आस्था की सच्चाई बताई। इस प्राचीन मंदिर से लाखों लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। बताते हैं कि यह स्थलीं भोले शंकर का मणि महल और संगीत साधना का केंद्र था।

## प्रदेश में आकाशीय बिजली और बारिश से हुए हादसों में छह लोगों की मौत

**लखनऊ।** आकाशीय बिजली और अत्यधिक बारिश से हुए हादसों में हरदोई, सीतापुर, बुलंदशहर और गाजियाबाद में महिला और बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। हरदोई से मिली खबर के अनुसार सवायजपुर तहसील क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से दो किसानों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से झुलस गया। अपर जिलाधिकारी वन्दना त्रिवेदी ने बताया कि आज ही दोनों परिवारों को शासन के द्वारा अनुमन्य सहायता राशि दे दी जाएगी। उन्होंने बताया कि तहसील सवायजपुर क्षेत्र के लोनार थाने के ग्राम सराय राघव मजरा संग्रावा में खेत की रखवाली कर रहे राजेन्द्र सिंह चौहान (30) की बारिश के बीच गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आकर मौत हो गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक राजेन्द्र सिंह अपने ससुराल में रहकर खेती बाड़ी करते थे।

# अय्यर का शतक, भारत सात विकेट से जीता

**भाषा।** रांची



**श्रेयस** अय्यर (नाबाद 113) की शतकीय पारी और तीसरे विकेट के लिए इशान किशन (93) के साथ उनकी 161 रन की साझेदारी की बदौलत भारत ने दूसरे एकदिवसीय में दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला को।-। से बराबर कर लिया। श्रृंखला का तीसरा और निर्णायक मुकाबला मंगलवार को दिल्ली में खेला जाएगा। मोहम्मद सिराज (10 ओवर में 38 रन देकर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी से भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट पर 278 रन पर रोकने के बाद 25 गेंद बाकी रहते तीन विकेट के नुकसान पर 282 रन बनाकर मैच जीत लिया।

श्रेयस ने 111 गेंद की नाबाद पारी में 15 चौके जड़ एकदिवसीय करियर का दूसरा शतक लगाया तो वहीं अपने घरेलू मैदान में किशन ने 84 गेंद की आक्रामक पारी में चार चौके और सात छक्के जड़े। किशन के आउट होने के बाद श्रेयस ने पिछले मैच में शानदार बल्लेबाजी करने वाले संजू सैमसन (नाबाद 30 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 73 रन की अटूट साझेदारी की।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने एडेन मार्कराम (79) और रीजा हेंड्रिक्स (74) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 129 रन की साझेदारी के दम पर चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया था। हेंड्रिक्स ने 76 गेंद की पारी में नौ चौके और एक छक्का लगाया जबकि मार्कराम ने 89 गेंद की पारी के दौरान सात चौके और एक छक्का जड़ा। शानदार लय में चल रहे डेविड मलान 34 गेंद में 35 रन पर नाबाद रहे। भारतीय गेंदबाजों ने मैच के शुरुआती और आखिरी ओवरों में शानदार गेंदबाजी की जिसमें सिराज ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया। वाशिंगटन सुंदर (60 रन पर एक विकेट), पदार्पण कर रहे शाहबाज अहमद (54 रन पर एक विकेट), कुलदीप यादव (49 रन पर एक विकेट) और शारदुल ठाकुर (36 रन पर एक विकेट) ने भी एक-एक विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान शिखर धवन और शुभमन गिल ने भारत को सधी शुरुआत दिलाई। धवन 13 रन बनाकर छठे ओवर में वेन पार्नेल (44 रन पर एक विकेट) की गेंद पर बोल्ड हुए। गिल ने दूसरे छोर से कुछ शानदार चौके लगाए लेकिन नौवें ओवर में वह कागिसो रबाडा (59 रन पर एक विकेट) की गेंद पर 26 गेंद में 28 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। किशन ने रबाडा के खिलाफ चौका जड़कर खाता खोला तो वहीं श्रेयस ने पार्नेल के खिलाफ 10वें ओवर में चौका जड़कर हाथ खोला। किशन पारी की शुरुआत में संभल कर खेल रहे थे तो वहीं अय्यर ने इस दौरान तेजी से रन जुटाए। किशन ने 19वें और 21वें ओवर में महाराज की गेंद पर तीन छक्के जड़ अपने स्ट्राइक रेट को बेहतर किया। पारी के 26वें ओवर में किशन ने मार्कराम की गेंद पर एक रन लेकर 60 गेंद पर अर्धशतक पूरा किया तो वहीं अगली गेंद पर श्रेयस ने चौका जड़कर 47 गेंद में अपना पचासा पूरा किया। अर्धशतक पूरा करने के बाद किशन ने और आक्रामक रूख अपनाते हुए फोर्टिन (27वां ओवर) की गेंद को दर्शकों के पास पहुंचाने के बाद 32वें ओवर में नोर्खिया की लगातार गेंदों में चौका और दो छक्के जड़े। फोर्टिन के खिलाफ एक और छक्का लगाने के चक्कर में वह हेंड्रिक्स को कैच थमा बैठे और शतक से चूक गए। श्रेयस ने 43वें ओवर की दूसरी गेंद पर चौका लगाकर 103 गेंद में अपना सैकड़ा पूरा किया। उन्होंने 46वें ओवर की पांचवीं गेंद पर नोर्खिया के खिलाफ चौका जड़कर टीम को जीत दिला दी। सैमसन ने 36 गेंद की पारी में एक चौका और एक छक्का लगाया। नियमित कप्तान तेम्बा बावुमा की गैरमौजूदगी दक्षिण अफ्रीका का नेतृत्व कर रहे केशव महाराज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। अनुभवी क्विंटन डिकॉक ने पारी की पहली ही गेंद पर मोहम्मद सिराज के खिलाफ शानदार चौका जड़ा लेकिन इस गेंदबाज ने अपने दूसरे ओवर की शुरुआती गेंद पर उन्हें बोल्ड कर दिया। सलामी बल्लेबाज जानेमन मलान (25) और हेंड्रिक्स ने इसके बाद संभल कर बल्लेबाजी। हरफनमौला शाहबाज ने 10वें ओवर में मलान को पगबाधा कर एकदिवसीय करियर का पहला विकेट झटका। इस वामहस्त स्पिन गेंदबाज की अपील को मैदान अंपायर ने ठुकरा दिया था लेकिन रिव्यू के बार उन्हें अपना फैसला बदलना पड़ा। हेंड्रिक्स ने 12वें ओवर में कुलदीप यादव के खिलाफ चौका लगाया जिसके बाद इस ओवर में टीम का पचासा पूरा हुआ। हेंड्रिक्स और मार्कराम इसके बाद संभल कर बल्लेबाजी करते हुए बीच-बीच में गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाते रहे, जिससे टीम की रन गति में सुधार हुआ और 21 ओवर में दक्षिण अफ्रीका ने 100 रन पूरे कर लिए। हेंड्रिक्स ने पारी के 26वें ओवर की पांचवीं गेंद पर शाहबाज के खिलाफ एक रन लेकर एकदिवसीय करियर का अपना चौथा अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने अगले ओवर में कुलदीप के खिलाफ पारी का पहला छक्का जड़ा। मार्कराम के खिलाफ 28वें ओवर की दूसरी गेंद पर आवेश की अपील पर अंपायर ने आउट दे दिया लेकिन रिव्यू का सहारा लेने के बाद वह बच गए। रिप्ले में दिखा कि गेंद उनके बल्ले का किनारा लिए बगैर विकेटकीपर संजू सैमसन के दस्तानों में गई थी। उन्होंने अगली गेंद पर एक रन लेकर 64 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। एकदिवसीय में यह उनका पांचवां अर्धशतक है। अगली ही गेंद पर हेंड्रिक्स ने चौका लगाकर मार्कराम के साथ 107 गेंद में शतकीय साझेदारी पूरी की। मार्कराम ने भी इसके बाद वाशिंगटन सुंदर की गेंद को दर्शकों के पास पहुंचाकर अपना पहला छक्का लगाया। खतरनाक होती इस साझेदारी को सिराज ने हेंड्रिक्स को आउट कर तोड़ा। क्रीज पर आए क्लासेन ने सुंदर के खिलाफ चौका और फिर शाहबाज के खिलाफ छक्का जड़ आक्रामक रूख दिखाया।

## स्कोर बोर्ड

**भारत पारीः** शिखर धवन बो पार्नेल 13, शुभमन गिल क एवं बो रबाडा 28, इशान किशन क हेंड्रिक्स बो फोर्टिन 93, श्रेयस अय्यर नाबाद 113, संजू सैमसन नाबाद 29,
**अतिरिक्तः** (लेग बाईः 01, नोबॉल 02, वाइडः 03) 06
**कुल योगः** (45.5 ओवर में तीन विकेट पर) 282 रन
**विकेट पतनः** I-28, 2-48, 3-209
**गेंदबाजीः** फोर्टिन 9-I-52-I, पार्नेल 8-0-43-I, रबाडा 10-I-59-I, नोर्खिया 8.5-0-60-0, महाराज 7-0-45-0, मार्कराम 3-0-22-0
**दक्षिण अफ्रीका पारीः** क्विंटन डिकॉक बो सिराज 05, जानेमन मलान पगबाधा शाहबाज 25, रीजा हेंड्रिक्स क शाहबाज बो सिराज 74, एडेन मार्कराम क धवन बो सुंदर 79, हेनरिच क्लासेन क सिराज बो कुलदीप 30, डेविड मिलर नाबाद 35, वेन पार्नेल क श्रेयस बो शारदुल 16, केशव महाराज बो सिराज 05, ब्योर्न फोर्टिन नाबाद 00
**अतिरिक्तः** (बाईः 04, वाइड 03, लेगबाईः 02) 09
**कुल योगः** (50 ओवर में सात विकेट पर) 278 रन
**विकेट पतनः** I-7, 2-40, 3-169, 4-215, 5-215, 6-256, 7-277
**गेंदबाजीः** सिराज 10-0-38-3, सुंदर 9-0-60-I, शाहबाज 10-0-54-I, आवेश 7-0-35-0, कुलदीप 9-0-49-I शारदुल 5-0-36-I

# न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया

**त्रिकोणीय टी20 श्रृंखला**

**एपी।** क्राइस्टचर्च



**सलामी** बल्लेबाज डेवोन कॉन्वे और कप्तान केन विलियमसन के बीच दूसरे विकेट के लिए 85 रनों की साझेदारी के दम पर न्यूजीलैंड ने त्रिकोणीय टी20 श्रृंखला में रविवार को बांग्लादेश पर आठ विकेट से जीत दर्ज की। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 137 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने 13 गेंद शेष रहते दो विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। कॉन्वे ने 36 गेंदों में अपना तीसरा टी20 अर्धशतक पूरा किया और 51 गेंद में 70 रन पर नाबाद रहे। वहीं अपनी पारी के दौरान संघर्ष कर रहे विलियमसन ने 29 गेंदों में 30 रन बनाए।

न्यूजीलैंड की यह श्रृंखला में पहली जीत है। पाकिस्तान ने अपने शुरुआती दोनों मैच जीते हैं जबकि बांग्लादेश को अपने शुरुआती दोनों मैचों में हार का सामना करना पड़ा। श्रृंखला का अगला मैच न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच मंगलवार को खेला जाएगा। विलियमसन ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और यहां की धीमी और कम उछाल वाली पिच पर बांग्लादेश के बल्लेबाजों को रन बनाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। शुरुआती पांच ओवर के बाद टीम का स्कोर एक विकेट पर 30 रन था। आठवें ओवर में लिटन दास (15) और नौवें ओवर में सलामी बल्लेबाज नजमुल हुसैन शंटो (33) के आउट होने के बाद टीम की पारी लड़खड़ा गई और 15 ओवर के बाद स्कोर पांच विकेट पर 88 रन था। नुरूल हसन ने 12 गेंद में 25 रन बनाए जिससे टीम ने आखिरी दो ओवरों में 27 रन बटोरे। स्पिनरों की मददगार पिच पर ब्रेसवेल ने चार ओवर में 14 रन देकर दो विकेट जबकि ईश सोढ़ी ने चार ओवर में 31 रन देकर दो विकेट लिए। न्यूजीलैंड के लिए ट्रेंट बोल्ट और टिम साउदी ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए कॉन्वे ने शुरुआती ओवरों में संभल कर खेलने के बाद आक्रामक रूख अपनाया और कई शानदार शॉट लगाए। पारी के 15वें ओवर में हसन महमूद की गेंद पर विलियमसन के आउट होने के बाद ग्लेन फिलिप्स ने नौ गेंद में दो चौके और इतने ही छक्के लगाकर 23 रन की नाबाद पारी खेल टीम को जीत दिला दी।

## इंग्लैंड ने पहले टी20 में ऑस्ट्रेलिया को आठ रन से हराया

**पर्थ (एपी)।** इंग्लैंड ने अंतिम ओवरों में प्रभावी गेंदबाजी की बदौलत विश्व कप से पहले अपनी तैयारियों को अच्छी तरह अंजाम देते हुए रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में आठ रन से हरा दिया।

टॉस हारने के बाद बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर इंग्लैंड ने एलेक्स हेल्स (84) और जोस बटलर (68) के बीच पहले विकेट की 132 रन की साझेदारी की बदौलत छह विकेट पर 208 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए इंग्लैंड के खिलाफ सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करने का रिकॉर्ड बनाना था। मेजबान टीम 15वें ओवर में तीन विकेट पर 158 रन बनाकर जीत की ओर बढ़ रही थी लेकिन मार्क वुड ने मार्कस स्टोइनिस (35) और टिम डेविड (00) को चार गेंद के भीतर आउट करके इंग्लैंड को पलड़ा भारी कर दिया। वुड ने इसके बाद अपने कोटे के अंतिम ओवर की अंतिम गेंद पर ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष स्कोरर डेविड वार्नर (73) को भी बाउंड्री पर हेल्स के हाथों कैच कराके ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका दिया। ऑस्ट्रेलिया की जीत की उम्मीद नहीं टूटी थी लेकिन इंग्लैंड ने अंतिम आठ गेंद पर तीन विकेट चटका जिससे मेजबान टीम नौ विकेट पर 200 रन ही बना सकी। इंग्लैंड की ओर से वुडने 34 रन देकर तीन जबकि सैम कुरेन ने 35 रन देकर दो विकेट चटकाए। अगस्त में पिंडली की चोट के बाद बटलर पहला मैच खेल रहे थे जबकि मैच में नौ रन बनाने वाले बने स्टोक्स की जुलाई 2021 के बाद इंग्लैंड की टी20 टीम में वापसी हुई है। स्टीव स्मिथ को इस मुकाबले में अंतिम एकादश में शामिल नहीं किया गया जबकि मेजबान टीम ने एडम जंपा, मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड, पैट कमिंस और ग्लेन मैक्सवेल को भी आराम दिया।

## क्विक न्यूज

### वर्स्टापेन ने जापान ग्रां प्री जीती, लगातार दूसरा फॉर्मूला वन ड्राइवर्स खिताब जीता



**सुजुका।** रेड बुल के ड्राइवर मैक्स वर्स्टापेन ने रविवार को सुजुका में बारिश के बावजूद जापान ग्रां प्री जीतने के साथ अपना लगातार दूसरा फॉर्मूला वन ड्राइवर्स खिताब जीत लिया। वर्स्टापेन ने पूरे सत्र के दौरान दबदबा बनाए रखा है और चार रेस पहले ही खिताब अपनी झोली मे डाल लिया। नीदरलैंड के ड्राइवर ने पोल से शुरूआत की लेकिन लगातार बारिश के कारण कई कार के टकराने के बाद दो लैप के बाद रेस रोक दी गई। फिर दो घंटे बाद रेस शुरू हुई जिसमें वर्स्टापेन आगे बने रहे। उनके साथी सर्गियो पेरेज दूसरे और फेरारी के ड्राइवर चार्ल्स लेक्लर्क तीसरे स्थान पर रहे। फॉर्मूला वन ड्राइवर्स चैम्पियनशिप तालिका में वर्स्टापेन के 366 अंक है जिनके बाद पेरेज 253 अंक से दूसरे और लेक्लर्क 252 अंक से तीसरे स्थान पर है।

### महरीन, अमायरा अमेरिकी किड्स गोल्फ भारत में फिर जीते

**गुरुग्राम।** पिछले सत्र मे शानदार प्रदर्शन करने वाली महरीन भाटिया ने यहां इस हफ्ते अमेरिका किड्स गोल्फ भारत मे 2022-23 सत्र का लगातार दूसरा खिताब जीता। महरीन इस हफ्ते उन तीन लड़कियो मे शामिल रही जिन्होने अपने वर्ग के इस हफ्ते दोनो खिताब जीते। शंभवी चतुर्वेदी ने भी लड़कियो के 11-12 आयु वर्ग मे खिताब जीता। अमायरा गुप्ता ने लड़कियो के अंडर छह वर्ग जबकि आरुषी चव्हाण ने 15-18 आयु वर्ग मे दोनो खिताब जीते। लड़को के वर्ग मे छह खिलाड़ियों ने दोबारा खिताब जीते। निहाल चीमा (अंडर छह), कबीर गोयल (अंडर सात) और जोत सरूप (अंडर आठ) ने दूसरी बार खिताब जीते। अदित वीरमचानेनी (अंडर नौ), चैतन्य पांडे (अंडर-11) और मान्यवीर भट्ट (15-18 वर्ग) भी दूसरी बार चैंपियन बने। लड़कियो के दूसरे चरण मे शंभवी (11-12) और रबाब कहलोन (9-10) ने भी खिताब जीते। लड़को के वर्ग मे ध्रुव सिंह (अंडर 10), जिवराज खुराना (अंडर-12) और उदय आदित्य मिधा (13-14) ने पहली बार खिताब जीते।

### अदिति अमेरिका में 68वें स्थान पर

**केमारिलो (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक यहां एलपीजीए मेडिहील चैंपियनशिप के तीसरे दौर मे एक ओवर 73 के स्कोर से संयुक्त 68वे स्थान पर चल रही है। अदिति ने पहले दो दौर मे 71 और 74 का स्कोर बनाया था। उनका कुल स्कोर दो ओवर 218 है। वह दूसरे दौर के बाद भी संयुक्त 68वे स्थान पर ही थी। अदिति के लिए मौजूदा सत्र काफी अच्छा नही रहा। उनका 2022 एलपीजीए मे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन गेनब्रिज मे पहले टूर्नामेंट मे संयुक्त 13वां स्थान पर रहा। एलपीजीए टूर पर पिछले 245 टूर्नामेंट मे जीतने मे नाकाम रही जोडी इवार्ट शेडऑफ तीन अंडर 69 के कुल स्कोर के साथ शीर्ष पर चल रही है। उन्होंने चार शॉट की बढ़त बना रखी है।

### जीव मिल्खा सिंह जापान सीनियर पीजीए में संयुक्त 18वें स्थान पर रहे

**इबारकी (जापान)।** जीव मिल्खा सिंह ने रविवार को यहां 61वें जापान पीजीए सीनियर चैंपियनशिप समिट कप गोल्फ के आखिरी दौर मे एक अंडर 71 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 18वां स्थान हासिल किया। भारतीय खिलाड़ी ने चार दौर मे 72-73-73-71 के कार्ड के साथ कुल एक ओवर 289 का स्कोर बनाया। उन्होंने लगातार दूसरे टूर्नामेंट मे संयुक्त 18वां स्थान हासिल किया है। वह पिछले महीने जापान सीनियर ओपन मे भी संयुक्त 18वे स्थान पर थे। सीनियर (50 साल से अधिक) वर्ग मे जीव का यह पहला सत्र है। वह इस दौरान जापान मे सात टूर्नामेंट मे एक बार शीर्ष 10 और तीन बार शीर्ष 20 मे रहे है।

# फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप के लिए विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ तैयार हुआ कलिंगा स्टेडियम

**भाषा।** भुवनेश्वर



**फीफा** अंडर-17 महिला विश्व कप की मेजबानी के लिए यहां का कलिंगा स्टेडियम नवीनीकृत सीटें, नई पिच और विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ साथ तैयार है। इस स्टेडियम में ग्रुप ए के पांच मैच होंगे, जिसमें चार देश भारत, अमेरिका, मोरक्को और ब्राजील एक-दूसरे से खेलेंगे। इसके अलावा यह स्टेडियम नाइजीरिया और चिली के बीच खेले जाने वाले ग्रुप बी के एक मैच की मेजबानी करेगा। इस स्टेडियम में मंगलवार को उद्घाटन समारोह के साथ दो मुकाबले खेले जाएंगे।

ओडिशा के खेल सचिव विनील कृष्णा ने कहा कि प्रशासन ने 30 अक्टूबर तक चलने वाले टूर्नामेंट के लिए पूरे स्टेडियम की रूप रेखा बदलने के लिए कई परियोजनाएं शुरू की थी जिसमें मैदान के साथ दर्शकदीर्घा में सुधार भी शामिल है। यह ओडिशा और कलिंगा परिसर के लिए एक और उपलब्धि है जो राज्य के उन दो स्थानों में से एक होगा जहां अगले साल पुरुष एफआईएच हॉकी विश्व कप के मैच खेले जाएंगे। कृष्णा ने कहा, विश्व कप के लिए हमने फीफा के मानकों के अनुसार एक मुख्य पिच और प्राकृतिक घास के साथ चार अभ्यास मैदान तैयार किए हैं। हमने दो फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र भी बनाए हैं। उन्होंने कहा कि स्टेडियम की सीटों को नई कुर्सियों से बदल दिया गया है, लेकिन बैठने की क्षमता में इजाफा नहीं हुआ है, जो पहले की तरह 12,000 ही है। स्टेडियम में रोशनी की व्यवस्था पूरी तरह से नए सिरे से की गई है। खेल सचिव के अनुसार, मैदान के लिए बरमूडा घास को आयात किया गया है।

उन्होंने कहा, स्टेडियम में नया वीआईपी बॉक्स बनाया गया है और डगआउट को भी नए सिरे से तैयार किया गया है। पिछले दो-तीन वर्षों में स्टेडियम में कई चरणों में विकास के काम किए गए हैं। इस बहुउद्देशीय स्टेडियम का निर्माण 1978 में हुआ था। इसमें एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, बास्केटबॉल, टेनिस, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल, क्लाइम्बिंग और तैराकी की सुविधाएं हैं। स्टेडियम ने कई टूर्नामेंटों की मेजबानी की है और इंडियन सुपर लीग में ओडिशा एफसी का घरेलू स्थल भी है।फीफा का यह टूर्नामेंट 2020 में भारत में होना था, लेकिन कोरोना वायरस महामारी के कारण स्थगित कर दिया गया था। विश्व कप खिताब के लिए 16 टीमों के बीच मुकाबला होगा। टूर्नामेंट के 32 मैचों को भुवनेश्वर, नवी मुंबई और गोवा में खेला जाएगा। फाइनल नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला जाएगा। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सभी से खेल आयोजन देखने की अपील की।

**महिला एशिया कप**

## पाकिस्तान ने यूएई का 71 रन से हराया

**सिलहट (भाषा)।** पाकिस्तानी महिला टीम ने आलिया रियाज (नाबाद 57 रन) के अर्धशतक की मदद से रविवार को यहां महिला एशिया कप क्रिकेट मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 71 रन से शिकस्त दी।

टूर्नामेंट में थाईलैंड से उलटफेर का सामना करने के बाद पाकिस्तानी महिला टीम ने शानदार वापसी करते हुए सात अक्टूबर को भारत पर और अब यूएई पर जीत हासिल की। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद पाकिस्तान ने विकेटकीपर बल्लेबाज मुनीबा अली के 43 रन (पांच चौके, एक छक्का) के बाद रियाज की 36 गेंद (पांच चौके, तीन छक्के) की अर्धशतकीय पारी और निदा दार (नाबाद 25 रन) के साथ उनकी छठे विकेट के लिए 35 गेंद में नाबाद 67 रन की साझेदारी से 20 ओवर में पांच विकेट पर 145 रन का स्कोर खड़ा किया। यूएई के लिए ईशा ओजा ने चार ओवर में 22 रन देकर तीन विकेट झटके। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूएई कोई साझेदारी नहीं बना सकी। उसकी बल्लेबाजी काफी धीमी रही जिससे टीम 20 ओवर में पांच विकेट पर केवल 74 रन ही बना सकी। पाकिस्तान के लिए सादिया इकबाल, ऐमन अनवर, नाशरा संधू और ओमेमा सोहिल ने एक एक विकेट लिया।

# लवलीना, जैस्मीन और हुसामुद्दीन ने राष्ट्रीय खेलों की मुक्केबाजी स्पर्धा में पदक पक्के किए

**भाषा।** गांधीनगर



**ओलंपिक** कांस्य पदक विजेता महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन और राष्ट्रमंडल खेल में पदक जीत चुके मोहम्मद हुसामुद्दीन तथा जैस्मिन लंबोरिया ने 36वें राष्ट्रीय खेलों की मुक्केबाजी प्रतियोगिता में रविवार को अपने-अपने वर्ग के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में जीत के साथ पदक पक्के कर लिए। असम की लवलीना ने 75 किलोग्राम भारवर्ग मुकाबले में केरल की केए इंद्राई के खिलाफ 5-0 की आसान जीत हासिल की है। इस भार वर्ग में स्वीटी बोरा और हिमाचल की श्रीतिमा ठाकुर ने भी सेमीफाइनल का टिकट पक्का किया।

राष्ट्रमंडल खेल की कांस्य पदक विजेता हरियाणा की जैस्मिन ने 60 किलोग्राम भारवर्ग में उत्तराखंड की लकी राना के खिलाफ 5-0 से बड़ी जीत हासिल की है। जैसमीन का सामना अब मणिपुर की प्रवीश कोंथूजाम से होगा जिन्होंने महाराष्ट्र की पूनम कैथवास के खिलाफ 3-2 से जीत हासिल की है। इन बड़े नामों के अलावा गुजरात के आसिफ अली असगरअली सैयद तथा रुचिता राजपूत ने भी पदक पक्का कर स्थानीय दर्शकों को जश्न मनाने का मौका दिया। रेफरी ने रुचिता के मुकाबले को उस वक्त रोक दिया जब महाराष्ट्र की सनिका ससाने पहले राउंड में ही टखना फ्रैक्चर करा बैठीं। सैयद ने 57 किलोग्राम भारवर्ग के मुकाबले में झारखंड के जादोव देवगम के खिलाफ 4-। से जीत हासिल की। अब उनका सामना विश्व युवा चैंपियन सचिन सिवाच (हरियाणा) से होगा जिन्होंने छत्तीसगढ़ के एस साहिल के खिलाफ जीत हासिल की है। इस मुकाबले में सचिन और साहिल दोनों के सिर पर चोट के कारण खून निकलने लगा था। रेफरी को मैच बीच में रोकना पड़ा और मुकाबले का परिणाम सचिन के पक्ष में गया। विश्व चैंपियनशिप और एशियाई पदकधारी शिव थापा का दिन भी शानदार रहा। उन्होंने पंजाब के विकास के खिलाफ 5-0 की आसान जीत हासिल की। महिलाओं के 60 किलोग्राम भारवर्ग मुकाबले में विश्व चैम्पियनशिप की पदक विजेता पंजाब की सिमरनजीत कौर ने मिजोरम की क्रोशमंगाइसांगी के खिलाफ 5-0 की जीत हासिल करके अंतिम-चार में अपनी जगह पक्की की है। सिमरनजीत का सामना असम की प्विलाओ बासुमैत्री से होगा जिन्होंने हिमाचल प्रदेश की डिंपल उपाध्याय के खिलाफ शानदार जीत हासिल की है।

# टियाफो को हराकर फ्रिट्ज बने जापान ओपन चैम्पियन



**टोक्यो।** टेलर फ्रिट्ज ने दो अमेरिकी खिलाड़ियों के बीच हुए जापान ओपन टेनिस के फाइनल में रविवार को यहां फ्रांसिस टियाफो को दो सेट के करीबी मुकाबले में हराया। कोरोना वायरस की चपेट में आने के बाद सात दिनों तक सियोल में पृथकवास में रहने के बाद यहां पहुंचे फ्रिट्ज ने यह मुकाबला 7-6, 7-6 से जीता। टियाफो ने फाइनल में पहुंचने से पहले लगातार 13 बार टाई-ब्रेकर मुकाबलों को जीता था लेकिन रविवार को फ्रिट्ज के आक्रामक खेल के आगे उन्हें शिकस्त का सामना करना पड़ा।

# थाईलैंड के खिलाफ प्रयोग जारी रखना चाहेगी भारतीय टीम

**महिला एशिया कप**

**भाषा।** सिलहट



**सेमीफाइनल** स्थान पक्के हो चुके हैं और भारतीय टीम सोमवार को जब यहां महिला एशिया कप मुकाबले में मजबूत इरादों वाली थाईलैंड के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी कोशिश अंतिम एकादश में प्रयोग करना जारी रखने की होगी। भारत ने टूर्नामेंट में अभी तक अपने सभी मैचों में अलग अलग अंतिम एकादश उतारी है ताकि अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप से पहले उन खिलाड़ियों को मौका दिया जा सके जो अंतिम एकादश में नियमित तौर पर नहीं खेलते। बल्लेबाजी क्रम में लगातार फेरबदल किया जा रहा है जिसमें कप्तान हरमनप्रीत कौर को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में सातवें स्थान पर उतारा गया था लेकिन यह कदम कारगर नहीं रहा और नए लुक वाला मध्यक्रम दबाव में ढह गया जिससे टीम को चिर प्रतिद्वंद्वी से छह साल में पहली हार झेलनी पड़ी। पर फिर भी टीम फेरबदल करना जारी रखेगी। पाकिस्तान से हारने बावजूद हालांकि भारतीय टीम ने अगले मैच में मजबूत वापसी की और सभी विभागों में शानदार प्रदर्शन करते हुए गत चैम्पियन व मेजबान बांग्लादेश को परास्त किया।

भारतीय टीम एकजुट इकाई के तौर पर प्रदर्शन कर रही है और गेंदबाजी विभाग पूरे टूर्नामेंट के दौरान निरंतर रहा है जबकि बल्लेबाजों ने अपनी भूमिका अच्छी तरह निभाई है। भारत के बल्लेबाजी क्रम के लिए सबसे सकारात्मक चीज शेफाली वर्मा का फॉर्म में लौटना रही है। इस युवा सलामी बल्लेबाज ने पिछले मैच में अर्धशतक जड़ा जो उसके आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए अहम होगा। स्मृति मंधाना ने भी टूर्नामेंट के दौरान कुछ रन बटोरे हैं। कप्तान हरमनप्रीत कौर को हल्की चोट के कारण पिछले मैच में आराम दिया गया था जिससे देखना होगा कि वह टीम के अंतिम ग्रुप मैच में वापसी करेंगी या नहीं। चोट से वापसी कर रहीं जेमिमा रोड्रिग्स के लिए टूर्नामेंट काफी अच्छा रहा है और वह शीर्ष स्कोरर बनी हुई हैं। दीप्ति शर्मा ने बल्ले और गेंद दोनों से चमक बिखेरी है। यह स्पिन आल राउंडर बांग्लादेश की रूमाना अहमद और थाईलैंड की टी पुतावोंग के साथ सबसे ज्यादा विकेट झटकने वाली गेंदबाजों में शामिल है।

## टीम

**भारतः** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, दीप्ति शर्मा, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, साबिनेनी मेघना, ऋचा घोष (विकेटकीपर), स्नेह राणा, दयालन हेमलता, मेघना सिंह, रेणुका ठाकुर, पूजा वस्त्राकर, राजेश्वरी गायकवाड़, राधा यादव और केपी नवगिरे।

**थाईलैंडः** नारूइमोल चाईवाई (कप्तान), नटाया बूचाथम, नाथाकन चांथम, सुनिदा चतुरोंगरताना, ओनिचा कामचोम्फू, सुवानान खियाओतो, नानापट कोंचारोएंकई, सुलीपोर्ण लाओमी, बंथिडा लीफाथाना, फानिता माया, नांथिटा बूनसुखम, थिपाटचा पुथावोंग, चानिडा सुथिरूआंग, अफिसारा सुवानचोनराथी और सोर्णारिण थिपोच।

**मैच भारतीय समयानुसार दोपहर एक बजे शुरू होगा।**